www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 9 फरवरी, 2024 | वर्ष-16 | अंक -305 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

दिल्ली यात्रा के बाद पटना लौटे नीतीश बोले सब... 02

■ हंगामे के बीच दिल्ली नगर निगम का 16 हजार... 03
■ केंद्र सरकार ने नया आरक्षण बिल लाकर गुर्जर...

■ अप्रैल से चलेगी पहली मानसखण्ड एक्सप्रेस... 08
■ जांच से क्यों भाग रहे अरविंद केजरीवाल : अनुराग ठाकुर

इम्प्रोवाइज्ड फिल्म पर काम करना एक कलाकार ... 10

सार संक्षेप

दस हजार 523 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम की नीलामी को मंजूरी

नई दिल्ली। सरकार ने दूरसंचार सेवाओं और कवरेज की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से विभिन्न मेगाहर्ट्ज के तहत 10523.1 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम नीलामी को आज मंजूरी दे दी, जिससे सरकार को आरक्षित मूल्य पर 96317.65 करोड़ रुपए का राजस्व मिलने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने यह जानकारी दी।

अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर हल्द्वानी में तनाव

हल्द्वानी। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की सरकारी जमीनों पर बने अवैध अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद से ही प्रदेश में ऐसे अवैध अतिक्रमणों को गिराने की कार्रवाई जारी है। इसी कड़ी में गुरुवार को हल्द्वानी के वनभूलपुरा थाना क्षेत्र के मलिका बगीचे में बने अवैध मस्जिद और मदरसे को तोड़ने की कार्रवाई की गई। इससे आक्रोशित होकर वहां के लोगों ने पुलिस टीम पर पथराव शुरू कर दिया।

12 को एनडीए का हिस्सा होंगे जयंत चौधरी: राजभर

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल होने की चर्चा के बीच सुभासपा के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि 12 फरवरी को जयंत चौधरी एनडीए के साथ आ जाएंगे। राजभर ने पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही।

मणिपुर की टीम ने आदिवासियों के लिए अलग प्रशासन मांगा

नई दिल्ली। 'जो यूनाइटेड' के बैनर तले मणिपुर के आदिवासियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्वोत्तर के मामलों को लेकर गृह मंत्रालय के सलाहकार ए.के. मिश्रा के नेतृत्व में गृह मंत्रालय के अधिकारियों के साथ नई दिल्ली में बैठक की। बैठक में आदिवासी नेताओं ने आदिवासियों के लिए एक अलग प्रशासन बनाने और मणिपुर के शेष हिस्सों में सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम (एएफएसपीए) लागू करने की मांग दोहराई।

भारत, फ्रांस में समुद्री सहयोग बढ़ाने पर सहमति

नई दिल्ली। भारत और फ्रांस की नौसेनाओं ने समुद्री क्षेत्र में सहयोग और परस्पर संचालन बढाने पर सहमति व्यक्त की है। दोनों नौसेनाओं के अधिकारियों के बीच मंगलवार और बुधवार को यहां हुई 17 वीं स्टाफ वार्ता में यह सहमति बनी।

भाजपा और कांग्रेस के बीच पेपर युद्ध शुरू हुआ

मोदी सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर लाई कांग्रेस

■ दस साल, अन्याय काल दिया गया नाम ■ सरकार की विफलताओं को बताने का प्रयास ■ विधायकों को तोड़कर कांग्रेस सरकारें गिराई गई

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच पेपर युद्ध शुरू हो गया है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन की ओर से यूपीए सरकार के कामकाज पर श्वेत पत्र के ऐलान के बाद अब कांग्रेस ने पलटवार करते हुए मोदी सरकार के कामकाज को लेकर ब्लैक पेपर जारी किया है। पार्टी की ओर से जारी इस पेपर में मोदी सरकार की 10 साल की विफलताओं को बताने का प्रयास किया गया है। पार्टी ने इस ब्लैक पेपर को 10 साल, अन्याय काल नाम दिया है। इसे जारी करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहाकि वे प्रमुख मुद्दे के तौर पर बेरोजगारी की बढ़ती समस्या को उठाते रहे हैं। लेकिन मोदी सरकार इस मुद्दे पर बातचीत करने के लिए तैयार नहीं है।

आज देश में लोकतंत्र खतरे की हालत में दिख रहा है। पिछले 10 वर्षों के दौरान भाजपा ने 411 विधायकों को अपने पाले में कर लिया : मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

जनता के बीच बताएंगे हालात

उन्होंने कहा कि आज देश में लोकतंत्र खतरे की हालत में दिख रहा है। पिछले 10 वर्षों के दौरान भाजपा ने 411 विधायकों को अपने पाले में कर लिया। विधायकों को तोड़कर कई कांग्रेस सरकारों को गिराने का काम किया है। भाजपा के लोग लोकतंत्र को नष्ट करने की कोशिश में लगे हुए हैं।

खड़गे ने कहाकि प्रधानमंत्री मोदी अपनी विफलताएं छिपाने में लगे हुए हैं मगर हम जनता के बीच उनकी विफलताओं को उजागर करेंगे। खडगे ने कहाकि आज हम केंद्र सरकार के खिलाफ ब्लैक पेपर निकाल रहे हैं क्योंकि वे हमेशा सदन में अपनी कामयाबी की बात रखते हैं और अपनी विफलताएं छिपाते हैं। जब उनकी विफलताओं पर चर्चा होती है तो वे इसको महत्व नहीं देते हैं। इस ब्लैक पेपर में कांग्रेस पार्टी का मुख्य मुद्दा बेरोजगारी है, जो देश का सबसे बड़ा मुद्दा है। हम हमेशा इस मुद्दे को उठाते रहे हैं मगर मोदी सरकार और भाजपा नेता इस मुद्दे पर बातचीत करने के लिए तैयार नहीं हैं।

राज्यों के साथ भेदभाव हो रहा

उन्होंने कहा कि केरल, कर्नाटक,तेलंगाना जैसे गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ भेदभाव किया जा रहा है।

मोदी सरकार ने भी जारी किया 'श्वेत पत्र'

■ यूपीए और मोदी सरकार की तुलना की गई
■ श्वेत पत्र' पर आज लोकसभा में होगी चर्चा

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'श्वेत पत्र' जारी कर दिया है, जिसमें यूपीए के 10 साल और नरेंद्र मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल के हर बिंदुओं की समीक्षा और तुलनात्मक प्रस्तुति दी गई है। इस 'श्वेत पत्र' के जरिए यूपीए सरकार के कार्यकाल का पूरा काला चिट्ठा खोलकर रख दिया गया है।

इस श्वेत पत्र में यूपीए सरकार के दौरान के बड़े पैमाने पर हुए भ्रष्टाचार को भी उजागर किया गया है। निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में यह 'श्वेत पत्र' पेश किया और अब इस पर शुक्रवार को चर्चा होनी है। वहीं, राज्यसभा में इस पर शनिवार को चर्चा होनी है। इस 'श्वेत पत्र' में केंद्र सरकार की तरफ से बताया गया है कि 10 साल के कार्यकाल में यूपीए ने देश की अर्थव्यवस्था को कैसे नॉन-परफॉर्मिंग बना दिया। इसमें बताया गया है कि कैसे अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए द्वारा एक मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव रखी गई और उसे यूपीए ने अपने 10 साल के कार्यकाल में कैसे निचले स्तर पर ला दिया। इसमें बताया गया है कि एनडीए की रखी मजबूत अर्थव्यवस्था की नींव को कैसे यूपीए के कार्यकाल में कमजोर किया गया। इसमें यह भी दिखाया गया है कि वर्ष 2009 से लेकर 2014 के बीच मुद्रास्फीति कैसे बढ़ गई और आम आदमी को इसका खामियाजा कैसे भुगतना पड़ा। 2009 से लेकर 2014 के बीच राजकोषीय घाटा भी अपने उच्च सीमा पर पहुंच गया था। 2010 और 2014 के बीच औसत वार्षिक मुद्रास्फीति की दर दोहरे अंक में पहुंच गई थी।

केंद्र के खिलाफ सड़क पर उतरी केरल सरकार

■ मुख्यमंत्री विजयन के नेतृत्व में जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन
■ विजयन ने कहा केंद्र के भेदभाव से राज्य में आर्थिक तंगी आई

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन की अगुवाई में सत्तारूढ एलडीएफ वित्तीय मामलों में राज्यों के प्रति केंद्र सरकार की कथित उपेक्षा के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी में विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री, एलडीएफ सांसद,विधायक और सीपीआई महासचिव डी राजा और सीपीएम महासचिव सीताराम येचुरी सहित वाममोर्चा के वरिष्ठ नेताओं ने कडाके की ढंठ का सामना करते हुए नई दिल्ली के केरल हाऊस से जंतर-मंतर तक मार्च किया। वाममोर्चा के नेताओं ने केंद्र और उसकी आर्थिक नीतियों के खिलाफ बैनर तख्तियां के साथ प्रदर्शन किया। इस मौके पर विजयन ने कहाकि 8 फरवरी 2024 भारत गणराज्य के इतिहास में रेड लेटर डे (लाल फीताशाही) के रूप में जाना जाएगा।

अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए

विजयन ने कहा कि केरल के खिलाफ केंद्र के भेदभाव से राज्य में आर्थिक तंगी आ गई है। इसी कारण लोग प्रदर्शन करने को मजबूर हुए हैं। इस मार्च में वामदलों के अलावा नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूख अब्दुल्ला,दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए।

गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन का हिस्सा ढहने से व्यक्ति की मौत

■ दुर्घटना के बाद दो अधिकारियों को किया गया निलंबित
■ मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपए अनुग्रह राशि की घोषणा

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में पिंक लाइन पर गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन का एक हिस्सा गुरुवार को ढह गया, जिससे 53 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने मृतक के परिजनों के लिए 25 लाख रुपए, गंभरी घालय को पांच लाख और मामूली घायल को एक लाख की अनुग्रह राशि की घोषणा की है। इस घटना में स्टेशन के प्लेटफॉर्म की दीवार का एक हिस्सा सडक़ पर गिर गया और इस दौरान व्यक्ति अपने स्कूटर पर सवार था। पुलिस ने मृतक की पहचान पास के करावल नगर इलाके की शहीद भगत सिंह कॉलोनी के रहने वाले विनोद कुमार के रूप में की है। इस दुर्घटना के बाद दो अधिकारियों को भी निलंबित कर दिया गया है। बयान में कहा गया कि डीएमआरसी के दो अधिकारियों यानी एक प्रबंधक और सिविल विभाग के एक कनिष्ठ अभियंता को तत्काल रूप से निलंबित कर दिया गया है। इसमें कहा गया है कि डीएमआरसी इस घटना की वजह बनी परिस्थितियों की जांच करेगी ताकि भविष्य में ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकें।

पुलिस के मुताबिक, घटना में चार और लोग घायल हुए हैं जिनका दिलशाद गार्डन के जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। मलबे की चपेट में दो मोटर साइकिलें और दो स्कूटर क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना अपराह्न 11 बजे हुई जब प्लेटफॉर्म की दीवार का पूर्वी तरफ का एक हिस्सा नीचे सडक़ पर गिर गया।

फिर आमने-सामने हुए सरकार, किसान

किसान 7 घंटे तक लिंक रोड पर बैठे रहे

■ दिल्ली से 2 किमी पहले ही रोक दिए गए
■ मांगों पर कमेटी बनाने का मिला आश्वासन

नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। अपनी मांगों को लेकर तीन संगठनों के किसानों ने नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस वे और लिंक रोड को ही अपना अखाड़ा बना दिया। बुधवार रात से ही नोएडा दिल्ली को जोड़ने वाले सभी बार्डर को रात में ही बेरिकेडिंग कर ब्लॉक कर दिया गया। किसानों ने यहां प्रदर्शन किया। लेकिन वो दिल्ली नहीं जा सके। महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-18 फ्लाईओवर तक तीन बार पुलिस प्रशासन ने वार्ता की। चिल्ला बार्डर से करीब तीन किमी पहले ही उनको रोक लिया गया। इस दौरान एक हाईलेवल कमिटी बनाने और पुलिस कमिश्नर के आश्वासन के बाद किसानों ने प्रशासन को सात दिन का समय दिया और धरना समाप्त किया। हालांकि किसान नोएडा प्राधिकरण और एनटीपीसी सेक्टर-24 पर बैठे रहेंगे। सुबह करीब 10 बजे ग्रेटरनोएडा से चले किसानों को वहीं रोक दिया गया। बादलरपुर गांव के किसानों को अरेस्ट कर अंबेडगर पार्क में भेजा गया। करीब साढ़े 12 बजे एनटीपीसी पर धरनारत किसानों को बेरीकेड कर वहीं रोक दिया गया। किसान बार बार वहां से बढ़ने का प्रयास करते रहे लेकिन आगे नहीं बढ़ सके। दोपहर करीब डेढ़ बजे ग्रेटरनोएडा की ओर से ट्रैक्टर ट्राली और नोएडा से चले किसान एक्सप्रेस वे पर पहुंच गए। वहां सेक्टर-94 कट के पास किसानों को रोक दिया गया।

81 गांवों के किसानों का प्राधिकरण से विवाद

नोएडा को 81 गांव की जमीनों पर बसाया गया है। 1997 से 2014 के बीच जमीनें अधिग्रहित हुईं। इस दौरान 16 गांव के किसानों को मुआवजा और 5 प्रतिशत विकसित प्लॉट दिए गए। बाकी गांव के किसान हाईकोर्ट चले गए। उन्होंने मुआवजा और विकसित प्लॉट देने की प्रक्रिया को चुनौती दी।

मोदी जन्म से नहीं हैं ओबीसी : राहुल

■ पिछड़ों के हितों के काम नहीं कर सकते मोदी
■ जातिगत गिनती कांग्रेस ही करके दिखाएगी

रायगढ़, 8 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान एक जनसभा में गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की

भारत जोड़ो न्याय यात्रा

जाति को लेकर सवाल उठाया और तीखे अंदाज में देश की जनता को बताया कि श्री मोदी ओबीसी नहीं हैं। श्री गांधी ने आज कहा कि श्री मोदी जाति से ओबीसी नहीं हैं बल्कि भाजपा की गुजरात इकाई ने उन्हें ओबीसी बनाया है इसलिए वह पिछड़ों के हितों के काम नहीं कर सकते हैं। उन्होंने एलानिया अंदाज में कहा सच सुनो। नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी नहीं हैं, उन्हें ओबीसी गुजरात की भाजपा सरकार ने बनाया है। वह कभी पिछड़ों के हक़ और हिस्सेदारी के साथ न्याय नहीं कर सकते। उन्होंने जातिगत गणना को लेकर भी मोदी सरकार की नियति पर सवाल उठाए और कहा, नरेंद्र मोदी जातिगत गिनती नहीं करने वाले। जातिगत गिनती कांग्रेस ही करके दिखाएगी।

घुसपैठ रोकने के लिए गृह मंत्री शाह का फैसला

भारत-म्यांमार के बीच सीमा सील की गई

खुली आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने का लिया निर्णय

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। गृह मंत्रालय ने देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने और म्यांमार सीमा से लगे देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में जनसांख्यिकीय संरचना को कायम रखने के उद्देश्य से म्यांमार के साथ खुली आवागमन व्यवस्था को समाप्त करने का फैसला किया है। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यहां सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर यह जानकारी दी। उन्होंने इस पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प देश की सीमाओं को सुरक्षित करना है। उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा को सुनिश्चित करने और म्यांमार सीमा से लगे भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में जनसांख्यिकीय संरचना को कायम रखने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय ने म्यांमार के साथ मुक्त आवागमन व्यवस्था को खत्म करने का फैसला किया। श्री शाह ने कहा कि गृह मंत्रालय ने इस व्यवस्था को तत्काल रद्द करने की सिफारिश की है और विदेश मंत्रालय इस व्यवस्था को खत्म करने की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।

पाकिस्तान चुनाव-138 सीटों के रुझान

इमरान समर्थक 80 पर आगे

इस्लामाबाद, 8 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान में नेशनल असेंबली और प्रांतीय चुनाव के लिए वोटिंग खत्म होने के बाद काउंटिंग जारी है। मतदान सुबह 8:30 बजे शुरू हुआ और शाम 5:30 बजे तक चला। वोटिंग की गिनती के बीच रुझान भी आने लगे हैं। हालांकि आधिकारिक नतीजे शुक्रवार यानी 9 फरवरी तक ही आने की उम्मीद है। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हो रहा है। बाकी सीटें रिजर्व हैं। वोटिंग के दौरान मुल्क में कई घंटे तक मोबाइल और इंटरनेट सर्विस करीब-करीब बंद रहीं। इस बीच, न्यूज चैनलों ने अपनी वेबसाइट्स से इलेक्शन रिजल्ट टैली हटा ली हैं। इससे पहले मतदान के दौरान इमरान खान की पार्टी पीटीआई का भी रिएक्शन आया। पीटीआई ने सोशल मीडिया पर कहा- फासिस्ट सरकार ने लोगों को मतदान से रोकने के लिए हर हथकंडा अपनाया, इसके बावजूद अवाम ने हौसले और साहस से भारी वोटिंग की।

अर्थव्यवस्था *ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाए आम लोगों को निराशा*

आरबीआई ने रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर रखा बरकरार

मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी एवं महंगाई पर कड़ी नजर रखते हुए लगातार छठी बार नीतिगत दर को यथावत रखने का गुरुवार को फैसला किया, जिससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये आम लोगों को निराशा हाथ लगी है क्योंकि फिलहाल उनके घर, कार और अन्य ऋणों पर ब्याज दरें कम नहीं होंगी।

मई 2022 से 250 आधार अंकों तक लगातार छह बार दर वृद्धि के बाद अप्रैल 2023 में दर वृद्धि चक्र को रोक दिया गया था और यह अभी भी इसी स्तर पर है।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मौद्रिक नीति को यथावत बनाए रखने का फैसला किया है। इसके मद्देनजर रेपो दर के साथ ही सभी प्रमुख नीतिगत दरें यथावत हैं और समायोजन के

■ लगातार छठी बार नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला

रुख को वापस लेने का निर्णय लिया गया है। श्री दास ने यह घोषणा करते हुए कहा कि फिलहाल नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं की जा रही है लेकिन दरों को यथावत बनाये रखने के बीच समिति ने समायोजन वाले रुख से पीछे हटने का निर्णय लिया गया है। समिति के इस निर्णय के बाद फिलहाल नीतिगत दरों में बढ़ोतरी नहीं होगी। रेपो दर 6.5 प्रतिशत, स्टैंडर्ड जमा सुविधा दर (एसडीएफआर) 6.25 प्रतिशत, मार्जिनल स्टैंडिंग सुविधा दर (एमएसएफआर) 6.75 प्रतिशत, बैंक दर 6.75 प्रतिशत, फिक्स्ड रिजर्व रेपो दर 3.35 प्रतिशत, नकद आरक्षित अनुपात 4.50 प्रतिशत, वैधानिक तरलता अनुपात 18 प्रतिशत पर यथावत है।

कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव पड़ रहा

श्री दास ने कहा कि वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में शिथिलता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था और वित्तीय क्षेत्र सशक्त और मजबूत बना हुआ। भू-राजनीतिक तनाव से आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो रही है और जिंसों खासकर कच्चे तेल की कीमतों पर दबाव पड़ रहा है।

देश

उवाच

बिहार में फिलहाल एनडीए की सरकार है और पूरी ईमानदारी के साथ हमलोग एनडीए की सरकार चलाएंगे लेकिन हमारा जो संकल्प है उसे आगे भी जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी मंडल और कमंडल दोनों को साथ लेकर चलती है और बिहार में एक दिन बीजेपी की सरकार बनेगी: **सम्राट चौधरी, भाजपा नेता**

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	22.2	08.2
मुंबई	31.1	19.2
कोलकाता	25.3	15.9
चेन्नई	32.3	21.4

महाराष्ट्र कांग्रेस को झटका, पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी ने दिया पार्टी से इस्तीफा

मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। महाराष्ट्र कांग्रेस को झटका देते हुए

■ सिद्दीकी लगभग 48 साल तक पार्टी के वफादार रहे

वरिष्ठ नेता और बांद्रा के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी ने गुरुवार को तत्काल प्रभाव से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता छोड़ दी। सिद्दीकी लगभग 48 साल तक पार्टी के वफादार रहे। उन्होंने एक्स पद पर अपने इस्तीफे की घोषणा की। सिद्दीकी ने कहा, 'मैं एक युवा किशोर के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ था और यह 48 वर्षों तक चलने वाली एक महत्वपूर्ण यात्रा रही है... ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिन्हें मैं कहना चाहता हूं लेकिन जैसा कि कहा जाता है, कुछ चीजें अनकही रहना ही बेहतर है।' हालांकि उन्होंने अपने भविष्य की योजनाओं का संकेत नहीं दिया है, लेकिन राजनीतिक हलकों में ऐसी अटकलें हैं कि वह डिप्टी सीएम अजीत पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में शामिल हो सकते हैं। सिद्दीकी 1992 और 1997 में दो बार बीएमसी नगर निगम पार्षद चुने गए, और 1999, 2004 और 2009 में तीन बार बांद्रा पश्चिम विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे, साथ ही म्हाडा के अध्यक्ष (2000-2004) के रूप में भी काम किया। उनके 34 वर्षीय बेटे जीशान सिद्दीकी बांद्रा पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से अभी कांग्रेस विधायक हैं, और मुंबई युवा कांग्रेस के नेता भी हैं।

'मैं एक युवा किशोर के रूप में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में शामिल हुआ था और यह 48 वर्षों तक चलने वाली एक महत्वपूर्ण यात्रा रही है... ऐसी बहुत सी चीजें हैं जिन्हें मैं कहना चाहता हूं लेकिन जैसा कि कहा जाता है, कुछ चीजें अनकही रहना ही बेहतर है:-बाबा जियाउद्दीन सिद्दीकी

कांग्रेस के पूर्व महाधिवक्ता भाजपा में शामिल

भोपाल। मध्य प्रदेश में कांग्रेस को लगातार झटके लग रहे हैं। गुरुवार को कांग्रेस को महाकौशल इलाके में एक और झटका लगा, जहां से नाता रखने वाले पूर्व महाधिवक्ता शशांक शेखर सिंह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने मध्य प्रदेश के पूर्व महाधिवक्ता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशांक शेखर को पार्टी की सदस्यता दिलाई और उनका अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले महाकौशल इलाके में कांग्रेस को एक और बड़ा झटका लगा था, जब जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू सहित कई पार्षदों और कई जिला पंचायत के पदाधिकारी ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी।

दिल्ली यात्रा के बाद पटना लौटे नीतीश बोले सब ठीक है, हम कहीं और जाने वाले नहीं

पटना, 8 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली यात्रा के बाद पटना लौटे नीतीश कुमार ने आज फिर उन्हीं बातों को दुहराया जो बुधवार को वे दिल्ली में कह रहे थे। नीतीश कुमार ने पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बात करते हुए कहा-आप लोग चिंता मत कीजिये, सब ठीक है। हमारी सब लोगों से बात हो गयी है। अब हम कहीं और जाने वाले नहीं। बता दें कि नीतीश कुमार बुधवार को पटना से दिल्ली रवाना हुए थे। वहां उनकी मुलाकात सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई। उसके बाद बिहार के मुख्यमंत्री ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात की थी। नीतीश कुमार गुरूवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी से भी मिले थे और भारत रत्न मिलने पर बधाई दिया था।

पटना में पत्रकारों से बात करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि हम दिल्ली जिस काम के लिए गये थे, वह सब काम हो गया है। प्रधानमंत्री से मुलाकात हो गयी, उनकी पार्टी के लोगों से भी बात हो गयी है। हम पहले जहां थे सब दिन अब वहीं रहेंगे। कुछ दिन के लिए इधर उधर हुए थे लेकिन अब फिर चले आये हैं।अब परमानेंट यहीं रहेंगे। सारे लोगों से बहुत अच्छी बात हुई है. आपलोग चिंता मत करिये

पत्रकारों ने सवाल पूछा कि क्या बिहार को विशेष दर्जा या पैकेज के लिए प्रधानमंत्री या गृह मंत्री से बात हुई है। नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार के विकास की चिंता मत करिये। हमारी सबसे से बात हो चुकी है। बिहार का विकास तो हमलोग 2005 से कर ही रहे हैं। नीतीश कुमार ने कहा कि उन्होंने अपनी पार्टी के सारे साथियों से भी बात कर ली है। अब कहीं कोई गड़बड़ी नहीं है।

जदयू विधायकों को दिया जा रहा प्रलोभन : श्रवण कुमार

पटना। बिहार के मंत्री और नीतीश कुमार के बेहद करीबी माने जाने वाले नेता श्रवण कुमार ने गुरुवार को दावा किया कि जदयू विधायकों को प्रलोभन दिया जा रहा है। उन्हें पाला बदलने के लिए कहा जा रहा है। श्रवण कुमार ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए विरोधियों पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि अब उनके पास कुछ बचा ही नहीं है। कुछ लोग हमारे विधायकों के पास ठेकेदार भेज रहे हैं और प्रलोभन दे रहे हैं। लेकिन, इसका उन्हें कोई फायदा होने वाला नहीं है। हमारे विधायक सभी मामले की जानकारी हम लोगों को दे रहे हैं। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हमारा तो कुछ नहीं होगा, लेकिन उनका भविष्य खराब ही होने वाला है।

संसद से

केन्द्र सरकार तमिलनाडु की समस्याओं पर उदासीनः बालू

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के टी आर बालू ने केन्द्र सरकार पर तमिलनाडु की समस्याओं के प्रति उदासीन होने का आज आरोप लगाया। श्री बालू ने गुरुवार को लोकसभा में शून्य काल के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य केन्द्रीय मंत्रियों से मिलने के बावजूद वहां की समस्याओं को दूर करने की दिशा में कोई ठोस कदम केन्द्र सरकार की ओर से उठाये नहीं जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के डॉ कृष्ण पाल सिंह यादव ने गुना क्षेत्र में रेल लाइन बिछाने की मांग की। उन्होंने कहा कि रेल सेवा मजबूत होने से क्षेत्र में पर्यटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। वहां की चन्देरी साड़ी बहुत मशहूर है, क्षेत्र में आवागमन के बेहतर व्यवस्था होने से इसे बढ़ावा मिलेगा।

ओडिशा, आंध्र प्रदेश के समुदायों को एसटी का दर्जा देने के लिए विधेयक लोकसभा में पेश

नई दिल्ली। ओडिशा में कुछ जनजातियों को अनुसूचित जाति (एससी) की श्रेणी से हटा कर अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने तथा आंध्र प्रदेश की तीन जनजातियों को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने संबंधी संविधान (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 तथा संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पर लोकसभा में गुरुवार को चर्चा शुरू हो गयी। केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री भारती प्रवीण पवार ने सदन में ये दोनों विधेयक पेश किये। ये दोनों विधेयक राज्यसभा से पहले ही पारित हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश में जनजातीय विकास के लिए कई योजनाएं दस वर्षों में चल रहीं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बदलते एवं विकसित होते भारत में जनजातीय समुदायों के विकास के लिए विशेष रूप में काम किया जा रहा।

संविधान (अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 पारित

नई दिल्ली। लोकसभा ने संविधान (अनुसूचित जातियां एवं अनुसूचित जनजातियां) आदेश (संशोधन) विधेयक 2024 को गुरुवार को ध्वनि मत से पारित कर दिया। जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री भारतीय प्रवीण पवार ने विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक आंध्र प्रदेश तथा ओडिशा की उन जातियों के लिए महत्वपूर्ण होगा जिन्हें आज तक न्याय नहीं मिला। उनका कहना था कि उन्हें न्याय दिलाने के लिए यह संशोधन विधेयक लाया गया है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 साल से देश में जनजातियों का विकास हो रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बदलता हुआ भारत दिख रहा है। डॉ. भारती ने कहा कि इन दोनों विधेयकों के पारित होने से चार ओडिशा में और तीन आंध्र प्रदेश में जनजातियों को लाभ मिलेगा। ये समुदाय इतने वर्षों बाद भी अपनी पहचान नहीं बना पाये थे।

भारत ब्रांड के खाद्य पदार्थों की बिक्री से महंगाई में आयी है कमीः सीतारमण

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि सरकारी पूंजी निवेश से न सिर्फ अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है बल्कि रोजगार भी सृजित हो रहा है और भारत ब्रांड के तहत खाद्य पदार्थों की बिक्री किये जाने से महंगाई को नियंत्रित करने में मदद मिली है। वित्त मंत्री ने विनियोग लेखानुदान विधेयक 2024, विनियोग विधेयक 2024, जम्मू-कश्मीर विनियोग संख्याक 2 विधेयक 2024 और जम्मू कश्मीर विनियोग विधेयक 2024 तथा वित्त विधेयक 2024 पर एक साथ हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि सरकारी पूंजी निवेश में बढ़ोतरी की गयी है। किसी भी बड़ी परियोजना की राशि में कमी नहीं की गयी है बल्कि हर योजना में वृद्धि की गयी है। राज्यसभा ने इन विधेयकों को एक एक कर ध्वनिमत से पारित करके लोकसभा को लौटा दिया। इससे पहले वित्त मंत्री ने कहा कि आवास, जनजाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास जैसे विभागों के आवंटन में कमी नहीं बल्कि बढ़ोतरी की गयी है। पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम आवास ग्रामीण और शहरी के लिए आवंटन में वृद्धि की गयी है। उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत अब तीन करोड़ महिलाओं को लाने की बात कही गयी है और इससे उन स्व सहायता समूहों को बहुत बल मिल रहा है जो अपने उत्पाद बनाकर बेच रहे हैं।

सार संक्षेप

तिरुवनंतपुरम से पहली 'आस्था' अयोध्या स्पेशल ट्रेन शुक्रवार से चलेगी

तिरुवनंतपुरम। केरल से पहली 'आस्था' अयोध्या विशेष ट्रेन को शुक्रवार सुबह 10 बजे कोचुवेली रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई जाएगी। पिछले महीने हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद देश के विभिन्न हिस्सों से भक्तों को अयोध्या लाने के लिए भारतीय रेलवे 'आस्था विशेष ट्रेनें' चला रहा है। विशेष अयोध्या ट्रेन में यात्रा करने के लिए विभिन्न सामाजिक समूहों से जुड़े लोग शामिल हैं। राज्य भाजपा अध्यक्ष के. सुरेंद्रन, जो आगामी लोकसभा चुनावों से पहले राज्यव्यापी यात्रा पर हैं, कोझायम रेलवे स्टेशन पर ट्रेन का स्वागत करेंगे।

ईडी ने हेमंत सोरेन केस में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू को भेजा समन

रांची। ईडी ने झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू को समन भेजा है। एजेंसी हेमंत सोरेन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में उनका बयान दर्ज करेगी। धरीज साहू के आवास पर बीते दिसंबर में आयकर की अब तक की सबसे बड़ी छापेमारी हुई थी। इस छापेमारी में उनके ओडिशा स्थित ठिकानों से 351 करोड़ से भी ज्यादा की नगद रकम बरामद की गई थी। बताया जा रहा है कि ईडी को हेमंत सोरेन से धीरज साहू के संबंधों के कुछ सबूत हाथ लगे हैं। बीते 29 जनवरी को दिल्ली में शांतिनिकेतन स्थित सोरेन के आवास से जो बीएमडब्ल्यू कार बरामद की गई थी, उसका संबंध धीरज साहू से होने का संदेह है। बुधवार को ईडी ने हरियाणा के गुरुग्राम के करदारपुर गांव में उस परिसर पर छापा मारा, जिसके पते पर यह हरियाणा नंबर प्लेट वाली कार रजिस्टर्ड थी।

हरदा विस्फोट कांड की न्यायिक जांच की मांग, सदन में कांग्रेस का हंगामा और वॉकआउट

भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों ने हरदा में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की न्यायिक जांच की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। कांग्रेस विधायकों की जब मांग नहीं मानी गई तो उन्होंने विधानसभा से वॉक आउट कर दिया। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन कांग्रेस विधायकों ने हरदा की पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट का मामला उठाया और मामले की न्यायिक जांच करने की मांग की। जब सरकार की ओर से न्यायिक जांच कराने का आश्वासन नहीं मिला तो कांग्रेस विधायक हंगामा करते हुए सदन से बाहर आ गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विस्फोट मामले की जांच कराई जा रही है, जो दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सदन के बाहर संवाददाताओं से चर्चा करते हुए कहा है कि हरदा में जो हुआ है, वह चिंताजनक है।

नई सरकार को कर्ज में डूबा राज्य मिलाः तेलंगाना राज्यपाल

हैदराबाद, 8 फरवरी (एजेंसियां)। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार का कहना है कि उसे कर्ज में डूबा राज्य विरासत में मिला है। राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने बजट सत्र के पहले दिन विधानसभा और परिषद की पहली संयुक्त बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'तेलंगाना के लोगों ने पिछली सरकार को एक समृद्ध राज्य सौंपा था और दस साल बाद, उन्होंने हमें कर्ज में डूबा राज्य सौंपा है।' पिछली बीआरएस सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा, 'नई विधानसभा के पहले सत्र के दौरान जारी वित्त पर श्वेत पत्र ने पिछली सरकार के सार्वजनिक वित्त प्रबंधन के अक्षम और लापरवाह तरीके को उजागर कर दिया।' लोगों पर बोझ डाले बिना राज्य की वित्तीय स्थिति में सुधार करना चुनौती है। पुनर्निर्माण प्रक्रिया उन संस्थानों तक फैली हुई है जिन्हें पिछले दशक में नुकसान हुआ है। हम विधायिका और कार्यपालिका के मूल मूल्यों को बहाल करने, पारदर्शिता, पहुंच और संवैधानिक सिद्धांतों का पालन सुनिश्चित करने की वादा करते हैं। उन्होंने कहा कि हालिया चुनाव एक निर्णायक क्षण, परिवर्तन और समान प्रगति के लिए एक सामूहिक आह्वान है। संदेश स्पष्ट और गूंजने वाला था कि तेलंगाना के लोग स्वतंत्रता, लोकतंत्र और शासन के लिए तरस रहे थे जो उनकी आकांक्षाओं को दर्शाता था। मैं लोगों के सामूहिक ज्ञान की सराहना करता हूं, जिनका फैसला नागरिक अधिकारों और लोकतांत्रिक शासन के लिए आधारशिला बन गया।' ज्योतिबा फुले प्रजा भवन अब जनता के लिए खुला है और वे अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

टीएमसी की दार्जिलिंग रणनीति

सहयोगी बीजीपीएम की तय करेगा पार्टी का उम्मीदवार

कोलकाता, 8 फरवरी (एजेंसियां)। इस बार दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र में जीत हासिल करने के लिए बेताब तृणमूल कांग्रेस अपने सहयोगी भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (बीजीपीएम) के साथ एक समझौता फॉर्मूले पर काम कर रही है। यह निर्णय लिया गया है कि दार्जिलिंग से गठबंधन उम्मीदवार जो बीजीपीएम नेतृत्व द्वारा चुना गया स्थानीय चेहरा होगा, वह तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ेगा। बीजीपीएम के एक अंदरूनी सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर कहा, 'हमारा आदमी पहाड़ियों से चुनाव लड़ेगा लेकिन आधिकारिक तौर पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में। राज्य में सत्तारूढ़ दल का नेतृत्व कमोबेश इस फॉर्मूले से सहमत है।' राजनीतिक पर्यवेक्षकों का कहना है कि समझौता दार्जिलिंग, कर्सियांग और कलिम्पोंग में 'पहाड़ियों के पुत्र' की भावना के हालिया पुनरुत्थान से प्रेरित है, जहां लोग पहाड़ियों से जुड़े एक लोकसभा सदस्य की मांग कर रहे हैं। शहर स्थित एक राजनीतिक पर्यवेक्षक ने कहा, 'बीजीपीएम की संगठनात्मक ताकत और जनता का समर्थन बहुत अधिक है। इसे देखते हुए यह समझौता तृणमूल कांग्रेस के लिए अधिक तार्किक है।' वास्तव में, 'पहाड़ियों के बेटे' की भावना को ध्यान में रखते हुए, कांग्रेस पहले से ही तृणमूल कांग्रेस छोड़कर आए बिनय तमांग को आगे करने की तैयारी कर रही है।

दार्जिलिंग से गठबंधन उम्मीदवार जो बीजीपीएम नेतृत्व द्वारा चुना गया स्थानीय चेहरा होगा

मप्र भाजपा में उम्मीदवारी के लिए मंथन, शिवराज के नाम की चर्चा

भोपाल, 8 फरवरी (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां तेज कर दी है और उम्मीदवारों को लेकर मंथन जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को भी चुनाव लड़ाने के लिए सुझाव दिए जा रहे हैं। राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से भाजपा का 28 सीटों पर कब्जा है। राज्य की सिर्फ छिंदवाड़ा लोकसभा सीट ही ऐसी है, जिस पर कांग्रेस का कब्जा है, यहां से पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र नकुल नाथ सांसद हैं। भाजपा आगामी चुनाव में इस सीट पर भी जीत दर्ज कर सभी 29 सीटें अपनी झोली में लाना चाहती है। भाजपा चुनाव के लिए प्रदेश प्रभारी और सह प्रभारी के अलावा सात क्लस्टर प्रभारी की नियुक्ति कर चुकी है। भाजपा ने पहले चरण में छह संसदीय सीटों के प्रत्याशियों पर जोर देना शुरू किया है, यह सीटें हैं जबलपुर, सीधी, दमोह, छिंदवाड़ा, मुरैना और होशंगाबाद। छिंदवाड़ा के अलावा पांच वे स्थान हैं, जहां के सांसद विधायक बन चुके हैं। छिंदवाड़ा से किसे उम्मीदवार बनाया जाए, इस पर सबसे ज्यादा जोर है और कई नेताओं ने तो यहां से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को चुनाव लड़ने का सुझाव दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने बिना अनुमति दूसरी शादी करने पर कांस्टेबल को सेवा से हटाने को सही ठहराया

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार से पूर्व अनुमति लिए बिना दूसरी शादी करने पर छत्तीसगढ़ पुलिस के एक कांस्टेबल को सेवा से हटाये जाने को सही ठहराया है। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने याचिकाकर्ता द्वारा दायर अपील को खारिज करते हुए छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ के जनवरी 2020 के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि सिविल सेवा आचरण नियमों की धारा 22 के पैरा 1 और 2 का उल्लंघन करने के लिए याचिकाकर्ता - मेहतरू बदधाई - को सेवा से हटाने की सजा दी गई है। उक्त प्रावधान में कहा गया है कि 'कोई भी सरकारी कर्मचारी जिसकी पत्नी जीवित है, सरकार की अनुमति प्राप्त किए बिना दूसरी शादी नहीं करेगा, भले ही उस पर लागू होने वाले व्यक्तिगत कानून के तहत इस तरह की शादी की अनुमति हो।' याचिकाकर्ता - जिसे छत्तीसगढ़ पुलिस में कांस्टेबल के रूप में नियुक्त किया गया था - ने अपने सेवा रिकॉर्ड में नामांकित व्यक्ति के रूप में दूसरी पत्नी और नाबालिग बच्चे का नाम जोड़ने के लिए एक आवेदन प्रस्तुत किया था। अपने आवेदन में उन्होंने बताया कि उनकी पहली शादी वर्ष 2005 में हुई थी, लेकिन लंबे वैवाहिक जीवन के बाद भी जब उनकी पहली पत्नी गर्भवती नहीं हुई तो उन्होंने दूसरी शादी करने के लिए उन्हें अपनी सहमति दे दी। उक्त सहमति के कारण, उन्होंने दूसरी शादी की और उन्हें एक बेटी का आशीर्वाद मिला। जांच रिपोर्ट के साथ-साथ कर्मचारी द्वारा दिए गए बयान पर विचार करने के बाद, अनुशासनात्मक प्राधिकारी ने याचिकाकर्ता को सेवा से हटाने का आदेश पारित किया और अपीलीय प्राधिकारी ने उस आदेश की पुष्टि की है। उसकी दया याचिका भी सक्षम प्राधिकारी ने खारिज कर दी थी।

ईडी ने जेल में बंद तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी के आवास पर फिर से तलाशी ली

चेन्नई, 8 फरवरी (एजेंसिया)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने गुरुवार को तमिलनाडु के बिना पोर्टफोलियो वाले मंत्री सेंथिल बालाजी के आवास पर छापेमारी की। छापेमारी फिलहाल सेंथिल बालाजी के करूर स्थित पारिवारिक आवास पर की जा रही है, जहां उनके माता-पिता रहते हैं। 14 जून को मंत्री की गिरफ्तारी से एक दिन पहले 13 जून, 2023 को पहली छापेमारी के बाद बालाजी के पारिवारिक आवास पर यह दूसरी छापेमारी है। 14 जून, 2023 को करूर के पास रामेश ?वरपट्टी में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार होने के बाद बालाजी इस समय चेन्नई के पुझल सेंट्रल जेल में बंद हैं। ईडी के पांच अधिकारियों की एक टीम ने कथित तौर पर सेंथिल बालाजी के भाई अशोक कुमार के ठिकाने के बारे में पूछताछ की है, जो सात महीने से अधिक समय से फरार हैं। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, ईडी अधिकारियों ने किसी भी बाहरी व्यक्ति को आवास में प्रवेश की अनुमति नहीं दी है। स्थानीय पुलिस को भी इसकी जानकारी नहीं है और ईडी अधिकारियों ने जिला पुलिस अधिकारियों से सुरक्षा नहीं मांगी है।

रिपोर्ट *वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की जारी की नई रिपोर्ट*

भारत में लगभग पांच में से दो वेब यूजरों को साइबर हमले का सामना करना पड़ा

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारत में लगभग पांच में से दो वेब यूजरों को 2023 में इंटरनेट से पैदा हुए साइबर हमले का सामना करना पड़ा। गुरुवार को एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई। वैश्विक साइबर सुरक्षा कंपनी कैस्परस्की के अनुसार, देश में कुल 6,25,74,546 इंटरनेट-जनित साइबर खतरों का पता लगाया गया और उन्हें ब्लॉक किया गया।

कैस्परस्की में दक्षिण एशिया के महाप्रबंधक जयदीप सिंह ने कहा, 'जैसा कि दुनिया एआई और अन्य अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों की ओर बढ़ रही है, हम उम्मीद करते हैं कि धोखाधड़ी और घोटाले के परिदृश्य और अधिक जटिल हो जाएंगे और उनका पता लगाना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। इस प्रकार, हम भारतीय उपयोगकर्ताओं से इन वेब हमलों से खुद को बचाने के लिए अपने उपकरणों पर सुरक्षा समाधान स्थापित करने का आग्रह करते हैं।' रिपोर्ट से यह भी पता चला कि ब्राउज़र और सोशल इंजीनियरिंग के माध्यम से साइबर हमले वेब संक्रमण के सबसे प्रचलित तरीके हैं। साइबर अपराधी अक्सर यूजर सिस्टम में घुसपैठ करने के लिए ब्राउज़र और उनके प्लगइन्स में कमजोरियों का फायदा उठाते हैं। यूजरों पर आमतौर पर तब हमला किया जाता है जब वे किसी संक्रमित वेबसाइट पर जाते हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि यह यूजर की जानकारी या कार्रवाई के बिना होता है, और इसके परिणामस्वरूप हानिकारक फ़ाइल-रहित मैलवेयर डाउनलोड हो सकता है। भारत और दुनिया भर में यूजरों को धोखा देने के लिए एक और लोकप्रिय वेब खतरा 'सोशल इंजीनियरिंग' है। सोशल इंजीनियरिंग में, यूजर को एक दुर्भावनापूर्ण फ़ाइल डाउनलोड करने और अपराधी को सिस्टम का नियंत्रण देने के लिए साइबर अपराधी द्वारा हेरफेर किया जाता है। साइबर अपराधी अक्सर अपने पीड़ितों को ऐसा प्रतीत कराकर धोखा देते हैं कि वे एक वैध एप्लिकेशन या प्रोग्राम डाउनलोड कर रहे हैं। एक बार जब यूजर प्रोग्राम डाउनलोड कर लेता है, तो वे पीड़ित के डिवाइस को नियंत्रित करते हैं और दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए इसका उपयोग करते हैं।

- **देश में कुल 6,25,74,546 इंटरनेट-जनित साइबर खतरों का पता लगाया गया**
- **अगली पीढ़ी की प्रौद्योगिकियों की ओर बढ़ रही है, धोखाधड़ी और घोटाले के परिदृश्य और अधिक जटिल हो जाएंगे**

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

टीचर - इतने दिन कहां थे, स्कूल क्यों नहीं आए?
भोलू- मैम, मुझे बर्ड फ्लू हो गया था।
टीचर- पर ये तो पक्षियों को होता है इंसानों को नहीं।
भोलू- आपने इंसान समझा ही कहां।
रोज तो मुर्गा बनाती हो..

हंगामे के बीच दिल्ली नगर निगम का 16 हजार करोड़ का बजट पास

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली निगम के सदन की बैठक में भारी हंगामे के बीच गुरुवार को वर्ष 2023-24 के संशोधित बजट अनुमान व वर्ष 2024-25 के बजट अनुमान को पास कर दिया गया। निगम के नेता सदन मुकेश गोयल ने पेश बजट में कमिश्नर के ज्यादातर प्रस्तावों पर मोहर लगाई।

मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने बजट को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि निगम में पहली बार ऐसा बजट पेश किया है जिसका फायदा दिल्ली के लोगों के साथ नगर निगम के कर्मचारियों को भी होगा। शैली ओबराय ने कहा कि 16 हजार करोड़ का बजट पास किया गया है। निगम के कमिश्नर ने जो इनकम और खर्च बताया था उसके अनुसार बजट पास किया गया है, उसमें कोई भी बदलाव नहीं किया गया है। वहीं मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा ने बजट पास करने के तरीके को असंवैधानिक बताते हुए दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपकर इस पर कार्रवाई करने की मांग की।

निगम में पहली बार ऐसा बजट पेश किया है जिसका फायदा दिल्ली के लोगों के साथ नगर निगम के कर्मचारियों को भी होगा। शैली ओबराय ने कहा कि 16 हजार करोड़ का बजट पास किया गया है। निगम के कमिश्नर ने जो इनकम और खर्च बताया था उसके अनुसार बजट पास किया गया है: डॉ. शैली ओबेरॉय, मेयर

मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि यह बजट सत्र तीन दिन तक चला और हमेशा की तरह बीजेपी ने आज भी सदन को चलने नहीं दिया। बजट पर चर्चा नहीं होने दी। हमने हंगामे के बीच ही आज हमने बजट को पास किया। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई 10 गारंटी को पूरा करने का हमने जनता से वादा किया है। हमने जो गारंटी व्यापारियों, कर्मचारियों और दिल्ली की जनता को दी है, सबको पूरा करके दिखाएंगे। हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि निगम आयुक्त द्वारा पेश किए गए बजट में कोई परिवर्तन नहीं किया है। बजट में पेश किए गए आय व व्यय में कोई भी परिवर्तन नहीं किया गया है। बजट में 1000 करोड़ सड़कों की रख रखाव के लिए रखा गया है। इसके अलावा 400 करोड़ अतिरिक्त कचरे के प्रबंधन के लिए और 500 करोड़ मेयर डिस्क्रीशनरी फंड में रखा गया है। इसके अतिरिक्त 15 करोड़ का फंड गौशालाओं के संचालन के रखा गया है। हमने 311 ऐप दोबारा से रि-लॉन्च की थी। उसके बेहतर संचालन के लिए अलग से बजट रखा गया है। इस ऐप पर जनता अपनी शिकायतें सुचारू रूप से दर्ज करा पाएगी। डोर टू डोर डिलीवरी सर्विस के तहत 23 सेवाएं हम जनता को घर बैठे उपलब्ध कराएंगे, उसके लिए भी एक अलग बजट रखा गया है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए भी एक अलग बजट रखा गया है, जिसके माध्यम से सड़कों की मरम्मत भी की जाएगी। इसके अलावा मकैनिकल रोड स्वीपिंग, स्ट्रीट वेंडर्स सर्वे के लिए भी अलग से बजट रखा गया है।

हंगामे के बीच हुआ बजट पास

महापौर डॉ. शैली ओबेरॉय जैसे ही सदन में आई भाजपा पार्षदों ने कट मोशन को वापस लेने की मांग पर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान आम आदमी के पार्षदों ने महापौर के आस-पास घेरा बना लिया। वहीं भाजपा पार्षद महापौर के आसन के नज़दीक आकर नारेबाजी करने लगे। हंगामे के बीच ही नेता सदन मुकेश गोयल अपना बजट भाषण पढ़ते गए और सदन में सभी प्रस्तावों का मंजूरी दे दी गई।

भाजपा को आपत्ति थी तो कट मोशन पर वोटिंग की मांग करनी थी

नेता सदन नेता सदन मुकेश गोयल ने कहा कि पिछली 5 तारीख से हमारे सभी सदस्यों ने बजट पर अपने विचार रखे। हालांकि बजट सत्र में 6 और 7 फरवरी को भी चर्चा होनी थी लेकिन विपक्ष ने इस दौरान अपने सुझाव रखने के बजाय हंगामा किया। भाजपा की आज यह योजना थी कि बजट को पास न होने दिया जाए। लेकिन हम जानते थे कि यदि हम बजट को आज पास नहीं करेंगे तो अपने कर्मचारियों को वेतन देने में दिक्कत होगी। यदि विपक्ष के लोगों की मांगे जायज थी और उन्हें अपने पर भरोसा था तो उन्हें कट मोशन पर वोटिंग करनी चाहिए थी। लेकिन वह वोटिंग से भाग रहे थे। दरअसल विपक्ष को यह पता था कि यदि उन्होंने बजट पर चर्चा कराई तो चर्चा में उनके 15 सालों के भ्रष्ट शासन की पोल खुल जाएगी।

भाजपा पार्षदों ने उपराज्यपाल को दिया ज्ञापन

नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के अंदर सरेआम लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। मेयर शैली ओबरॉय ने हाउस से एक प्रस्ताव पास कर बिना चर्चा उन्होंने 10 करोड़ तक की वित्तीय शक्ति को बढ़ाकर रुपये 1500 करोड़ कर दिया। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पूरे देश में कोई भी निगम ऐसी नहीं है जहां मेयर को 1500 करोड़ रुपए के आवंटन की शक्ति हो जबकि संवैधानिक कमिटियां चाहे वह स्टैंडिंग कमेटी हो, एजुकेशन कमेटी या फिर वार्ड कमेटी उन सभी की शक्ति अपने पास रखकर मेयर ने लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया है जिसका भाजपा सख्त विरोध करती है।

उन्होंने कहा कि हमने दिल्ली नगर निगम में असंवैधानिक रुप से बजट पास करने के विरोध में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपकर इस पर कार्रवाई करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में नगर निगम में नेता विपक्ष सरदार राजा इकबाल सिंह के साथ निगम पार्षद शिखा राय एवं योगेश वर्मा शामिल थे।

सार संक्षेप

अधिवक्ता चंदर एम. लाल द्वारा लिखित पुस्तक का अनावरण

नई दिल्ली। साहस, सहनशीलता और न्याय के एक महत्वपूर्ण उत्सव में, वरिष्ठ अधिवक्ता चंदर एम लाल ने अपनी बहुप्रतीक्षित पुस्तक एट द प्लेजर ऑफ हिज मेजेस्टीः आई.एम लाल एंड द केस दैट शुक द क्राउन को दिल्ली उच्च न्यायालय में पेश किया। रूपा प्रकाशन द्वारा प्रकाशित, यह पुस्तक एक आईसीएस, सच्चे देशभक्त और लेखक के दादाजी, इंदर मोहन लाल के असाधारण जीवन और कानूनी लड़ाई पर प्रकाश डालती है। इस अवसर पर न्यायमूर्ति हिमा कोहली, न्यायमूर्ति संजय करोल, न्यायमूर्ति मनमोहन, न्यायमूर्ति सेवानिवृत्त संजय किशन कौल और अमिताभ कांत, नीति आयोग के पूर्व सीईओ सहित विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति थी। पुस्तक का प्राक्कथन सांसद पी. चिदम्बरम द्वारा लिखा गया है। नीति आयोग के पूर्व सीईओ, जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने आई.एम. लाल की वीरता और दृढ़ विश्वास की प्रशंसा की और कहा कि चंदर ने अपने दादा के व्यक्तित्व को जीवंत किया हैं।

पीडब्ल्यू आईओआई के दिल्ली के छात्र सहित 4 छात्रों ने हैकथॉन में तीसरा स्थान हासिल किया

नई दिल्ली। दिल्ली के 18 वर्षीय छात्र सहित चार छात्रों ने राजस्थान पुलिस साइबर सुरक्षा हैकथॉन 1.0 में तीसरा स्थान हासिल किया। ये फिजिक्स वाला इंस्टीट्यूट ऑफ इनोवेशन आईओआई, जो बेंगलुरु स्थित कंप्यूटर विज्ञान और एआई में एक आवासीय प्रोग्राम है, के छात्र हैं। यह राज्य में साइबर सुरक्षा को मजबूत करने और नवीन तकनीकी से साइबर अपराध जैसी चुनौतियों का समाधान करने के लिए पहली बार आयोजित हुआ है। पीडब्ल्यू आईओआई की चार सदस्यीय टीम, जिसमें बेंगलुरु से यशश शेषगिरी 18, मुंबई से दानिश शेख 20, गुजरात से शोएब अंसारी 19 और नई दिल्ली से निश्चय भाटिया 18 शामिल थे, ने ड्रोन प्रौद्योगिकी से जुड़े अपने इनोवेटिव समाधान से जजों को प्रभावित किया। फिजिक्सवाला के मुख्य सूचना अधिकारी सीआईओ और पीडब्ल्यू आईओआई के अध्यक्ष विश्व' मोहन ने कहा की यह हमारे लिए सच में गर्व का पल है कि हमारे छात्र ऐसे प्लेटफार्म पर अपनी प्रतिभा दिखा सकें। हम इतने बड़े कार्यक्रम के आयोजन के लिए राजस्थान पुलिस को धन्यवाद देते हैं। यह छात्रों को कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा और उनके लिए ओर रास्ते खोलेगा।

दिल्ली में ट्रक की चपेट में आने से साइकिल सवार की मौके पर ही मौत

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के महरौली इलाके में गुरुवार को एक ट्रक की चपेट में आने से 60 वर्षीय एक साइकिल चालक की मौत हो गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। मृतक की पहचान महादेवा के रूप में की गई, जो उत्तर प्रदेश के अमेठी का रहने वाला था और राष्ट्रीय राजधानी के राजपुर खुर्द इलाके में रहता था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कहा कि गुरुवार सुबह 6:31 बजे महरौली पुलिस स्टेशन में एक ट्रक द्वारा एक साइकिल सवार को टक्कर मारने के संबंध में पुलिस नियंत्रण कक्ष कॉल प्राप्त हुई, इसके बाद एक पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, 'वाई-प्वाइंट, छतरपुर में एक व्यक्ति खून से लथपथ मृत पड़ा हुआ था और उसकी क्षतिग्रस्त साइकिल भी वहीं पड़ी थी।' शव को अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा, 'महादेवा फूल मंडी (फूल बाजार), छतरपुर से फूल लेता था और उसे आसपास के घरों और फार्म हाउसों में पहुंचाता था।' अधिकारी ने आगे कहा कि सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किया जा रहा है और हमलावर वाहन और चालक का पता लगाने के लिए और प्रयास किए जा रहे हैं।

केंद्र सरकार ने नया आरक्षण बिल लाकर गुर्जर बिरादरी के साथ किया अन्याय

भारतीय गुर्जर परिषद आगामी चुनावों में करेगी भाजपा का बहिष्कारः रोमी भाटी

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्र सरकार ने लोकसभा में जम्मू-कश्मीर पर एक बिल लाकर कई अन्य जातियों को एसटी कैटेगरी में शामिल किया है। सरकार के इस फैसले से जम्मू-कश्मीर व अन्य राज्यों के गुर्जर समाज ने बीजेपी सरकार के खिलाफ रोष व्याप्त हो गया है। भारतीय गुर्जर परिषद के राष्ट्रीय सचिव रोमी भाटी ने बताया कि राजस्थान में पिछले आंदोलन के दौरान 73 गुर्जर आंदोलनकारी पुलिस की गोलियों से शहीद हुए थे, लेकिन सरकार ने तब उनके एसटी कैटेगरी में शामिल करने के मांग को ये कहते हुए मना कर दिया था कि ये कानूनी रूप से संभव नहीं है। लेकिन जहां गुर्जर समाज पहले से एसटी कैटेगरी में है, वहां बीजेपी सरकार गुर्जर समाज के

अधिकार को कम करते हुए, जम्मू-कश्मीर पर लोकसभा में बिल लाकर कई अन्य जातियों को एसटी कैटेगरी में शामिल कर दिया है। रोमी भाटी ने बताया कि ऐसा लगता है कि बीजेपी सरकार गुर्जर समाज के साथ अन्याय करने का निर्णय करके बैठी है। भारतीय गुर्जर परिषद देश भर के गुर्जर प्रतिनिधियों, राजनेताओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और गांव-गांव में जाके राज्यसभा में इस बिल का विरोध करने के लिए समर्थन जुटाया जाएगा। भाटी का कहना है कि अब हम गांव-गांव में जाकर केंद्र सरकार के इस दोहरे मापदंड के खिलाफ एक जन धारणा स्थापित करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार गुर्जर समाज को कमतर आंकने की भूल न करे, अगर गुर्जर समाज को उसका हक और सम्मान नहीं मिला तो देशभर में आगामी चुनावों में पूरा गुर्जर समाज बीजेपी का बहिष्कार करेगी। बता दें भारतीय गुर्जर परिषद ने आगामी 25 फरवरी को जंतर-मंतर पर डीएनटी के मुद्दे पर महापंचायत का आह्वान किया है, जिसमें देश के करीब 17 राज्यों से लोगों के पहुंचने की उम्मीद है।

बवाना औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा के लिए बवाना इन्फ्रा ने लगवाए 32 नाइट विजन कैमरे

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। बवाना औद्योगिक क्षेत्र में चोरी के मामलों पर अंकुश लगाने और आपराधिक घटनाओं को कम करने के लिए बवाना इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड ने औद्योगिक क्षेत्र के सभी 32 प्रवेश और निकास बिंदुओं पर नाइट विजन कैमरे लगवाए हैं, जो 24 घंटे बवाना औद्योगिक क्षेत्र में आने और जाने वाली सभी गतिविधियों को रिकॉर्ड करेंगे। यह जानकारी बवाना इन्फ्रा के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुलकित अग्रवाल ने दी है। उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस के सहयोग से बवाना पुलिस स्टेशन सेक्टर 1 में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से 4 एलईडी स्क्रीन के जरिये सेक्टर 1 से सेक्टर 4 तक की सभी गतिविधियों पर नजर रखी जायेगी। सेक्टर 5 के लिए कंट्रोल रूम सेक्टर 5 पुलिस स्टेशन में बनाया गया है। पुलकित अग्रवाल के मुताबिक औद्योगिक क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाने का सुझाव एसोसिएशन और कई फैक्ट्री मालिकों की तरफ से लंबे समय से लंबित था। हालांकि यह एग्रीमेंट के दायरे में नहीं था, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र की सुरक्षा और फैक्ट्री इकाइयों के व्यापक हित को देखते हुए इस पर अमल किया गया। पुलकित अग्रवाल ने कहा कि बवाना इन्फ्रा अपने औद्योगिक क्षेत्र को स्वच्छ, हरित, प्रदूषण मुक्त और सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और क्षेत्र को बेहतर बनाने में के लिए वे इंडस्ट्रियल एरिया के हित में कोई भी कदम उठाने से पीछे नहीं हटेंगे।

कैमरे 24 घंटे बवाना औद्योगिक क्षेत्र में आने और जाने वाली सभी गतिविधियों को रिकॉर्ड करेंगे

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम व स्थान	जिंद सिटी (जेसीवाई/एसपी) में एसपी का डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग और जिंद में सिंगल लाइन एसएसपी को डबल लाइन एसएसपी में परिवर्तित करना।
अनुमानित लागत	₹1,35,18,591.18
बयाना राशि	₹2,17,600/-
ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि	20.02.2024 (10:30 बजे) से 05.03.2024 (15:00 बजे तक)
ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय	05.03.2024 (15:00 बजे)
वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है	www.ireps.gov.in

निविदा सं.: 49-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक: 07.02.2024 418/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

एडोवु वेंचर्स ने शिक्षा और एडुप्रेन्योर समिट 2024 का आयोजन किया

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। एडोवु वेंचर्स ने देश में शिक्षा के क्षेत्र में काम करने वाले प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं के लिए गुरुवार को एजुकेशन एंड एडुप्रेन्योर समिट 2024 का आयोजन किया। समिट में शिक्षा क्षेत्र की कई जाने माने लोग शामिल हुए। इस दौरान नए दौर में शिक्षा को लेकर चर्चा का आयोजन भी हुआ। एडोवु वेंचर्स ग्रुप ऑफ एजुकेशन कंपनी है। यह आने वाले दिनों में पुणे, सिरसा, लखनऊ में स्कूल शुरू करने जा रहे हैं। इसके अलावा एडोवु वेंचर्स आने वाले दिनों में एक ऑनलाइन प्लेटफार्म भी शुरू करने जा रहा है। इसके तहत छात्रों को कई तरह के कोर्स एक ही प्लेटफार्म में उपलब्ध हो सकेंगे। छात्र बहुत ही आसानी से यहां से कोर्स कर सकेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एडोवु वेंचर्स ग्रुप के संस्थापक और प्रबंध निदेशक पीके सामल ने कहा कि, हमारी संस्थान न केवल छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा प्रदान करेगा बल्कि नवीन और भविष्य-उन्मुख विषयों को एकीकृत करके उन्हें भविष्य के लिए आकार भी प्रदान देगा। हम पहले ऐसी शैक्षणिक समूह है जो प्राइमरी एजुकेशन से लेकर पीएचडी स्तर तक शिक्षा प्रदान करते हैं। एडोवु वेंचर्स ने गुरुवार को अभिनेता और डायरेक्टर जेफ गोल्डबर्ग के साथ एक एमओयू भी साई किया है। इसके जरिए छात्र एक्टिंग के कोस भी सीख सकेंगे।

भारत के टूलिंग बाजार के 2024-2025 में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। डाई और मोल्ड उद्योग में नई-नई प्रगति को सामने लाने वाला डाई मोल्ड इंडिया इस साल अपने संस्करण को बिलकुल नए रूप में सामने लाने के लिए तैयार है। टूल एंड गेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टीएजीएमए) द्वारा आयोजित 2024 एडिशन एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होगा, जो उद्योग में नए मानक स्थापित करेगा। डाई मोल्ड इंडिया 2024 का आयोजन 14 से 17 फरवरी के बीच बॉम्बे एग्जीबिशन सेंटर, मुंबई में होने जा रहा है। यह प्रदर्शनी अब तक की सबसे बड़ी प्रदर्शनी होगी, जिसमें 300 से अधिक प्रदर्शक 25,000 वर्ग मीटर से अधिक के विशाल क्षेत्र में एकत्रित होंगे। इस प्रदर्शनी में डाई और मोल्ड उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में फैली अत्याधुनिक तकनीक, उत्पादों और समाधानों की संपूर्ण शृंखला को पेश किया जाएगा। एक फरवरी 2024 को नई दिल्ली के यशोभूमि द्वारका में प्लास्टफोकस 2024 के उद्घाटन के दौरान इस वर्ष के एडिशन पर अपनी बात रखते हुए टीएजीएमए के प्रेसिडेंट देवराय मंजूनाथ शेरेगर ने कहा कि डाई मोल्ड इंडिया 2024 उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच का प्रतिनिधित्व करता है, जो हितधारकों को नवीनतम रुझानों का पता लगाने, जानकारियों का आदान-प्रदान करने और सार्थक साझेदारी का अनूठा अवसर देता है। भारतीय हैंड टूल उपकरण बाजार का मूल्य 2022 में 342.8 मिलियन डॉलर था, जिसके 4.3 प्रतिशत सीएजीआर की वृद्धि दर के साथ 2029 तक 416.2 मिलियन डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है।

निगम की आप सरकार ने डीएमसी एक्ट की अवहेलना करते हुए गैरकानूनी तरीके से बजट पारित कराया: राजा इकबाल

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने आज निगम सदन की बैठक में असंवैधानिक तरीके से पारित बजट पर निगम की आप सरकार पर तीखा हमला बोला। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप सरकार ने निगमायुक्त एवं निगम सचिव की गैरमौजूदगी में बजट को पारित करा दिया जोकि सरासर गैरकानूनी एवं निगम एक्ट 1957 की अवहेलना है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की आप सरकार ने दिल्ली के नागरिकों को करों में कोई भी रियायत नहीं दी है तथा साथ ही एमनेस्टी स्कीम को न बढ़ाने का फैसला निगम की आप सरकार द्वारा लिया गया है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि बजट को बिना पढ़े एवं बिना चर्चा के पास कर दिया गया जोकि

निगम के इतिहास में पहली बार हुआ है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि बजट अनुमानों में न तो आय बढ़ी है और न ही व्यय तो ऐसे में आप पार्टी कैसे दावा कर रही है कि हम निगम की आय बढ़ाएंगे।

सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की आप सरकार सभी संवैधानिक समितियां जैसे शिक्षा समिति, वार्ड समिति इत्यादि को पंगु बनाने की दिशा में कार्य कर रही है जिसके चलते इन समितियों के बजट को काट कर मेयर के विशेषकाधिकार बजट में दिया जा रहा है। सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि पूरे प्रकरण से हमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है।सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि आप सरकार ने शिक्षकों के वेतन का बजट मेयर को देने एवं शिक्षकों का वेतन दिल्ली सरकार से सीधे दिलाने के वादे पर भी हमे भरोसा नहीं है उन्होंने कहा कि इस वादे का हश्र भी दिल्ली सरकार द्वारा लैंडफिल साइट साफ करने के लिए 850 करोड़ रूपए देने के वादे की तरह ही होगा जिसमे दिल्ली सरकार अपने वादे से मुकर गई थी।

निगम की आप सरकार ने दिल्ली के नागरिकों को करों में कोई भी रियायत नहीं दी है तथा साथ ही एमनेस्टी स्कीम को न बढ़ाने का फैसला निगम की आप सरकार द्वारा लिया गया है: सरदार राजा इकबाल सिंह,नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व महापौर

सरदार राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम की आप सरकार पिछले दरवाजे से निगम विद्यालयों को खत्म करना चाहती है ।उन्होंने कहा कि अभी तो ये लोग निगम विद्यालयों के मैदान लीज पर देने की बात कर रहे हैं लेकिन धीरे धीरे यह निगम विद्यालयों को विलय कर विद्यालयों की भूमि को बेचना चाह रहे हैं। श्री राजा इकबाल सिंह ने कहा कि निगम द्वारा संचालित पार्किंग स्थल का सर्वे के नाम पर अपने पसंद के ठेकेदारों को देने की कोशिश है।

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-01, सैक्टर-नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नोएडा सिटी-201310
जिला-गौतमबुद्ध नगर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम/सैक्टर-लुक्सर की प्रस्तावित आबादी में आवंटन संख्या-के.ए.एस.01579, भूखण्ड संख्या-एन-368, क्षेत्रफल-190 वर्ग मीटर, को आवंटित श्री शंकर सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह, निवासी-ग्राम-कासना, जिला-गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 को आवंटित किया गया था। आवंटी श्री शंकर सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह की मृत्यु के उपरान्त इनके वसियती श्री सुरेन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री मुंशी लाल, निवासी-आर0सी0-563, दीपक विहार, खोडा कालोनी, जिला-गाजियाबाद, उ0प्र0 द्वारा अपने पक्ष में नामांतरण करने हेतु रजि0 वसीयत के आधार पर नामांतरण प्रपत्र एवं शपथ-पत्र प्रस्तुत किये किये गये है। उक्त प्रस्तुत वसीयत की बही संख्या-3, जिल्द संख्या-541, पृष्ठ संख्या-107 से 124 पर क्रमांक 242 दिनांक 21.05.2020 को उप निबन्धक, सदर, ग्रेटर नोएडा जिला-गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0 के कार्यालय में पंजीकृत किया गया है। अतः इस नामांतरण के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में पर श्री सुरेन्द्र सिंह यादव पुत्र श्री मुंशी लाल, निवासी-आर0सी0-563, दीपक विहार, खोडा कालोनी, जिला-गाजियाबाद, उ0प्र0 का नाम आवंटी के रूप दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (कृषक आबादी)
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा,
जिला गौतमबुद्ध नगर, उ0प्र0

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. 1108, 11th Floor, Tower-D (Dewberry), Greenarch, Area-107.76 Sqm. Plot No. GH-10A, Sector-Techzone-IV, Greater Noida जो कि Mrs. Poonam Sharma & Sh. Rinku Sharma निवासी A-89, Shiv Ram Park, Peer Baba Road, Nangloi, New Delhi के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक-28.11.2018 को पंजीकृत है। Sh. Rinku Sharma की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Poonam Sharma ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण प्रस्तुत प्रपत्रों के आधार पर अपने पक्ष में करने हेतु म्युटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्युटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Poonam Sharma W/o Late Sh. Rinku Sharma का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण
भूखण्ड संख्या-1, सैक्टर नॉलेज पार्क-4, ग्रेटर नौएडा
जिला गौतमबुद्ध नगर उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि Flat No. A1/501, 5th Floor, "Purvanchal Heights" Area 257.339 Sqm., Sector Zeta-1, Greater Noida जो कि Sh. Sanjay Ganjoo & Mrs. Anita Ganjoo निवासी Flat No. A1/501, 5th Floor, "Purvanchal Heights" Area 257.339 sqm., Sector Zeta-1, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय, सदर गौतमबुद्ध नगर में दिनांक 12.09.2011 को पंजीकृत है। Sanjay Ganjoo की मृत्यु के उपरान्त पत्नी एवं एक्त फ्लैट की सह आवंटी Mrs. Anita Ganjoo ने उक्त भूखण्ड/भवन में अपने पति के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में Mrs. Anita Ganjoo S/o Late Sh. Sanjay Ganjoo का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स)
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण

कैपिटल ज़ोन

उवाच

विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। राजीव कॉलोनी के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 281 पात्रों ने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लिया। इसी प्रकार दूसरे चरण में गगन विहार में आयोजित हुआ कार्यक्रम जिसमें 321 लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं का लाभ लिया।

अरुण कुमार यादव, अपर नगर आयुक्त

मांगों को लेकर तीन संगठनों के किसानों का प्रदर्शन

किसानों को किया गया हाउस अरेस्ट

नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्ली कूच करने वाले किसानों को रात से घरों में हाउस अरेस्ट कर दिया गया। ग्रेटरनोएडा में सबसे ज्यादा किसानों को हाउस अरेस्ट किया गया। इस दौरान उनके मोबाइल फोन तक स्विच ऑफ रहे। इससे वे इस आंदोलन में नहीं आ सके। लिहाजा किसानों की संख्या भी कम रही। ट्रैक्टर-ट्रॉली और पैदल ही दिल्ली की तरफ बढ़ रहे 200 किसानों को हिरासत में लिया गया है। वहीं, पुलिस ने बुजुर्ग महिलाओं को बसों में बैठाया।

अब जानिए 81 गांवों के किसानों का प्राधिकरण से विवाद

नोएडा को 81 गांव की जमीनों पर बसाया गया है। 1997 से 2014 के बीच जमीनें अधिग्रहित हुईं। इस दौरान 16 गांव के किसानों को मुआवजा और 5 प्रतिशत विकसित प्लॉट दिए गए। बाकी गांव के किसान हाईकोर्ट चले गए। उन्होंने मुआवजा और विकसित प्लॉट देने की प्रक्रिया को चुनौती दी। कोर्ट में नोएडा प्राधिकरण के भू-अर्जन अधिनियम 1984 के प्रावधान के मुताबिक 16 गांव की 19 अधिसूचनाओं को चुनौती दी गई। इस चुनौती पर हाईकोर्ट ने 21 अक्टूबर 2011 को किसानों को 64.70 प्रतिशत की दर से मुआवजा और उनकी जमीन जितना 10 प्रतिशत प्लाट आबादी में देने का आदेश दिया। बाद में इस आदेश के विरोध में भी कुछ किसान कोर्ट गए। इसमें ऐसे किसान थे जिनकी याचिका खारिज कर दी गई या जो कोर्ट नहीं गए। कोर्ट ने उनकी मांगों को लेकर प्राधिकरण को निर्णय लेने का आदेश दिया। कोर्ट के आदेश के बाद प्राधिकरण ने 191वीं बोर्ड बैठक में निर्णय लिया कि आबादी में 10 प्रतिशत प्लाट या इसके क्षेत्रफल के बराबर मुआवजा दिया जाए। इसमें सिर्फ उन्हीं किसानों को शामिल किया गया, जो हाईकोर्ट के 21 अक्टूबर 2011 के आदेश में शामिल थे। लेकिन प्राधिकरण ने माना कि ऐसे किसान जिन्होंने कोर्ट में चुनौती दी, लेकिन उनकी याचिका को निरस्त कर दिया गया। साथ ही ऐसे किसान जिन्होंने अधिसूचना को चुनौती ही नहीं दी। वे पात्र नहीं है। इसके बाद से 2019 से लगातार किसान प्राधिकरण के खिलाफ आंदोलन करते आ रहे हैं।

वह मांगे, जिन पर नोएडा प्राधिकरण से समझौता हुआ, लेकिन प्राधिकरण ने पूरी नहीं कीं

- 1997 के बाद के सभी किसानों को बढ़ी दर से मुआवजा दें। चाहे वह कोर्ट गए हो या नहीं गए हो।
- किसानों को उनकी जमीन का 10 प्रतिशत प्लाट आबादी में दिया जाए।
- रेगुलेशन की 450 वर्गमी सीमा को बढ़ाकर 1000 प्रति वर्गमी किया जाए।
- मकानों की ऊंचाई को बढ़ाए जाने की अनुमति दी जाए।
- 5 प्रतिशत प्लाट पर व्यवसायिक गतिविधियां चलने की अनुमति दी जाए।
- गांवों में पुस्तकालय बनाए जाए।
- एनटीपीसी से 24 गांवों के किसानों की मांगें, जिन पर सहमति नहीं बन सकी
- एक समान दर से मुआवजा दिया जाए।
- बच्चों के लिए स्कूल और एनटीपीसी में नौकरी दी जाए।
- एनटीपीसी से प्रभावित सभी किसानों को उनकी जमीन का 10 प्रतिशत प्लाट आबादी में दी जाए।
- एनटीपीसी दादरी के 5 किमी के दायरे में रहने वाले भूविस्थापित को फ्री में बिजली दी जाए।
- 200 बेड का अस्पताल बनाया जाए। दादरी में 4 डिग्री कॉलेज खुलवाया जाए।

8 घंटे जाम से जूझा नोएडा

नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। किसानों के दिल्ली कूच के चलते आठ घंटे से ज्यादा तक नोएडा शहर जाम से जूझता रहा। दिल्ली लिंक रोड पर नोएडा के किसानों ने धरना किया। इससे नोएडा ग्रेटरनोएडा एक्सप्रेस पर डायवर्जन किया गया। इससे दिल्ली जाने वाले और नोएडा के सेक्टर-18 से लेकर डीएससी रोड पर भीषण जाम रहा। महज पांच मिनट की दूरी तय करने में लोगों को एक से डेढ़ घंटे का समय लगा। दोपहर बाद पुलिस ने लिंक रोड को दोनों तरफ से बंद कर दिया। इससे एमपी-2 और डीएनडी और अन्य इंटरनल मार्गों पर भीषण जाम लग गया।

सुबह से शाम तक नोएडा-ग्रेटर नोएडा, चिल्ला बार्डर, डीएनडी बार्डर की लिंक रोड बंद रहने के कारण करीब 16 लाख से ज्यादा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा है। बताया गया कि डीएनडी से रोजाना करीब 5 लाख वाहन और चिल्ला बार्डर से करीब 4 से 5 वाहन दिल्ली से नोएडा और ग्रेटरनोएडा जाते है।

यही नहीं नोएडा-दिल्ली आने-जाने वाले वाहन चालक शहर के अलग-अलग मार्गों से गुजरने के कारण घन चक्कर बन गए। जाम में कई एंबुलेंस भी फंसी। प्रदर्शन के कारण दिल्ली चिल्ला बार्डर से चलकर महामाया फ्लाईओवर होकर नोएडा-ग्रेटर एक्सप्रेस-वे पर जाने वाले वाहनों को डीएनडी लूप से पहले रोक लिया गया। वाहनों को सेक्टर-16 रजनीगंधा चौक की ओर भेजा गया। इन वाहन चालक को सेक्टर-37 होकर अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ा।

इसी तरह डीएनडी दिल्ली से चलकर एक्सप्रेस-वे की ओर जाने वाले चालकों को सेक्टर-16 फिल्म सिटी फ्लाईओवर से पहले रोककर सेक्टर-37 से अपने गंतव्य की ओर जाना पड़ा। इसी तरह नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे से चलकर डीएनडी और चिल्ला बार्डर होकर दिल्ली जाने वाले चालकों को चरखा गोलचक्कर से मुड़कर कालिंदी कुंज होते हुए दिल्ली की ओर जाना पड़ा।

■ **दिल्ली लिंक रोड बंद होना बनी वजह, 5 मिनट की दूरी तय करने में लगा डेढ़ घंटा**

कुछ देर के लिए सेक्टर-37 से कालिंदी कुंज की ओर जाने वाले चालकों को भी महामाया फ्लाईओवर के पास रोका गया है। इस कारण वाहन चालकों को परेशानी हुई। शहर में सबसे ज्यादा ट्रैफिक का दबाव नोएडा-दिल्ली लिंक मार्ग पर फिल्म सिटी फ्लाईओवर से पहले और डीएनडी लूप के पास रहा। यहां करीब दो किलोमीटर लंबा जाम लगा। इसी तरह सेक्टर-37, सेक्टर-18, सेक्टर-16 फिल्म सिटी, सेक्टर-16ए रजनीगंधा के पास भी ट्रैफिक जाम लगा। सुबह साढ़े दस बजे नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेस-वे, चिल्ला बार्डर, डीएनडी बार्डर को जाने वाली लिंक रोड को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया गया था। प्रदर्शन के कारण सेक्टर-1 गोलचक्कर चौक से सेक्टर-6 चौकी चौक तक, संदीप पेपर मिल चौक से हरौला चौक, झुंडपुरा चौक, सेक्टर-8, सेक्टर-10, सेक्टर-11, सेक्टर-12 चौक, हरौला चौक के पास भी यातायात का दबाव रहा। डीसीपी ट्रैफिक अनिल यादव, एसीपी ट्रैफिक, यातायात निरीक्षक बारी-बारी से स्थिति का जायजा लेते रहे।

नोएडा वासी बोले पहले नहीं देखा ऐसा जाम

जाम के चलते वाहन चालक घंटो जाम में फंसे रहे। उन्होंने कहा कि ऐसा जाम नहीं देखा। बिल्कुल भी वाहन नहीं बढ़ रहे। दरअसल दिल्ली लिंक रोड बंद होने से सभी वाहनों को वैकल्पिक मार्गो से निकाला गया। जिससे शहर की प्रमुख सड़कों पर जाम लगा। दिन भर जाम में झेलने के बाद शाम को प्रदर्शन समाप्त हुआ और किसानों को बस से वापस धरना स्थल भेजा गया। जिसके बाद बैरिकेडिंग हटाई गई और लोगों को जाम से निजात मिला।

स्कूलों ने जारी की एडवाइजरी

जाम के दौरान स्कूलों ने एडवाइजरी जारी करते हुए अभिभावकों को बताया कि शहर में जाम के चलते स्कूलों की बस देरी से चलेंगी। इसलिए बच्चे देर से घर आएंगे। वहीं कई स्कूलों की बस जाम में फंसी जिसके बाद बस से उतर कर बच्चे पैदल की घर गए।

शुरू हुई शहर की पहली हाइड्रोलिक पार्किंग

नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। शहर में सड़कों के बजाय अन्य स्थानों पर पार्किंग उपलब्ध कराने की दिशा में नोएडा प्राधिकरण लगातार प्रयास कर रहा है। पार्किंग समस्या से निजात दिलाने और सड़कों को वाहनों के खड़े होने से मुक्त करने के उद्देश्य से सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन के पास हाइड्रोलिक बहुमंजिला कार पार्किंग का निर्माण किया गया था। अब इसका संचालन शुरू हो गया है। इसकी देखरेख का जिम्मा नोएडा प्राधिकरण ने डीएमआरसी को दिया है।

करीब डेढ़ वर्ष पहले बनकर हो गई थी तैयार

सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन ब्लू लाइन का हिस्सा है। सेक्टर-15 के सी ब्लाक स्थित जिस भूखंड पर यह पार्किंग शुरू हुई है, उसका बाकी हिस्सा सेवन आर होटल्स प्राइवेट कंपनी को आवंटित है। आवंटन के समय प्राधिकरण से हुए करार के तहत कंपनी ने यह पार्किंग तैयार की है। यह पार्किंग करीब डेढ़ साल पहले बनकर तैयार हो गई थी, लेकिन इसका संचालन कौन करेगा, इसकी वजह से इसकी शुरुआत होने में देरी हुई।

पहली हाइड्रोलिक पार्किंग

डीएमआरसी अधिकारियों ने बताया कि पार्किंग परिसर में वाहन खड़े करने के लिए छह फ्लोर बनाए गए हैं। इसमें 233 कार और 100 दोपहिया वाहन खड़े हो सकते हैं। डीएमआरसी से संचालित अन्य पार्किंग की तरह यहां भी वही शुल्क रखा गया है। उन्होंने बताया कि यह जिले की पहली हाइड्रोलिक पार्किंग है। इसमें एक पैनल पर दो वाहन खड़े किए जा सकते हैं। एक वाहन को हाइड्रोलिक लिफ्ट के जरिये ऊपर कर दिया जाता है, दूसरा इसके नीचे खड़ा हो सकता है। इस तरह से कम स्पेस में करीब 350 वाहनों के लिए इस पार्किंग को बनाया गया है। पार्किंग से सेक्टर-15 नयाबांस, सेक्टर-एक गोलचक्कर समेत आसपास के स्थानों पर जाम की समस्या काफी हद तक दूर होगी।

सपा ने किया पीडीए पंचायत का आयोजन

गाजियाबाद, 8 फरवरी (देशबन्धु)। समाजवादी महिला सभा नेविधानसभा मोदीनगर में किया गया पीडीए पंचायत का आयोजनकिया। जिसमें सभा में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी महिला सभा की प्रदेश महासचिव मधु चौधरी उपस्थित रही। जन पंचायत में बड़ी संख्या महिलाएं उपस्थित रही। सभी ने एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव और इंडिया गठबंधन को आगामी लोकसभा चुनाव में जीतने का प्रण लिया। पंचायत में रश्मि चौधरी (जिला अध्यक्ष महिला सभा गाजियाबाद) किरण चौधरी, शशि कश्यप, शहनाज, रेखा, सोना संजीदा बानो सौदान गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

हाइड पार्क सोसाइटी में भागवत कथा का आयोजन

नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। श्री मनोरथा नंदम फाउंडेशन के पावन तत्वाधान में नोएडा के हाइडे पार्क सोसाइटी सेक्टर 78 में 2 से 8 फरवरी तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा वाचक वृंदावन से आए मां पीतांबरा पुत्र आचार्य नरेश जी महाराज है। कथा के पांचवे दिन महाराज ने कहा जीवन का लक्ष्य केवल प्रभु प्राप्ति का होना चाहिए। मनुष्य को चाहिए की भौतिक संपत्तियों को प्राप्त करने के लिए वह बार-बार प्रयास करता है। इसी प्रकार अपना कल्याण करने के लिए महापुरुषों की सत्पुरुषों की गुरुजनों की सन्निधि में रहकर के बार-बार आग्रह करके उनका अनुग्रह प्राप्त करना चाहिए। कथा मन के मैल को धो करके मन को शुद्ध करती है और प्रभु के श्री चरणों में जोड़ती है। महाराज श्री ने अपनी वाणी से भगवान की बाल लीलाओं का वर्णन किया और बताया की गोपियों ने सर्वस्व त्याग कर केवल प्रभु को ही अपनाया। सनातन संस्कृति और संस्कारों से जुड़े रहने का आग्रह किया। इस सुंदर अवसर पर कथा के आयोजक गौरव ज्योति सपरिवार एवं सोसायटी के सभी भक्तजन उपस्थित रहे।

पत्रकार अशोक ओझा की माता जी को श्रद्धांजलि

गाजियाबाद, 8 फरवरी (देशबन्धु)। वरिष्ठ पत्रकार अशोक ओझा की माताजी स्वर्गीय मीरा देवी को आज मोदीनगर में जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं व समाजसेवियों ने श्रद्धांजलि दी। अशोक ओझा व उनके भाई अरविंद ओझा की तरफ से अशोक सभा आयोजित की गई थी। इस लोकसभा में ऐतिहासिक पीठ दूधेश्वर नाथ मंदिर के महंत नारायण गिरी भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा मुरादनगर के विधायक अजीत पाल त्यागी वरिष्ठ पत्रकार आजाद खालिद, सलामत मियां धीरज ढिल्लो, तोषिक कर्दम समेत शहर के तमाम लोगों ने पुष्प अर्पित करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

भारतीय नेवी के जवान से फ्लैट बेचने के नाम पर 22.50 की धोखाधड़ी

नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। फ्लैट बेचने के नाम पर आरोपियों ने भारतीय नेवी में कार्यरत एक कर्मी के साथ 22 लाख 50 हजार रुपए की ठगी कर ली। न्यायालय के आदेश पर फेज तीन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस मामले में लोन पास करने वाली कंपनी समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज हुआ है। भारतीय नेवी में कार्यरत बसी बाउद्दीननगर स्थित हैरेट टावर के हरेंद्र सिंह ने न्यायालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि इस समय वह महाराष्ट्र के लोनावला पुणे में तैनात हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी 2017 में उन्होंने बसई बाउद्दीननगर स्थित एक मल्टी स्टोरी बिल्डिंग के हरित टावर में द्वितीय तल पर एक फ्लैट 22.50 लाख रुपये में खरीदा। उन्होंने यह फ्लैट पश्चिम विहार दिल्ली के बिल्डर सुरेश राणा से खरीदा था। उसने बैनामा करने के लिए राजकुमार नामक व्यक्ति को अधिकृत कर रखा था। जब फ्लैट खरीदा था, तब बिल्डर ने बताया था कि फ्लैट की भूमि पर नोएडा प्राधिकरण का कोई बकाया नहीं है। झांसे में आने के बाद शिकायतकर्ता ने लोन लिया और फ्लैट खरीद लिया। कुछ समय बाद शिकायतकर्ता को पता चला कि जिस जमीन पर फ्लैट बना है वह विवादित है और लंबे समय से उसको लेकर विवाद चल रहा है।

11 फरवरी को लगेगा बूढ़ा बाबू मेला लाखों पहुंचते हैं श्रद्धालु

बुलंदशहर, 8 फरवरी (देशबन्धु)। कस्बा जहांगीराबाद क्षेत्र स्थित बूढ़ा बाबू ग्राउंड स्थित दोज पर मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें लाखों से भी ज्यादा श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद जताई जा रही है। मेला कमेटी के सदस्यों ने बताया सदियों से इस मेले का आयोजन किया जा रहा है जिसमें क्षेत्रीय लोगों महिलाओं सहित अन्य क्षेत्रों से और दूर दराज से भी श्रद्धालु यहां पर आते हैं और बूढ़े बाबू पर आकर पूजा अर्चना करते हैं और बताया की अबकी बार मेले का आयोजन और भी भव्य तरीके से मनाया जा रहा है मेले में अबकी बार चेरी फाउंडेशन ट्रस्ट ने बुद्धा सिंह बूढ़ा बाबू मेले में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया है चेरी फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक आनंद नागर ने बताया कि मंदिर प्रांगण में एक धर्मशाला और हनुमान जी का मंदिर बनाया गया है और आने वाली 22 तारीख को हनुमान जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी और क्षेत्र के गावों में रथ यात्रा हनुमान जी की मूर्ति की निकाली जाएगी और उसके बाद मंदिर में हनुमान जी विराजमान होंगे साफ सफाई से लेकर रंगा पुताई तक तैयारियां जोर-जोर से चल रही है।

40 एमएलडी टीएसटीपी प्लांट के कार्यों को लेकर नगर आयुक्त ने की समीक्षा

गाजियाबाद, 8 फरवरी (देशबन्धु)। 40 एमएलडी का तृतीय सीवेज उपचार संयंत्र प्रोजेक्ट की शुरुआत करने को लेकर नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के आज समीक्षा की। जिसमें महाप्रबंधक जल के पी आनंद के साथ अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे। नगर आयुक्त के समक्ष चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट वबैग कंपनी की टीम ने दी। 20 सितम्बर तक कार्य पूर्ण होना है जिसके लिए जलकल विभाग में अन्य टीम को निर्देश दिए गए।

■ **सभी कार्य गुणवत्तापूर्ण समय से पूर्ण हो : विक्रमादित्य मालिक**

महाप्रबंधक जल ने बताया इंदिरापुरम स्थित 56 एमएलडी प्लांट से निकलने वाले जल को पुन: शोधित करते हुए औद्योगिक जल आपूर्ति के इस्तेमाल में लाने की प्रक्रिया का कार्य चल रहा है। जिसको 40 एमएलडी के टीएसटीपी से किया जाना है। नगर आयुक्त ने कार्यों की प्रगति को जाना। कार्य पूर्ण होने की दिनांक को आगे बढ़ाया गया है पाइपलाइन बिछाने का कार्य 65 किलोमीटर में से लगभग 45 किलोमीटर का पूर्ण हो चुका है, निर्माण कार्य भी लगभग 60 से 70प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। इसी क्रम में 28 लाख लीटर कैपेसिटी का एलिवेटेड सर्विस रिजर्वॉयर का कार्य भी तेजी से चल रहा है।

नगर आयुक्त ने बैठक के दौरान वबैग टीम को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए किसी प्रकार की लापरवाही ना मिले तथा उपकरणों के माध्यम से कार्य की रफ्तार बढ़ाने के लिए कहा गया। बैठक में अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव व अन्य विभाग अधिकारी भी उपस्थित रहे, वबैग टीम ने चल रहे कार्यों का डेमो दिया, मौकीपर प्रोजेक्ट मैनेजर बंशीधर, कृष्ण मोहन यादव तथा इंजीनियर टीम में तरुण राज भी उपस्थित रहे।

कर वसूली को लेकर जोनों की बढ़ी गति वसुंधरा जोन सबसे आगे

गाजियाबाद, 8 फरवरी (देशबन्धु)। नगर आयुक्त निगम की आय बढ़ाने को लेकर लगातार प्रयासरत दिखाई दे रहे हैं। जहां एक तरफ शासन के प्रोजेक्ट की रफ्तार बढ़ाने के लिए कार्रवाई कर रहे हैं वहीं निगम की आय बढ़ाने को लेकर भी जोनल स्तर से कार्यवाही चल रही है। जोनल प्रभारी टैक्स वसूली को लेकर प्रतिदिन तेजी से कार्य कर रहे हैं। वसुंधरा जोन वर्तमान में सबसे आगे है वसुंधरा जोन के द्वारा लगभग 50 लाख की वसूली की गई है। जिसमें बड़े बकाएदाओं को टारगेट किया गया है, अन्य जॉन भी अपनी रफ्तार को बढ़ा रहे हैं सिटी जोन के द्वारा सरकारी विभागों में पत्राचार प्रारंभ कर दिया गया है।

■ **निगम कोष में जोनल प्रभारियों ने कर वसूली के जमा किए 85 लाख**

आज विशेष कार्रवाई करते हुए जोनल प्रभारी ने निगम में लगभग 85 लाख कर वसूली जमा कराई। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि, सभी जॉन अपने-अपने क्षेत्र में रफ्तार से कार्य कर रहे हैं सरकारी विभागों को भी जोनल स्तर से पत्राचार प्रारंभ कर दिया गया है। सिटी जोन की टीम श्रम विभाग से मिली साथ ही बकाया जमा करने के लिए पत्र भी दिया, इसी क्रम में वसुंधरा जोन के अंतर्गत महागुन मॉल जिस पर एक करोड़ बकाया है जिसमें से 40 लाख की वसूली की गई है। 'सिटी जोन' के अंतर्गत लगभग 10 लाख 59000 की वसूली हुई 'वसुंधरा जोन' के अंतर्गत 50 लाख की वसूली हुई 'कवि नगर जोन' के अंतर्गत 3 लाख की वसूली हुई 'मोहन नगर' के अंतर्गत 19 लाख की वसूली हुई 'विजयनगर' के अंतर्गत लगभग 3 लाख की वसूली हुई।

विकसित भारत संकल्प यात्रा की फिर शुरू

निगम मोहन नगर जोन के 602 पात्रों को मिला लाभ

गाजियाबाद, 8 फरवरी (देशबन्धु)। नगर निगम ने फिर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम करने शुरू कर दिए हैं। इस क्रम में पहला कार्यक्रम मोहन नगर जोन के अंतर्गत हुआ जिसमें लगभग 1419 क्षेत्र वासियों ने हिस्सा लिया कार्यक्रम दो चरण में हुआ पहले चरण में राजीव कॉलोनी में तथा दूसरे चरण में गगन विहार में आयोजित हुआ।

अपर नगर आयुक्त अरुण कुमार यादव ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। राजीव कॉलोनी के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में 281 पात्रों ने केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ लिया। इसी प्रकार दूसरे चरण में गगन विहार में आयोजित हुआ कार्यक्रम जिसमें 321 लाभार्थियों ने सरकार की योजनाओं का लाभ लिया। कार्यक्रम में लाभार्थियों को सर्टिफिकेट भी दिए गए।

शहर वासियों की सुविधा को देखते हुए निगम की योजनाओं के भी कैंप कार्यक्रम के दौरान लगे जहां पर लोगों ने पहुंचकर अपनी जानकारी को बढ़ाया तथा निगम का सहयोग करने के लिए आगे आये, उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा की वैन के माध्यम से, जन-जन तक केंद्र तथा राज्य सरकार की योजनाएं पहुंच रही हैं। कार्यक्रम में मोहन नगर जोनल प्रभारी आरपी सिंह तथा परियोजना अधिकारी संजय पथरिया भी उपस्थित रहे।

कैपिटल ज़ोन

उवाच

सभी वर्क सर्किल प्रभारी अपने एरिया में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखें। शिकायत पर जांच होगी और खामी मिलने पर संबंधित फर्म के साथ ही उनके खिलाफभी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को भी इन कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने और समय से पूरा कराने के निर्देश दिए।

एनजी रवि कुमार, सीईओ

जनहित के कार्यों से जुड़े सभी टेंडर मार्च के पहले सप्ताह तक फाइनल कर लें : सीईओ

ग्रेटर नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनहित से जुड़े सभी कार्यों के टेंडर आगामी मार्च माह के प्रथम सप्ताह तक फाइनल कर लें। टेंडर के लिए 14 दिन की अल्प अवधि देकर कार्य करने वाली फर्म का चयन कर लें, ताकि चुनाव अधिसूचना लगने के बाद जनहित का कोई भी कार्य प्रभावित न हो।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने गुरुवार को सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लंबी बैठक की, जिसमें एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव, एसीईओ श्रीलक्ष्मी वी.एस. और एसीइओ सुनील कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। सीईओ ने कहा कि ग्रामीण विकास के कार्यों से जुड़े सभी टेंडरों को प्राथमिकता पर लेकर 14 दिनों की अल्प अवधि में पूरा कर लें। शहर के विकास व रखरखाव कार्यों के टेंडर भी मार्च के पहले सप्ताह में ही फाइनल कर लें। सीईओ ने चेतावनी दी कि अगर किसी जरूरी

कार्य के टेंडर नहीं फाइनल हुए तो वर्क सर्किल प्रभारी पर कार्रवाई की जाएगी। सीईओ ने प्राधिकरण आने वाले सभी नागरिकों के साथ अच्छा व्यवहार करने की सीख दी। खासतौर पर महिलाओं, दिव्यांगों व गरीबों के कार्यों को प्राथमिकता पर करने को कहा। सीईओ ने साफ किया कि जो काम नियमानुसार हो सकते हैं उनको तय समयावधि में पूरा करें और न हो पाने वाले कार्यों के बारे में सम्मानजनक तरीके से शिकायतकर्ता को बता दें। सीईओ एनजी रवि कुमार ने सड़कों की गुणवत्ता से जुड़ी शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए कहा कि सभी वर्क सर्किल प्रभारी अपने एरिया में हो रहे कार्यों की गुणवत्ता पर कड़ी नजर रखें। शिकायत पर जांच होगी और खामी मिलने पर संबंधित फर्म के साथ ही उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को भी इन कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने और समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। सीईओ एनजी रवि कुमार ने ग्रेटर नोएडा में अतिक्रमण की समस्या पर सभी वर्क सर्किल प्रभारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि अगर कहीं पर अतिक्रमण हुआ तो उसकी गूगल इमेज से निर्माण की अवधि का पता लगाकर संबंधित वर्क सर्किल प्रभारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए वरिष्ठ प्रबंधक को चार्जशीट व अन्य संबंधित स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गलत तरीके से जल, सीवर व बिजली कनेक्शन जारी किए जाने की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए सीईओ ने कहा कि अब कोई भी बड़ा कनेक्शन सीईओ या एसीईओ की अनुमति के बिना जारी नहीं किए जाएंगे। इसके लिए सीईओ ने एनपीसीएल के प्रबंध निदेशक से वार्ता भी की है। इस बैठक के दौरान महाप्रबंधक वित्त विनोद कुमार, ओएसडी संतोष कुमार, ओएसडी रजनीकांत पांडेय, ओएसडी विशु राजा, ओएसडी नवीन कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

- **अधिसूचित एरिया में जिस वर्क सर्किल में अवैध निर्माण हुआ, उसके एसएम पर होगी कार्रवाई**
- **सीईओ या एसीईओ की अनुमति के बिना जल, सीवर व बिजली के बड़े कनेक्शनों पर लगाई रोक**
- **गरीबों, महिलाओं व दिव्यांगों के कार्य प्राथमिकता पर करें, खराब व्यवहार की शिकायत पर होगी कार्रवाई**

ग्रेनो प्राधिकरण ने घंघोला में दो अवैध ईंट-भट्ठे ढहाए

- **करीब 20 हजार वर्ग मीटर कराई कब्जा मुक्त**
- **अधिग्रहित जमीन पर चल रहे थे दोनों ईंट-भट्ठे**

ग्रेटर नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने ग्राम घंघोला में अवैध रूप से चल रहे दो ईंट-भट्ठों को गुरुवार को गिरा दिया। कब्जा मुक्त हुई करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को अपने कब्जे में ले लिया है। मुआवजे की दर से भी इस जमीन की कीमत करीब 8 करोड़ रुपए है, जबकि बाजार दर से इसकी कीमत करीब 40 करोड़ रुपए होने का आकलन है। दरअसल, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार ने अधिसूचित एरिया में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में प्राधिकरण की टीम ने दो अवैध ईंट-भट्ठे गिराकर जमीन खाली करा ली। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी हिमांशु वर्मा ने बताया कि गांव घंघोला में भाटी व योगी के नाम से दो अवैध ईंट-भट्ठे चल रहे थे। प्राधिकरण ने इनको हटाने के लिए नोटिस जारी की थी, लेकिन इन पर कोई असर नहीं हुआ, जिसके चलते प्राधिकरण ने गुरुवार को यह कार्रवाई की। परियोजना विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक नागेंद्र सिंह के नेतृत्व में प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों व अन्य टीम ने मिलकर दोनों ईंट-भट्ठों को ढहा दिया। जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त करा लिया गया। प्राधिकरण ने 5 जेसीबी व 3 डंफरों का इस्तेमाल कर इस कार्रवाई को तीन घंटे में पूरा किया। यह प्राधिकरण की अधिग्रहित जमीन है। उन्होंने बताया कि कब्जा मुक्त हुई करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन की मुआवजा दर से कीमत करीब 8 करोड़ रुपये और बाजार दर से इसकी कीमत करीब 40 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि अधिसूचित एरिया में अवैध निर्माण कर जमीन कब्जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिल्डर को उनके ही कर्मचारियों ने लगाया करोड़ों का चूना

ग्रेटर नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। आवासीय और व्यवसायिक प्रोजेक्ट बना रहे एक बिल्डर को उसके कर्मचारियों ने करोड़ों रुपए का चूना लगा दिया। बिल्डर के

- **कोविड लॉकडाउन के दौरान फर्जी रशीद से आवंटियों से की वसूली**
- **कोविड लॉकडाउन के दौरान फर्जी रशीद से आवंटियों से की वसूली**

कर्मचारियों ने लॉकडाउन में दफ्तर बंद होने पर यह घोटाला किया। अब बिल्डर को इस घोटाले की भनक लगी तो आरोपियों के खिलाफपुलिस से शिकायत की गई। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू की है। बिल्डर कंपनी के एक अधिकृत प्रतिनिधि ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2019 में प्रशासन के आदेश अनुसार दफ्तर बंद किए गए थे। इस बीच एक कंपनी के कर्मचारी विकास राणा ने पुराने कर्मचारियों के साथ मिली भगत कर फर्जी रसीद के माध्यम से आवंटियों से करोड़ों रुपया वसूल लिया, लेकिन यह पैसा कंपनी के खाते में नहीं जमा किया गया। कर्मचारियों ने बिल्डर के साथ धोखाधड़ी कर पैसे को हड़प लिया गया। इसके बाद 2020 में दफ्तर खुले तो पता चला कि कुछ खाली चेक, रसीद और कंपनी से जुड़े अन्य दस्तावेज चोरी हो गए हैं। इसकी शिकायत पुलिस से की गई। इसके बाद आवंटियों ने पैसा जमा करने के बारे में बताया तो घोटाले का पता चला। अब बिल्डर के प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह ने आरोपी कर्मचारी विकास राणा और कुछ अज्ञात कर्मचारियों पर मुकदमा दर्ज कराया। आरोप है कि कंपनी के पूर्व कर्मचारियों द्वारा कूट रचित दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी की गई है। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

यीडा के आवासीय सेक्टर की अधूरी सड़कों को किया जाएगा दुरुस्त

ग्रेटर नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। औद्योगिक सेक्टर के बाद अब यमुना प्राधिकरण आवासीय सेक्टर की अधूरी सड़कों को दुरुस्त करेगा। इसमें आ रही बाधाओं को दूर करने का खाका खींचा जा चुका है। साथ ही पहले से बनी हुई सड़कों की मरम्मत करवाई जाएगी। इसके लिए यमुना प्राधिकरण ने कार्य योजना बनाकर काम शुरू कर दिया है। यमुना प्राधिकरण ने 2009 में सबसे पहली आवासीय भूखंड योजना निकाली थी। इसमें 21 हजार भूखंडों का आवंटन किया गया थ। जिस समय आवंटन हुआ था, उस समय प्राधिकरण के कब्जे में जमीन नहीं थी। चार साल बाद 2013 में भूखंडों पर कब्जा देने की बारी आई तो यमुना प्राधिकरण के हाथ पैर फूल गए। अभी तक सभी आवंटियों को कब्जा नहीं मिला है। यमुना प्राधिकरण के आवासीय सेक्टर-18 एवं 20 की अधिकतर आंतरिक सड़कें अधूरी हैं। सड़कें बीच में रुकी हुई हैं। दरअसल जमीन पर कब्जा नहीं मिलने और अदालतों में मामले लंबित होने के चलते यह दिक्कत आई है। हालात यह है कि आवंटियों को घर बनाना तो दूर भूखंड तक पहुंचना भी बड़ा काम है। सड़कें

- **यमुना प्राधिकरण सड़क निर्माण में आ रही बाधा को दूर करने का तैयार किया खाका**

अधूरी होने के चलते प्राधिकरण आवंटियों को निर्माण कार्य के लिए लगातार समय विस्तार दे रहा है। अब यमुना प्राधिकरण ने आवासीय सेक्टर की अधूरी सड़कों को बनवाने की योजना बनाई है। सीईओ ने इसकी जिम्मेदारी ओएसडी शैलेंद्र कुमार सिंह को सौंपी है। वह किसानों से वार्ता करके अवरोधों को दूर कर रहे हैं। आबादी के मामलों को निपटा रहे हैं। किसानों से सहमति के बाद सड़कों का निर्माण शुरू हो जाएगा। इसकी कार्ययोजना बना ली गई है।

लोक सेवा आयोग की समीक्षा अधिकारी परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

ग्रेटर नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा आगामी 11 फरवरी दिन रविवार को दो पालियों में 22 केंद्रों पर हो रही है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने परीक्षा की तैयारियों को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि संबंधित अधिकारीगण अपनी सभी तैयारियां परीक्षा से पूर्व उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के मानकों के अनुरूप तैयारी कर लें। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं नकल विहीन ढंग से संपन्न कराने में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों का बहुत ही अहम योगदान होता है, इसीलिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुए मानकों के अनुरूप अपनी-अपनी तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान करेंगे एवं संबंधित अधिकारीगण समय से अपनी-अपनी ड्यूटी स्थलों पर पहुंचकर अपने दायित्व का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि किसी भी अधिकारी की लापरवाही संज्ञान में आती है तो उक्त अधिकारी के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा केंद्र पर सभी मूलभूत सुविधाएं एवं सीसीटीवी कैमरे एवं जैमर सुचारू रूप से कार्य कर रहे हैं, यदि कोई भी मूलभूत सुविधा, सीसीटीवी कैमरा एवं जैमर सुचारू रूप से काम नहीं कर रहा हो तो तत्काल उसको सही कराने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए

- **जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध होगी कड़ी कार्रवाई**

कहा कि उनके द्वारा नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने के लिए परीक्षा केंद्र के एंट्री गेट पर एंट्री कराते समय इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स पर विशेष फोकस रखा जाए, कोई भी अभ्यर्थी अपने साथ इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स को परीक्षा केंद्र के अंदर न ले जा पाए। बैठक में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के प्रतिनिधि ने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापकों को मानकों के अनुरूप परीक्षा संपन्न कराने की विस्तार पूर्वक जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. धर्मवीर सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी एवं समस्त सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं स्टेटिक ऑफिसर तथा केंद्र व्यवस्थापक व जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

व्यापारी के इकलौते नाबालिग बेटे का नहीं मिला शव, दिन भर चला हंगामा

दनकौर, 8 फरवरी (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के बिलासपुर कस्बा के रहने वाले व्यापारी के बेटे की हत्या का खुलासा होने के बाद लोगों में गुस्सा है। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो हत्यारिपोतों को गिरफ्तार भी कर लिया। लेकिन इसके बावजूद भी पुलिस मृतक किशोर का शव

- **12 फरवरी तक नहीं मिला शव तो होगा उग्र प्रदर्शन**
- **वीडियो डिलीट न करने पर आरोपियों ने दिया हत्या को अंजाम**

तलाश नहीं कर सकी है। पुलिस और एसडीआरएफ टीम द्वारा अभियान चलाकर खेरली हफीजपुर से आगरा तक नहर में विभिन्न स्थानों पर शव की तलाश की जा रही है। व्यापारियों और हिन्दू संगठनों द्वारा पुलिस को 12 फरवरी तक का समय दिया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि शव बरामद नहीं हुआ

तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। कस्बा निवासी व्यापारी अरूज सिंघल उर्फ बल्ली का 16 वर्षीय इकलौता बेटा वैभव सिंघल 30 जनवरी को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की थी। बुधवार को कस्बा के रहने वाले माज पठान ने पुलिस को बताया कि उसने अपने एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर वैभव की हत्या कर दी है। हत्यारोपियों कि निशानदेही पर पुलिस ने मृतक का मोबाइल व कुछ अन्य सामान भी बरामद कर लिया। घटना स्थल पर ले जाते समय हत्यारोपी माज पुलिस की गिरफ्त से भागने लगा और पुलिस की पिस्टल छीनकर गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में आरोपी के पैर के गोली लग गई। पुलिस की पूछताछ में आरोपी माज पठान और उसके नाबालिग दोस्त ने बताया कि वैभव सिंघल के फोन में माज पठान की प्रेमिका का आपत्तिजनक वीडियो था। जिसके चलते वह उस वीडियो को डिलीट करने के लिये कई बार विनती कर चुका था, लेकिन उसने डिलीट नहीं की थी। इसके बाद हत्यारोपी ने उसे जान से मारने की योजना बना डाली। 30 जनवरी को घने कोहरे के दौरान किसी बहाने उसे बाइक पर बैठकर खेरली नहर की तरफ लेकर चल दिये। शव और मोबाइल को खेरली नहर में फेंक दिया गया।

बाजार रहा बंद, राजनीतिक व सामाजिक संगठन पहुंचे

गुरुवार को भी बिलासपुर, दनकौर और रबूपुरा का बाजार बंद रहा। आक्रोशित व्यापारी बिलासपुर पुलिस चौकी के सामने मुख्य रोड पर दिनभर धरने पर बैठे रहे। धरने में समर्थन करने के लिए दनकौर, रबूपुरा और सिकन्द्राबाद के व्यापारी भी पहुंचे। इसके अलावा जनप्रतिनिधियों समेत भाजपा नेता गोपाल कृष्ण अग्रवाल, कॉंग्रेस नेता मनोज चौधरी, किसान नेता राजकुमार नागर, नगर पंचायत अध्यक्ष पति संजय समेत हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार को समर्थन दिया है। पुलिस को चेतावनी दी गई है कि यदि 12 फरवरी तक मृतक किशोर का शव नहीं मिल सका तो वह उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

शादी समारोह मण्डप से बारह लाख से भरा बैग चोरी

ग्रेटर नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। बिसरख कोतवाली क्षेत्र के गोल्डन ड्रीम मैरिज होम में 12 लाख रुपए से भरा बैग चोरी होने का मामला सामने आया है। मैरिज होम में रुपए से भरा बैग दुल्हन के मामा के पास रखा था। मैरिज होम की सीसीटीवी फुटेज चेक करने पर देखा गया कि एक 10 साल का बच्चा बैग लेकर गायब हुआ है। पीड़ित ने मामले की शिकायत ईकोटेक-तीन पुलिस से की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। तिलपता गांव में रहने वाले अक्षय भाटी ने बताया कि उनकी भांजी की 6 फरवरी को गोल्डन ड्रीम मैरिज होम में शादी हुई है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम उटरावली उपजिलाधिकारी सदर गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 218/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022 दिनांक 06.01.2023 मृतक स्व0 श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी राजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम उटरावली परगना जेवर तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 15.03.2018 के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक से संबंध	आयु लगभग	विशेष
उटरावली	196मि 196मि	श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी स्व0 राजेन्द्र सिंह नि0 ग्राम उटरावली परगना व तहसील जेवर जिला गौतमबुद्धनगर।	अंजू	पुत्री	42	विवाहित
			शशी	पुत्री	40	विवाहित
			मनोज कुमार	पुत्र	38	
			इन्द्रेश	पुत्री	33	विवाहित
			अनुज	पुत्र	29	
			अरूण कुमार	पुत्र	28	

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा। यदि उच्च स्तरीय जांच के क्रम में प्रश्नगत भूमि पर किसी न्यायालय या आदेश द्वारा कृषक का स्वत्व समाप्त होता है अथवा क्षेत्रफल कम किया जाता है तो कम हुए क्षेत्रफल अथवा सम्पूर्ण क्षेत्रफल के सापेक्ष इस वारिसान को स्वतः निरस्त समझा जाये।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम औरगपुर में उप जिलाधिकारी, सदर, से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 01/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 06.01.2023 स्व0 श्री वेदपाल पुत्र श्री नत्थी नि0 ग्राम अटटा गूजरान परगना-दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक क्रमशः 13.10.2018, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक से संबंध	आयु लगभग	विशेष
औरगपुर	352अ 352ब	स्व0 श्री वेदपाल पुत्र श्री नत्थी नि0 ग्राम अट्टा गूजरान परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर	श्रीमती ओमवती उर्फ कल्लो	पत्नी	56 वर्ष	
			श्री अंकित नागर	पुत्र	26 वर्ष	
			श्री सचिन नागर	पुत्र	24 वर्ष	
			श्री रविन	पुत्र	19 वर्ष	
			कु0 नेहा	पुत्री	20 वर्ष	अविवाहित
			श्रीमती ओमन	पुत्री	28 वर्ष	विवाहित
			श्रीमती प्रीति	पुत्री	26 वर्ष	विवाहित

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

लहूलुहान मिली 3 वर्षीय बच्ची, दुष्कर्म की आशंका

रबूपुरा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। गुरुवार शाम कस्बा निवासी एक 3 वर्ष की बच्ची लहूलुहान नग्नावस्था में फूलों के खेत में रोती बिलखती हुई मिली। बच्ची की हालात को देखकर दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने बच्ची को उपचार के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। गुरुवार शाम को कस्बा के चामुंडा मंदिर मोड़ पर एक फूलों के खेत में एक बच्ची नग्न अवस्था में खड़ी रो रही थी। बच्ची के निजी अंग से खून भी बह रहा था। आवाज सुनकर वहां से गुजर रही एक राहगीर ने इसकी जानकारी लोगों को दी। जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। बच्ची की पहचान थोड़ी ही दूरी पर रहने वाले कस्बा निवासी मजदूर व्यक्ति की बेटी के रूप में हुई। डरी सहमी हुई बच्ची कुछ बता पाने में असमर्थ थी। पीड़िता के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है। मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है घटना का जल्द खुलासा कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

रोजगार मेले में 186 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

ग्रेटर नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जेवर एवं उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जेवर में रोजगार मेला संपन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष गौतम बुद्ध नगर अमित चौधरी उपस्थित रहे। जिला कौशल प्रबंधक संदीप कुमार ने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में जनपद गौतम बुद्ध नगर की 11 कंपनियों ने प्रतिभाग किया एवं 317 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए उपस्थित हुए, जिनमें से 186 अभ्यर्थियों का चयन हुआ। राजकीय आईटीआई के प्रधानाचार्य विनोद कुमार भाटी ने चयनित अभ्यर्थियों से मिलकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं

रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाली कंपनियों के प्रबंधकों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में होने वाले रोजगार मेले में पुन: उपस्थिति होने के लिए आमंत्रित भी किया। रोजगार मेले की संपूर्ण व्यवस्था उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के जिला कौशल प्रबंधक संदीप कुमार एवं आईटीआई जेवर के समस्त कर्मचारियों के द्वारा संपन्न करायी गयी।

विधानसभा में आंदोलनरत किसानों की आवाज जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने उठाई

ग्रेटर नोएडा, 8 फरवरी (देशबन्धु)। गौतमबुद्धनगर के तीनों औद्योगिक विकास प्राधिकरण में लगातार किसानों का आंदोलन चल रहा है। गुरुवार को नोएडा और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण कार्यालय पर किसानों का जबरदस्त आंदोलन रहा। उधर किसानों के मुददों को लेकर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने गुरुवार को विधानसभा उनकी आवाज उठाई है। उन्होंने विधानसभा में कहा कि दिसम्बर 2023 से लगातार नोएडा और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के

किसानों ने स्थानीय विकास प्राधिकरण द्वारा अपनी अधिग्रहित भूमि के बदले मुआवजा और विकसित भूखंड देने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। उसी को लेकर गुरुवार को किसानों ने हल्ला बोल और अपने प्रदर्शन को तेज करते हुए, किसान किसानों ने नोएडा स्थित महामाया फ्लाईओवर पर महापंचायत शुरू की और दिल्ली स्थित जंतर मंतर की तरफ कूच करने लगे। इन सभी को देखते हुए जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में आंदोलनरत किसानों की आवाज को उठाया।

जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने विधानसभा में अपने संबोधन में कहा कि जनप्रतिनिधि होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है कि हम जनता और किसानों की मांग को सरकार तक पहुंचाएं। आज जनपद गौतमबुद्धनगर, जोकि उत्तर प्रदेश के ग्रोथ का इंजन बनने की तरफतेजी से अग्रसर है। प्रदेश के विकास के लिए जमीन देने वाले किसानों की समस्याओं के निराकरण के लिए राज्य स्तर पर मंत्री और विधायकों के एक समूह का गठन करने से किसानों की समस्याओं से निजात दिलाया जा सकता है।

यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम रबूपुरा में उप जिलाधिकारी जेवर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 582/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 28.08.2023 मृतक स्व0 आँकार पुत्र श्रीराम नि0 मौ0 नाईरंगरेजान रबूपुरा तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर के स्थान पर उनके वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

ग्राम का नाम	खसरा संख्या	मृतक काश्तकार का नाम	मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम	मृतक से संबंध	आयु लगभग
रबूपुरा	1379 1395	स्व0 आँकार पुत्र श्रीराम नि0 मौ0 नाईरंगरेजान रबूपुरा, तहसील जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर	सुखवीर	पुत्र	52 वर्ष
			मोहनलाल	पुत्र	49 वर्ष
			बेलवती	पुत्री विवाहित	51 वर्ष

उपरोक्त वारिसानों/पारिवारिक सदस्यों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida

{ संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 9 फरवरी 2024

संस्थापक-सम्पादक : स्व. मायाराम सुरजन

श्वेतपत्र बनाम ब्लैक पेपर

इसके पहले कि भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार संसद में संयुक्त प्रगतिशील मोर्चा (यूपीए) सरकार के 2004 से 2014 तक चले डॉ. मनमोहन सिंह के दो कार्यकाल के कामकाज को लेकर श्वेत पत्र लेकर आती, कांग्रेस ने एक बड़ा दांव खेलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 10 साल के कामों पर आधारित ब्लैक पेपर जारी कर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी को बजट पेश करते हुए इसका ज़िक्र किया था। उन्होंने कहा था कि यूपीए की सरकार के कारण देश को जो नुकसान हुआ था, उससे अब वह मोदी सरकार के कामों के बूते उबर चुका है। हालांकि इसका अंदाजा सभी को था कि अगले तीन माह के भीतर होने जा रहे लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र भाजपा सरकार ऐसा करने जा रही है, परन्तु भाजपा को आभास नहीं रहा होगा कि कांग्रेस उससे अधिक फुर्ती से उसी के खिलाफ ब्लैक पेपर लेकर आ जायेगी।

बहरहाल, 8 फरवरी को ही वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2014 के पहले की भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा श्वेत पत्र पेश किया, जिसमें यूपीए सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के बारे में बताया गया। श्वेत पत्र में बताया गया है कि तत्कालीन सरकार आर्थिक क्रियाकलापों को सुचारू रूप से चलाने में विफल रही। उसकी जगह पर सरकार की ओर से लिए गए निर्णय देश को और पीछे की ओर ले गए। इसमें यूपीए सरकार पर एक बड़ा आरोप लगाया गया कि यूपीए काल के शासक न केवल अर्थव्यवस्था में गतिशीलता लाने में विफल रहे, बल्कि उन्होंने अर्थव्यवस्था को इस तरह लूटा कि हमारे उद्योगपतियों ने रिकॉर्ड पर कहा कि वे भारत के बजाय विदेश में निवेश करना पसंद करेंगे। इस श्वेत पत्र में यूपीए के दस साल बनाम एनडीए के दस साल की तुलना की गई है और कहा गया कि तब, हम 'नाज़ुक पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक थे; अब, हम 'शीर्ष पांच' अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैं।

केंद्र सरकार ने आर्थिक फैसलों में पिछली सरकार से ज्यादा अंक लेने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस इससे पहले ही 10 साल, अन्याय काल शीर्षक से ब्लैक पेपर लाकर बढ़त बनाती दिखी। अपने 10 वर्षों में तमाम तरह के मोर्चों पर नाकाम रही मोदी सरकार के पास पुरानी कांग्रेस को कोसने और उसकी कमियां दिखाने के अलावा शायद कोई और चारा ही नहीं बचा है। देश ने पूरे एक दशक तक प्रधानमंत्री मोदी को संसद के दोनों सदनों में और चुनावी-गैर चुनावी दोनों ही मंचों से कांग्रेस, नेहरू परिवार तथा यूपीए के कामों की आलोचना करते हुए देखा-सुना है।

यह भी विसंगति है कि एक ओर तो उनकी सरकार डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल को लेकर श्वेत पत्र ले आई, वहीं दूसरी ओर श्री मोदी उन्हीं मनमोहन सिंह के योगदान की गुरुवार को आत्मीयता से तारीफें कर रहे थे। यह अवसर था राज्यसभा के 56 सदस्यों की सेवानिवृत्ति होने का, जिनमें डॉ.मनमोहन सिंह भी शामिल थे। श्री मोदी का कहना था कि डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने संसदीय कार्यकाल में प्रधानमंत्री से लेकर सदन में विपक्षी दल के नेता के रूप में अपने अमूल्य विचारों से चर्चाओं को समृद्ध किया है। उन्होंने इस बात का विशेष उल्लेख किया कि संख्या बल के आधार पर उनके दल की पराजय को जानते हुए भी वे (सिंह) व्हीलचेयर पर बैठकर वोट करने आये थे। श्री मोदी के अनुसार 'वे किसी पार्टी को नहीं बल्कि लोकतंत्र को मजबूत करने आये थे।' यह अलग बात है कि जिस अवसर का श्री मोदी सन्दर्भ दे रहे थे, वह उनके खिलाफ पिछले एक सत्र में विपक्ष द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव था। यह भी नहीं भूलना चाहिये कि मनमोहन सिंह की जिस बात के लिये नरेन्द्र मोदी प्रशंसा कर रहे हैं उसे लेकर सोशल मीडिया में भाजपा समर्थकों ने खिल्ली उड़ाई थी। वैसे यह भी कौन भूल सकता है कि इन्हीं डॉ. मनमोहन सिंह को लेकर स्वयं श्री मोदी ने अनेक अभद्र टिप्पणियां की थीं। इनमें 'रेनकोट पहनकर नहाने' वाली बात का तो अब तक उल्लेख होता है। इसी यूपीए सरकार एवं मनमोहन सिंह के खिलाफ तथ्यहीन किस्से गढ़ कर मोदी-भाजपा सत्तानशीं हुए हैं, जिनका सच कालांतर में उजागर होता गया है।

आत्ममुग्ध व गहन असुरक्षा के भावों से ग्रस्त मोदी सरकार ने यूपीए सरकार पर श्वेत पत्र में महंगाई, घोटालों और विकास को लेकर जो तथ्य दिए हैं, उनमें एक बार फिर देश को गुमराह करने का खेल नजर आ रहा है। वहीं कांग्रेस द्वारा जारी किये गये ब्लैक पेपर में मोदी कार्यकाल में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों, मजदूरों व महिलाओं की बदहाली का तो ज़िक्र है ही, साथ ही यह बतलाया गया है कि श्री मोदी अपनी विफलताओं को छिपाते हैं तथा कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों की उपलब्धियों को नकारते हैं। ब्लैक पेपर में बताया गया है कि किस प्रकार से प्रधानमंत्री मोदी अपने मित्रों को फायदा दिलाते हैं। इसमें देशवासियों का इस ओर भी ध्यान दिलाया गया है कि श्री मोदी ने हर वर्ष 2 करोड़ लोगों को नौकरियां देने तथा 2022 तक किसानों की आय को दोगुना करने का वादा किया था। मनरेगा का पैसा हितग्राहियों तक न पहुंचने का भी ब्लैक पेपर में उल्लेख है। कांग्रेस ने बतलाया है कि 10 वर्षों में भाजपा ने विपक्ष के 400 से अधिक विधायकों को अपनी पार्टी में शामिल किया है। गैर भाजपाई राज्यों के साथ मोदी सरकार द्वारा किये जाने वाले भेदभाव को भी इसमें प्रमुखता से उजागर किया गया है।

भाजपा के श्वेत पत्र और कांग्रेस के ब्लैक पेपर से देश के चुनावी माहौल में गर्मी और बढ़ गई है। जब दोनों दल चुनाव प्रचार के लिए तैयार होंगे, तब किसके पेपर का असर जनता पर होगा, ये देखना दिलचस्प होगा। वैसे बेहतर होता अगर दस साल पहले के कामों में खामियां निकालने की बजाय मोदी ईमानदारी से बतलाते कि उनकी अपनी उपलब्धियां क्या रही हैं।

भारत की आत्मा : संविधान या भगवान राम

राम पुनियानी

> सन् 1947 में आज़ादी के साथ हमें संप्रभुता भी हासिल हुई और सत्ता हमारे प्रतिनिधियों के हाथों में आई। भारत की आत्मा का क्या? भारत की आत्मा क्या है? भारत की आत्मा उन मूल्यों में है जो हमारे स्वाधीनता संग्राम का आधार थे। भारत की आत्मा उन आंदोलनों में है जो आज़ादी के आन्दोलन के साथ-साथ और उसके समानांतर चले। ये श्रमिकों और किसानों के आन्दोलन थे, ये सामाजिक समानता के लिए आन्दोलन थे।

भगवान राम के मंदिर के उद्घाटन की धूम अब भी हम सबके कानों में गूंज रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उद्घाटन संपन्न किया और वे ही पूरे समारोह के केंद्र थे। ऐसा लग रहा था मानों वे राष्ट्र और धर्म दोनों की सत्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे हों।

सामंती युग में राष्ट्र-सत्ता और धर्म-सत्ता एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करती थी- किंग और पोप, नवाब और शाही इमाम और राजा और राजगुरु। महाराष्ट्र में इस संयुक्त उपक्रम का नाम तुकबंदी में है- शेटजी-भटजी (जमींदार और पुरोहित)। हमारे देश में धर्म के नाम पर राजनीति तो पहले से ही हो रही थी। धर्म और सत्ता का यह घालमेल सचमुच बहुत चिंताजनक है।

जब भारत स्वाधीन हुआ और भारतीय संविधान लागू हुआ तब हमारे समाज में धर्म की गहरी पैठ थी। इसी के चलते सोमनाथ मंदिर को लेकर विवाद की स्थिति बनी थी। डॉ. राजेंद्र प्रसाद राष्ट्रपति की हैसियत से मंदिर का उद्घाटन करना चाह रहे थे। नेहरु ने उन्हें लिखा, 'मुझे लगता है कि सोमनाथ मंदिर के भव्य उद्घाटन के साथ अपने आपको जोड़ने का आपका इरादा ठीक नहीं है। यह केवल एक मंदिर में जाने का प्रश्न नहीं है। निश्चित तौर पर मंदिर में तो आप या कोई भी अन्य व्यक्ति जा सकता है। यहां सवाल एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भागीदारी का है और दुर्भाग्यवश इसके बहुत-से निहितार्थ हैं।'

इसके सात दशक बाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खूब शानोशौकत से एक मंदिर का उद्घाटन किया और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने विशाल राष्ट्रपति भवन से इस भव्य समारोह को देखा। केन्द्रीय कैबिनेट ने न सिर्फ उद्घाटन का स्वागत किया वरन एक प्रस्ताव भी पारित किया। '...देश के शरीर ने 1947 में स्वाधीनता हासिल कर ली थी...उसमें प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को हुई...' प्रस्ताव के अनुसार राममंदिर आन्दोलन ने देश में अभूतपूर्व एकता कायम की थी और 22 जनवरी को देश की आत्मा को आज़ादी हासिल हुई। (द इंडियन एक्सप्रेस, मुंबई, 25 जनवरी, 2024)।

इस घटनाक्रम से धर्मनिरपेक्षता के मूल्यों में गंभीर गिरावट का संकेत मिलता है। अब तक तो राज्य कुछ हद तक धर्म से दूरी बनाये रखता था। मगर अब तो धर्मनिरपेक्षता का कोई नामलेवा ही नहीं बचा है। स्वाधीनता के समय नेहरु ने कहा भी था कि जहां हमारा संविधान धर्मनिरपेक्ष मूल्यों पर आधारित है वहीं हमारा समाज धार्मिकता के चंगुल में फंसा हुआ है।

नेहरु ने राष्ट्रपति को यह सलाह दी थी कि वे अपनी आधिकारिक हैसियत से सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन न करें। और आज पूरी कैबिनेट मंदिर का उद्घाटन करने के लिए मोदी की जय जयकार कर रही है और बल्कि यह भी कहा जा रहा है कि मंदिर का उद्घाटन, भारत की आत्मा की आज़ादी के सदृश है! देश की गुलामी और आज़ादी भी बहस का मुद्दा बन गई है। एक फिल्म तारिका कंगना रानौत ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा कि-भारत को स्वतंत्रता 2014 में मिली क्योंकि उस साल मोदी प्रधानमंत्री बने।

प्रधानमंत्री और उनके विचारधारात्मक सहयोगी हमें बता रहे हैं कि भारत पिछले एक हज़ार सालों से गुलाम था। मतलब यह कि जिस समय भारत पर मुसलमान राजाओं का शासन था, उस समय देश गुलाम था। किसी देश या क्षेत्र की गुलामी की परिभाषा क्या है? मोटे तौर पर हम दो कसौटियां अपना सकते हैं-

पहला, जब किसी क्षेत्र का शासन उसके बाहर से चलाया जा रहा हो। जिन मुस्लिम राजाओं ने भारत में शासन किया वे यहीं बस गए और उन्होंने स्थानीय ज़मींदारों-राजाओं की मदद से राज चलाया।

दूसरी बड़ी कसौटी है कि क्या किसी इलाके की धन-संपत्ति वहां से बाहर ले जाई गई। मुस्लिम शासनकाल में ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह तो ब्रिटिश राज में हुआ। शशि थरूर ने अपनी पुस्तक 'डार्क इरा ऑफ़ एम्पायर' में बताया है कि किस तरह ब्रिटिश राज में भारत की संपत्ति इंग्लैंड ले जाई गई। इन दोनों आधारों पर तो ब्रिटिश शासन गुलामी का काल था। हां, कुछ मुस्लिम लुटेरे भी भारत आये थे मगर वे यहां शासन चलाने के लिए रुके नहीं।

सन् 1947 में आज़ादी के साथ हमें संप्रभुता भी हासिल हुई और सत्ता हमारे प्रतिनिधियों के हाथों में आई। भारत की आत्मा का क्या? भारत की आत्मा क्या है? भारत की आत्मा उन मूल्यों में है जो हमारे स्वाधीनता संग्राम का आधार थे। भारत की आत्मा उन आंदोलनों में है जो आज़ादी के आन्दोलन के साथ-साथ और उसके समानांतर चले। ये श्रमिकों और किसानों के आन्दोलन थे, ये सामाजिक समानता के लिए आन्दोलन थे। भारत की आत्मा, भारतीय सभ्यता से उभरी, जिसे नेहरु ने 'एक ऐसी प्राचीन स्लेट बताया है जिस पर एक के ऊपर एक कई परतों में विचार और सपने लिखे गए मगर कोई परत, पिछली परत में जो लिखा गया था उसे न तो पूरी तरह ढंक पाई और ना ही मिटा पाई।'

आज़ादी के आन्दोलन को किसानों के आंदोलनों (जैसे बारडोली और चंपारण) से मदद मिली और श्रमिकों के आंदोलनों से भी, जिनमें नारायण मेघाजी लोखंडे एवं कॉमरेड सिंगारवेलु के नेतृत्व में चले आन्दोलन शामिल हैं। इसके अलावा, जातिगत और लैंगिक समानता के आंदोलनों की मदद भी मिली। सामाजिक समानता के पक्षधरों में जोतिराव फुले, सावित्री बाई फुले, भीमराव आंबेडकर और रामासामी पेरियार नाईकर शामिल थे। इन आंदोलनों ने समाज को सामंती मूल्यों से दूर किया और उसमें प्रजातान्त्रिक आशाएं जागृत कीं।

हमारे देश के अधिकांश लोगों के लिए भारत का संविधान ही भारत की आत्मा का मूर्त रूप है। जिन लोगों ने स्वाधीनता आन्दोलन में हिस्सा नहीं लिया वे पुरातन काल की जातिगत और लैंगिक ऊंच-नीच को कायम रखने के हामी थे। ये लोग उन सामाजिक वर्गों से थे जो जातिगत और लैंगिक समानता के खिलाफ थे और किसानों और मजदूरों को उनके हक़ देना नहीं चाहते थे। और इन्हीं ताकतों ने धर्म के नाम पर राजनीति की। इनमें शामिल थीं मुस्लिम लीग, हिन्दू महासभा और आरएसएस।

एक ओर मुस्लिम लीग यह दावा कर रही थी कि अंग्रेजों के भारत में आने से पहले मुसलमान ही भारत के शासक थे वहीं हिन्दू महासभा-आरएसएस का मानना था कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है और इस्लाम और ईसाई धर्म विदेशी हैं। सुरेन्द्रनाथ बनर्जी ने अपनी पुस्तक 'इंडिया' नेशन इन द मेकिंग' में नए उभरते भारत का बहुत अच्छा वर्णन किया है। यह भारत स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व के मूल्यों के आसपास आकार ले रहा था।

यह कहा जा रहा है कि भगवान राम देश को एक करने वाले व्यक्तित्व हैं। भगवान राम के कई रूप हैं। वे एक ओर एक पौराणिक व्यक्तित्व हैं। उनके इस रूप को महर्षि वाल्मीकि ने उद्घाटित किया और गोस्वामी तुलसीदास ने लोकप्रिय बनाया। कबीर के लिए राम, वैश्विक मानवतावाद के मूर्तरूप थे और गांधीजी उन्हें लोगों को एक करने वाली ताकत मानते थे। संघ-भाजपा की राम की व्याख्या अलग है। वे राम को एक सीमित दायरे में कैद करना चाहते हैं। राममंदिर के नाम पर चलाए गए आन्दोलन में पिछले कुछ दशकों में कितने लोगों ने अपनी जान गंवाई है, किस तरह समाज का ध्रुवीकरण हुआ है, अल्पसंख्यक अपने मोहल्लों में सिमटे हैं और दलितों, आदिवासियों और महिलाओं की हालत में गिरावट आई है यह विभिन्न सूचकांकों से साफ़ है और हमें हमारे आसपास दिख भी रहा है।

आज भारत की उस आत्मा पर हमला हो रहा है जो स्वाधीनता आन्दोलन से उभरी है। मंदिर के नाम पर तमाशा खड़ा कर, सत्ताधारी जिस भारत की आत्मा की बात कर रहे हैं वह कहीं नहीं है।

(अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया)

क्या मुश्किल में हैं ममता बनर्जी

■ अरुण श्रीवास्तव

> ममता की मुद्रा के विपरीत, वामपंथियों ने यह कहकर भाजपा से लड़ने के लिए अपनी राजनीतिक परिपक्वता और उत्सुकता दिखाई: 'हमने दरवाजे बंद नहीं किये हैं और न ही हम नेतृत्व करने जा रहे हैं। हम अतिरिक्त मील चलकर राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुए हैं। अब यह कांग्रेस को तय करना है कि वे हमारे साथ गठबंधन चाहते हैं या ममता के साथ।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुश्किल में फंसती नजर आ रही हैं। राजनीतिक चर्चा के अनुसार, उनकी तृणमूल कांग्रेस के लगभग 14 और मंत्री, विधायक और वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाले चुनाव पूर्व प्रतिशोध की प्रतीक्षा सूची में हैं, जिन्हें अगले दो महीनों में, लोकसभा चुनाव से काफी पहले, ईडी द्वारा गिरफ्तार किया जाना है।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के बाद खुद टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने आशंका जताई है कि लोकसभा चुनाव से पहले और भी विपक्षी नेताओं को जेल जाना पड़ सकता है और अगर उन्हें भी जेल भेजा गया तो वह किसी तरह बाहर आ जायेंगी। उन्होंने यहां तक कहा कि 'डरा-धमकाकर सभी को सलाखों के पीछे डाल दिया जायेगा। ध्यान रखें कि चुनाव जीतने के लिए सभी को जेल भेजा जा रहा है।'

वर्तमान में, पार्थ चटर्जी, ज्योति प्रिया मल्लिक, कुंतल घोष, माणिक भट्टाचार्य और कद्दावर नेता अणुब्रत मंडल सहित टीएमसी में कम से कम पांच वरिष्ठ नेता और मंत्री महीनों से जेल में बंद हैं। उन्हें स्कूल सेवा आयोग भर्ती घोटाला, राशन वितरण घोटाला और पशु तस्करी में कथित संलिप्तता के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया था।

तृणमूल कांग्रेस संगठन में वास्तविक रूप से नंबर दो, ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी का नाम उन 14 नेताओं की सूची में सबसे ऊपर है, जिनकी गिरफ्तारी की संभावना है। इनमें से अधिकतर नेताओं के आवासों और दफ्तरों पर ईडी पहले ही छापेमारी कर चुकी है। वे मवेशी तस्करी, कोयला तस्करी आदि से जुड़े विभिन्न मामलों में फंसे हुए हैं। अफवाहों में सांसद और फिल्म स्टार नुसरत जहां का नाम भी शामिल है। मोदी और अमित शाह के इशारे पर ईडी लोकसभा चुनाव से ठीक पहले टीएमसी को पंगु बनाने, उसके शीर्ष नेताओं और चेहरों को चुनावी जीत के रास्ते पर से हटाने पर आमादा है। सूत्रों का कहना है कि इस बार ईडी भारी सशस्त्र दल के साथ घटनास्थल पर उतरेगी और यदि उनके कार्यों का विरोध करने का कोई प्रयास किया गया तो वह क्रूर बल का प्रयोग करने से नहीं चूकेगी।

बेशक, ममता बनर्जी ने राजनीतिक व्यवस्था के खिलाफ अपना गुस्सा व्यक्त किया है: 'क्या हम सभी चोर हैं और वे सभी संत हैं? वे चोरों में सबसे बड़े हैं। आज वे सत्ता में हैं और इसीलिए एजेंसियों को लेकर घूम रहे हैं। कल वे सत्ता में नहीं रहेंगे और सब कुछ खत्म हो जायेगा।' हालांकि, आलोचक, शिक्षाविद और बुद्धिजीवी मौजूदा स्थिति के लिए बंगाल की सीएम को दोषी मानते हैं।

वे कांग्रेस और विशेषकर राहुल गांधी पर उनके तंज को मोदी को खुश रखने की उनकी रणनीति के रूप में देखते हैं। लेकिन इसका कोई नतीजा निकलता नजर नहीं आ रहा है। अजीब बात है कि पिछले कुछ दिनों में ईडी ने अपनी छापेमारी तेज कर दी है। मोदी के पक्ष में होने की ममता की हताशा का पता उनके उस बयान से भी चलता है, जब वह मोदी से फंड जारी करने की मांग को लेकर 48 घंटे के धरने पर थीं। उन्होंने मोदी पर हमला करने के बजाय राहुल और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कांग्रेस पर मुस्लिम वोटों को लुभाने का आरोप लगाया।

उन्होंने इंडिया ब्लॉक के तहत लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की अपनी प्रतिज्ञा दोहराई। उन्होंने कहा कि वह अकेली चुनाव मैदान में उतरेंगी। उन्होंने राहुल पर उन्हें नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। संयोग से, उन्होंने कांग्रेस से अपने अलगाव को छुपाने का विकल्प नहीं चुना। इसके बजाय, वह सार्वजनिक रूप से इसका दावा करती हैं और अपने कार्यकर्ताओं और कैडरों को कांग्रेस की कथित राजनीतिक योजना के प्रति आगाह करती हैं।

अपने विरोध धरना मंच से उन्होंने खुले तौर पर राहुल पर आरोप लगाया: 'वे बंगाल में एक कार्यक्रम करने आये हैं, लेकिन इंडिया गठबंधन के सदस्य के रूप में मुझे सूचित भी नहीं किया। मुझे प्रशासनिक सूत्रों से पता चला। उन्होंने डेरेक (ओ 'ब्रायन) को यह अनुरोध करने के लिए बुलाया था कि रैली को गुजरने की अनुमति दी जाये। फिर बंगाल क्यों आये?' दूसरी ओर, झारखंड में राहुल ने कहा, 'ममताजी भी कह रही हैं कि वह गठबंधन में हैं, हम भी कह रहे हैं कि हम गठबंधन में हैं। सीटों पर बातचीत चल रही है। इसका समाधान निकाला जायेगा।' कांग्रेस और उन पर ममता के हमले के बावजूद उन्होंने बंगाल में प्रवेश करने पर उनकी आलोचना से बचना पसंद किया है।

इसमें कोई रहस्य नहीं है कि कांग्रेस पर निशाना साधकर वह मोदी को संदेश देना चाहती हैं। सामाजिक और राजनीतिक हलकों में यही धारणा बनी हुई है। उनके हमले ने अनादर दिखाया। इसके ठीक विपरीत, राहुल काफी सतर्क रहे हैं और कभी भी खुलकर ममता के बारे में बुरा नहीं बोलते हैं। यहां तक कि संचार प्रभारी जयराम रमेश ने भी ममता पर सधा हुआ जवाब दिया, 'वह कुछ परेशान हैं। यह गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए है, विधानसभा के लिए नहीं। यहां दुश्मन भाजपा है और हम सभी ने मिलकर लड़ने और इस सरकार को हराने की शपथ ली है।'

ममता की मुद्रा के विपरीत, वामपंथियों ने यह कहकर भाजपा से लड़ने के लिए अपनी राजनीतिक परिपक्वता और उत्सुकता दिखाई: 'हमने दरवाजे बंद नहीं किये हैं और न ही हम नेतृत्व करने जा रहे हैं। हम अतिरिक्त मील चलकर राहुल गांधी की यात्रा में शामिल हुए हैं। अब यह कांग्रेस को तय करना है कि वे हमारे साथ गठबंधन चाहते हैं या ममता के साथ। जब तक वे तृणमूल के साथ बातचीत जारी रखेंगे, हम दूर रहेंगे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा जब मुर्शिदाबाद से गुजरी तो मोहम्मद सलीम सहित बंगाल सीपीएम के कई नेता उनके साथ थे।

ममता बनर्जी लगातार मोदी के नक्शेकदम पर चलते हुए कांग्रेस पर हमले कर रही हैं, विशेषकर कांग्रेस आलाकमान द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अधीर चौधरी को मुंह बंद करने के लिए नहीं कहने के कारण। टीएमसी के साथ गठबंधन करने की कांग्रेस की उत्सुकता सोनिया गांधी द्वारा सीट बंटवारे को सुलझाने के लिए ममता से मिलने के फैसले से भी जाहिर होती है। हालांकि, ऐसा प्रतीत होता है कि बनर्जी इस मुद्दे पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव से भी अधिक अड़ियल हैं।

ममता इंडिया ब्लॉक की चुनावी क्षमता और इससे भाजपा और खासकर मोदी के लिए पैदा होने वाले खतरे से अनभिज्ञ नहीं हैं, लेकिन वह नखरे दिखा रही हैं। उनकी टिप्पणियों को अन्य राज्यों में भी व्यापक प्रचार मिल रहा है, जिससे इंडिया ब्लॉक की अखंडता को खतरा पैदा हो गया है।

जहां लगभग सभी विपक्षी नेताओं ने संसद के अंदर नेहरू पर गलत टिप्पणी के लिए मोदी की आलोचना की है, वहीं ममता ने चुप्पी बनाये रखना पसंद किया है। इस ताजा घटना ने उनकी असली मंशा पर और सवालिया निशान लगा दिया है। लाल किले की प्राचीर से नेहरू के स्वतंत्रता दिवस के भाषण का हवाला देते हुए मोदी ने कहा, 'नेहरू ने कहा था कि हम यूरोपीय, जापानी, चीनी, रूसी या अमेरिकियों जितनी मेहनत नहीं करते हैं। यह मत सोचिए कि ये समुदाय जादू से समृद्ध हो गये।' उन्होंने इसे कड़ी मेहनत और चतुराई से हासिल किया है।' मोदी नेहरू को भारतीयों को नीचा दिखाने का प्रमाणपत्र दे रहे थे।' इससे पता चलता है कि भारतीयों के बारे में नेहरू जी की सोच थी कि वे आलसी और कम बुद्धि वाले हैं। उन्हें उनकी क्षमता पर भरोसा नहीं था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी अलग नहीं सोचती थीं।'

कांग्रेस ने तीखा हमला करते हुए जवाब दिया, 'मोदी जो सोचते हैं कि वह चतुर हैं लेकिन असल में वह जिस पद पर हैं, उसका अपमान करते हैं। मेगालोमेनिया और नेहरूफोबिया एक जहरीला मिश्रण है जो भारत में लोकतंत्र की हत्या का कारण बन रहा है। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सोमवार को लोकसभा में अपना भाषण देते समय मोदी अपने 'बेतुके बुरे' स्तर पर थे, जिसे पार्टी ने 'निम्न-श्रेणी' वाला बताया।

पावन प्रसंग

प्रार्थना से ऊर्जा का संचार

प्रार्थना से हमारे भीतर विपत्तियों का सामना करने की ऊर्जा आ जाती है और हम संकल्पों को पूरा करने की ओर अग्रसर होते हैं। कई बार हमारे चारों ओर विपत्ति के बादल मंडराने लगते हैं, निराशा का अंधकार छा जाता है। लगता है कि कोई हमारे दर्द को महसूस नहीं करता, उस समय हम किसी ऐसे की तलाश करते हैं, जिससे हम अपनी बात कह सकें और वह हमारे दुख दूर कर सके। तब हमारे संबल की तलाश ईश्वर पर जाकर खतम होती है। ईश्वर का संबल मिलते ही हमारा आत्मबल मजबूत होने लगता है। विपत्तियां भले ही नष्ट न हों, लेकिन हमारे भीतर उनसे लड़ने की अपार ऊर्जा आ जाती है। इस ऊर्जा से हम न सिर्फ विपत्तियों पर विजय प्राप्त कर लेते हैं, बल्कि अपने संकल्पों को पूरा करने की ओर अग्रसर भी होते हैं।

प्रार्थना के लिए किसी भी भाषा या व्याकरण की जरूरत नहीं है। आवश्यकता है पूर्ण आस्था के साथ ईश्वर के समक्ष संपूर्ण समर्पण। ईश्वर के प्रति हमारा विश्वास हमारे भीतर आत्मबल पैदा करता है। प्रार्थना का अभिप्राय यह नहीं है कि हमारी इच्छा पूर्ण हो ही जाए। यह तो हम पर है कि ईश्वर का संबल लेकर अपने आत्मबल को हम कितना मजबूत बना लेते हैं। प्रार्थना का तात्पर्य जीवात्मा की परमात्मा के समक्ष निजभाव की अभिव्यक्ति से है। ऐसे में मन को ईश्वर के प्रति केंद्रित करना होगा, तभी हम उनसे अपने मन की बात कह सकेंगे। ऐसा करने से न सिर्फ हम अपनी कुंठाओं का विसर्जन कर देते हैं, बल्कि हमें ध्यान का भी अभ्यास होता है। ध्यान मन को भटकने से नियंत्रित करता है। हम समस्याओं को व्यापक फलक पर देखने लगते हैं और उनके मूल में जाकर हम उनके समाधान को खोज लेते हैं। इससे हमें संकट से मुक्ति मिल जाती है। प्रार्थना के संबंध में अनेकों पौराणिक कथाएं हैं। भक्त प्रह्लाद की पुकार पर भगवान नरसिंह रूप धारण करके खम्भे से प्रकट हो गए थे। कौरवों की सभा में जब द्रौपदी का चीर हरण होने लगा तब उसकी पुकार पर भगवान वस्त्ररूपी कवच बन गए, जिसे महाबली दु:शासन भी तोड़ न सका।

गज को जब तक अपनी ताकत का अभिमान था, वह ग्राह (मगरमच्छ) से लड़ता रहा, पर जब गज को लगा कि वह अपने बल पर अपने प्राणों की रक्षा नहीं कर पाएगा, तब उसने श्रीहरि को पुकारा। भक्तवत्सल भगवान ने उसकी रक्षा की और 'गजेंद्रमोक्ष' एक आदर्श प्रार्थना बन गई। इन कथाओं में देखा जाए तो भगवान ने उन्हीं लोगों की सहायता की, जिनका आत्मबल चरम पर रहा, जिन्होंने परिस्थितियों से समझौता नहीं किया।

मनोवैज्ञानिक मानते हैं कि प्रार्थना से अंतर्मन की सोई हुई ऊर्जा सक्रिय हो जाती है, जिससे असाध्य रोग तक ठीक हो जाते हैं। प्रार्थना एक प्रकार का योग है, जिसका अभ्यास प्रतिदिन करना चाहिए। फिर हम रोज प्रार्थना के परमानंद रस का आस्वादन लेंगे और प्रार्थना का प्रतिफल भी देख सकेंगे। जब अंतर से करुण पुकार उठती है तो वही स्वर प्रार्थना का पुष्प बनकर परमात्मा के चरणों में अर्पित हो जाता है। प्रार्थना से असंभव संभव में परिवर्तित होता है। अत: हमें भाव विभोर मन से प्रार्थना करनी चाहिए।

अखंड ज्योति

आपके पत्र

युवा नौकरी देने वाला क्यों न बनें?

समय के साथ-साथ इंसान ने ऐसी चीजें खोज ली हैं जो हर संभव सफलता हासिल कर उसके जीवन को आसान बना रही है। इसमें विज्ञान और टेक्नालॉजी का सबसे बड़ा योगदान है। इसकी मदद से आज इंसान दुनिया के एक कोने से बैठकर किसी भी कोने में आसानी से लोगों से बात कर सकता है। धरती पर बैठकर इंसान ब्रम्हांड की खोज कर रहा है। चंद्रमा पर चंद्रयान और सूर्य पर अपने मिशन भेज रहा है। ऐसा लगता है मानों मनुष्य विकास के सभी चरणों को पार करने की कगार पर है। टेक्नालॉजी के विकास ने न केवल दूरियां मिटा दी हैं बल्कि रोज़गार के अनगिनत दरवाज़े भी खोल दिए हैं। एक समय था जब इंसान पैसा कमाने के लिए दर-दर भटकता था, लेकिन आज प्रतिदिन लाखों रुपये महीना कमा रहा है।

आज व्यक्ति के लिए रोजगार के अनेकों अवसर हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि युवा पीढ़ी बेरोजगारी से तंग है। नौकरियों के लिए अवसर तलाश रहा है। एक-एक पद के लिए हज़ारों बेरोज़गार नौजवान आवेदन करते हैं। लेकिन टेक्नालॉजी के इस युग में युवा पीढ़ी को अब अपनी सोच बदलनी चाहिए. उसे अब नौकरी ढूंढने की बजाय नौकरी देने वाला बनने पर ध्यान देना चाहिए। हालांकि यह सच है कि यदि हम समाज में रोजगार के अवसर पैदा करने में अपनी भूमिका निभाएंगे तो इससे ज्यादा मदद नहीं मिलेगी क्योंकि अवसरों के साथ-साथ कई स्तरों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। यही कारण है कि वर्तमान समय में बेरोजगारी जैसी समस्याओं से जूझ रही युवा पीढ़ी हर तरह के कानूनी और गैरकानूनी हथकंडे अपना रही है। कुछ नौजवान नशीली दवाओं के इस्तेमाल और गलत कार्यों की ओर कदम बढ़ाने लगे हैं, जो किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्म की बात है। अगर युवा पीढ़ी को बेहतर दिशा में ले जाना है तो उन्हें इस ओर जाने की बजाय स्वरोजगार और दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के अवसर ढूंढने होंगे।

आज हमारे पास आगे बढ़ने के कई अवसर हैं। लेकिन मुद्दा यह है कि सही दिशा में कदम किस प्रकार उठाया जाए, जिससे कि परिवार, समाज और देश को फायदा पहुंचे? इसके लिए यदि सरकार और प्रशासन के साथ-साथ युवा भी आगे आएं तो निश्चित तौर पर हमारा समाज विकास की राह पर चल सकता है। युवाओं को अपने रोजगार और आजीविका के लिए अपने माता-पिता या बुजुर्गों का मुंह ताकने की बजाय खुद अपने हाथ आगे बढ़ाने चाहिए ताकि वे समाज में अपनी भूमिका निभा सकें। इस काम के लिए सरकार भी उनकी मदद करने को तैयार है। जिसका युवाओं को फायदा उठाना चाहिए। देश के अन्य हिस्सों की तरह जम्मू के सीमावर्ती जिला पुंछ में भी युवाओं में बढ़ती बेरोज़गारी और उनका गलत दिशा में कदम उठाने की समस्या आम है।

सुहैल अली, पुंछ जम्मू

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770

ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

देश विदेश

इराक में ड्रोन हमले में तीन लोगों की मौत

बगदाद। इराक की राजधानी पूर्वी बगदाद में बुधवार को अर्धसैनिक हशद शाबी बल की एक कार पर हुए ड्रोन हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई। गृह मंत्रालय के एक सूत्र ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने बताया कि हमला शाम को हुआ जब एक ड्रोन ने अल-मश्तल पड़ोस में अर्धसैनिक बलों के एक वाहन पर बमबारी की। बममारी से हुए विस्फोट के कारण आग लग गई और वाहन के अंदर तीन लोगों की मौत हो गई। इराकी सुरक्षा बलों ने घटनास्थल को सील कर दिया और एक नागरिक सुरक्षा टीम आग बुझाने के लिए रवाना हुई।

इमरान समेत कई नेताओं ने डाक मतपत्र के जरिए किया मतदान

शाह महमूद कुरैशी, परवेज इलाही, शेख राशिद और फवाद चौधरी ने भी डाक पत्र से किया मतदान

■ **इमरान की पत्नी बुशरा बीबी नहीं कर सकी मतदान**

इस्लामाबाद, 8 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के आम चुनावों में पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और जेल में बंद अन्य प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने अदियाला जेल से डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डाला है। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरेशी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही, अवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख शेख राशिद और पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने भी डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान किया।श्री खान की पत्नी बुशरा बीबी मतदान में भाग लेने में असमर्थ रहीं, क्योंकि डाक मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें दोषी ठहराया गया और गिरफ्तार किया गया। कुल मिलाकर, अदियाला जेल के 100 से भी कम कैदी मतदान करने में सक्षम रहे, जो जेल के कुल 7,000 कैदियों का केवल एक प्रतिशत है।सूत्रों ने बताया कि जेल प्रशासन ने केवल उन्हीं कैदियों को वोट डालने की अनुमति दी, जिनके पास वैध कम्प्यूटरीकृत राष्ट्रीय पहचान पत्र (सीएनआईसी) थे, और कम मतदान का कारण यह था कि अधिकांश कैदियों के पास मूल सीएनआईसी नहीं था।एक वरिष्ठ अधिकारी ने डॉन को बताया, जेल में अपराधी, डकैत, चोर, जघन्य अपराधों के दोषी और विचाराधीन कैदी बंद हैं।उन्होंने बताया कि अधिकांश अपराधी अपनी पहचान से बचने के लिए सीएनआईसी नहीं रखते हैं, जबकि विचाराधीन कैदियों के पहचान पत्र आमतौर पर थानों द्वारा रोक दिए जाते थे। अधिकारी ने बताया कि अदियाला जेल प्रशासन को जनवरी के मध्य में चुनाव आयोग से डाक मतपत्र प्राप्त हुए और मतपत्र कैदियों को प्रदान किये गये। मतपत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 जनवरी थी।जेल अधीक्षक असद जावेद वाराइच ने हालांकि इसका समय बढ़ा दिया, जिसके बाद वोट सीलबंद लिफाफे में संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के जिला निर्वाचल अधिकारियों (डीआरओ) को भेज दिये गये।एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि चूंकि कुछ कैदी दूर-दराज के इलाकों से थे, इसलिए अंतिम मतगणना से पहले डीआरओ को डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए चुनाव से कम से कम एक पखवाड़े पहले डाक मतपत्रों से मतदान की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी। जेल सूत्रों ने बताया कि पूर्व प्रथम महिला बुशरा बीबी भी डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डालना चाहती थीं, लेकिन उनके अनुरोध पर विचार नहीं किया जा सका क्योंकि उन्हें हिरासत में लिए जाने तक प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी। बुशरा बीबी की प्रवक्ता मशाल यूसुफजई ने पुष्टि की कि पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी को डाक मतपत्र के माध्यम से वोट देने से मना कर दिया गया था।

पुलिस वाहन पर हमले में पांच की मौत, दो घायल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में आम चुनाव के लिए गुरुवार को हो रहे मतदान के बीच उत्तर पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में पुलिसकर्मियों के वाहन पर हुए हमले में पांच कर्मियों की मौत हो गयी और दो अन्य घायल हो गये। प्रांत के आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह घटना प्रांत के डेरा इस्माइल खान जिले में स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग 10:55 बजे हुई, जहां पुलिस का वाहन एक शक्तिशाली विस्फोटक उपकरण से टकरा गया। सूत्रों ने बताया कि विस्फोट के बाद पुलिसकर्मियों पर गोलीबारी भी की गयी। पुलिसकर्मी चुनाव के दिन अपनी नियमित गश्त पर थे। अधिकारियों ने बताया कि हमले में पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए और उनमें से पांच ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। अब तक किसी भी समूह ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। जांच के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गयी है।

पाकिस्तान में मतदान के दौरान हमले में सुरक्षा अधिकारी की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा के टैंक जिले में गुरुवार को आम चुनाव के लिए हो रहे मतदान के बीच हमले में एक सुरक्षा अधिकारी की मौत हो गयी। आज न्यूज ब्रॉडकास्टर ने सूत्रों के हवाले से यह खबर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक हमला कोट आजम इलाके में उस समय हुआ , जब अज्ञात लोगों ने एक सुरक्षाकर्मी के वाहन पर गोलीबारी की।

सुडोकू 6461

7		9	3					2
	5				4			3
	8	3	1	2	9			
	6				7			
		4				3		
			8				1	
			5	6	8	2	9	
8			4				3	
9					3	8		5

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6461



बायें से दायें:-

१. मंगलमय प्रारंभ
३. हृष्ट-पुष्ट
५. नमन
६. मूर्ति
७. शासन, केंद्र
८. किसी की मृत्यु के तेरहवें दिन पर होने वाला कार्यक्रम, तेरहवीं
१२. बंदीगृह
१५. धारण कर्ता
१६. चिढ़, घृणा (उर्दू)
१७. कुप्रथा
१८. फूल, पुष्प
२०. सेवा करने या किसी पद पर बने रहने का समय
२२. मुग्ध होना (मुहावरा)
२३. पहाड़ों के नीचे की जमीन

ऊपर से नीचे:-

१. मंगलदायक
२. थोड़ा भी, किंचित मात्र
३. साथ चलने वाला (उर्दू)
४. कराधान
५. उन्माद
९. योगनिर्दिष्ट बैठने की विधि
१०. कुल, वंश, भाईचारा, गोत्र (उर्दू)
११. अमृत
१२. रुकावट, बाधा
१४. बांसुरी
१७. दक्ष, निपुण
१९. भोर, प्रभात
२०. फौज
२१. बुरी आदत, व्यसन

वर्ग पहेली-6460

१ नि	ख	२ र	ना			३ रू	का	४ व	ट
म्न		ह		५ उ	त्कृ	ष्ट		र	
६ त	मी	ज		दा		७ ज	म	दि	न
म		८ न	९ ग	र	ज	न		ल	
	१० स्व		दा				११ शृ		१२ ख
१३ न	र	मे	घ		१४ क		१५ भ	द्र	ता
	च		१६ र	स	नी	य			वा
१७ अ	ना	थ			नि		१८ अ	१९ पा	र
ग्र			२० स	र	का	२१ र		ग	
२२ जा	न	व	र			२३ ब	हु	ल	ता

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ **बेजान दारुवाला**

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 9 फरवरी , 2024 माघ कृष्ण पक्ष 15

राशिफल

मेष -व्यावसायिक क्षेत्र में सहकर्मियों और भागीदारों के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा होगी। आपकी किसी परियोजना को सरकारी लाभ मिलने की संभावना है। कार्यालय से जुड़े कामों के लिए यात्रा के भी योग हैं।

वृषभ -विदेश में रहने वाले स्नेहीजन तथा मित्रों के समाचार आपको खुशी देंगे। विदेश जाने के इच्छुक व्यक्ति के लिए अच्छा अवसर है। लंबे प्रवास का आयोजन हो सकता है। धार्मिक स्थल की यात्रा से आपका मन खुश रहेगा।

मिथुन -आज आपको काफी सावधानी रखने की जरुरत है। आज इलाज या शल्यचिकित्सा टालना बेहतर होगा। क्रोध से खुद की हानि कर लेंगे। दिमाग को शांत रखें। मानहानि न हो, इसका ध्यान रखिएगा।

कर्क -आज का दिन दोस्तों और स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक गुजार सकेंगे। मनोरंजक प्रवृत्तियों का भी आनंद प्राप्त होगा। व्यापार में भी लाभ होने की संभावना अधिक है। भागीदारों से भी लाभ होगा।

सिंह -मानसिक चिंता से मन चिंतित रहेगा। शंका और उदासी भी मन पर छाई रहेगी, इसलिए आज मन भारी रहेगा। किसी कारणवश दैनिक कामों में विघ्न आ सकते हैं। व्यवसाय में सहकर्मियों का सहयोग आज नहीं के बराबर मिलेगा।

कन्या -आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी। शेयर-सट्टे से संभलकर चलिएगा। मन में खिन्नता का अनुभव होगा। आज बौद्धिक चर्चाओं में न उतरना आपके लिए हितकारी रहेगा।

तुला -आज आप शारीरिक रुप से शिथिलता और मानसिक रुप से चिंता का अनुभव करेंगे। माता के विषय में चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति से संबंधित कामों में सावधानी बरतें।

वृश्चिक -आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आज आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य वृद्धि भी होगी। स्नेहीजनों के साथ संबंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी। नए काम का शुभारंभ करने के लिए समय शुभ है।

धनु -आज आपका मन दुविधा में फंसा रहेगा। पारिवारिक वातावरण क्लेशपूर्ण रहेगा। निर्धारित कामों को पूर्ण न कर पाने से मन में हताशा भी बनी रहेगी। आज कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लेना आपके लिए बेहतर होगा।

मकर -आज दिन की शुरूआत ईश्वर स्मरण से होने के कारण मन प्रफुल्लित रहेगा। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे। नौकरी और व्यापार के स्थान पर आपका प्रभाव बना रहेगा।

कुंभ -आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। परिजनों के साथ कलह होने की संभावना है। धन के लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें। अदालती कार्यवाही में संभलकर चलें। खर्च की अधिकता रहेगी।

मीन -आज आकस्मिक धनलाभ की संभावना अधिक है। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन के या पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। नए मित्रों से भी संपर्क होगा, इसका आपको भविष्य में लाभ होगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

आज का इतिहास

1788-आस्ट्रिया ने रूस के ख़िलाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1801-फ्रांस और आस्ट्रिया ने लुनेविल्ले शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1824-उन्नीसवीं सदी के प्रसिद्ध बंगाली कवि और नाटककार माइकल मधुसूदन दत्ता ने ईसाई धर्म अपनाया।
1922-भारत के प्रसिद्ध होटल उद्योगपति तथा 'होटल लीला समूह' के संस्थापक सी. पी. कृष्णन नायर का जन्म।
1931-भारत में पहली बार किसी व्यक्ति के सम्मान में चित्र समेत डाक टिकट जारी किया गया।
1941-ब्रिटिश सेना ने लीबिया के तटीय शहर अल अघीला पर क़ब्ज़ा किया।
1951-स्वतंत्र भारत में पहली जनगणना करने के लिये सूची बनाने का कार्य शुरु किया गया।
1962-अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया।
1964-भारत के राजनीतिज्ञ और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का जन्म।
1973-बीजू पटनायक उड़ीसा की राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता चुने गए।
1979-अफ्रीकी देश नाइजीरिया में संविधान बदला गया।
1991-लिथुआनिया में मतदाताओं ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए मतदान किया।
1999-यूगांडा में एड्स के टीके 'अलवाक' का परीक्षण, भारतीय निर्देशक शेखर कपूर की फ़िल्म 'एलिजाबेथ' आस्कर पुरस्कार हेतु नामित।
2001-शिवानतरा थाइलैंड के नए प्रधानमंत्री निर्वाचित, चीन-तिब्बत रेलमार्ग को मंजूरी, तालिबान का पाक से प्रत्यर्पण संधि से इंकार।

अब्बास ने ब्लिंकन से मुलाकात की

रामल्लाह, 8 फरवरी (एजेंसियां)। फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने वेस्ट बैंक में अमेरिका के विदेश मंत्री एंथनी ब्लिंकन से मुलाकात की और गाजा पट्टी के विकास सहित मुद्दों पर चर्चा की। ब्लिंकन के साथ बैठक में श्री अब्बास ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वैधता प्रस्तावों के आधार पर दो-राज्य समाधान के कार्यान्वयन के माध्यम से शांति और सुरक्षा हासिल की जा सकती है। अब्बास ने बैठक के दौरान दवा और भोजन सहित राहत आपूर्ति में तेजी लाने और गाजा को पानी, बिजली और ईंधन के प्रावधान के महत्व की पुष्टि की। इस बीच उन्होंने फ़िलिस्तीनी लोगों के जबरन विस्थापन को अस्वीकार करने की बात दोहराई। फिलिस्तीनी राष्ट्रपति ने गाजा निवासियों को भागने के लिए मजबूर करने के लिए पट्टी के दक्षिण में राफा शहर में इजरायली बलों द्वारा किसी भी संभावित सैन्य अभियान के परिणामों की भी चेतावनी दी।

इजरायली चौकी पर गोलीबारी करने वाला फिलिस्तीनी ढेर

यरूशलम, 8 फरवरी (एजेंसियां)। इजरायली सैनिकों ने गुरुवार को वेस्ट बैंक में उनकी सैन्य चौकी पर गोलीबारी करने वाले एक युवा फिलिस्तीनी को मार गिराया। आधिकारिक फिलिस्तीनी समाचार एजेंसी 'वफा' ने बताया कि यह घटना उत्तरी वेस्ट बैंक में दीर शराफ चौकी के पास हुई। इजरायली सेना ने 'एक्स' पर कहा कि रिजर्व बटालियन के सैनिकों ने उन पर (सैन्य चौकी पर) गोलीबारी करने वाले संदिग्ध को मार गिराया। उसने कहा कि गोलीबारी में इजरायल को कोई सैनिक हताहत नहीं हुआ। इजरायली बचाव सेवा यूनाइटेड हत्जालाह ने बाद में संदिग्ध की मौत की पुष्टि की। उसने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि घटना में दो फिलिस्तीनी

राहगीर घायल हो गये, हालांकि यह जानकारी नहीं दी उन्हें किसकी गोली लगी। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्टूबर को गाजा में हमास के खिलाफ इजरायल के जवाबी अभियान की शुरुआत के बाद से वेस्ट बैंक और पूर्वी यरुशलम में भी तनाव बढ़ रहा है। यहां इजरायली बलों ने 370 से अधिक फिलिस्तीनियों को मार गिराया है।

लेबनान में इजरायली हमले में तीन लोगों की मौत

बेरुत। लेबनान के दक्षिणपूर्वी खियाम और बानी हैयान में इजरायल के हमले में दो हिजबुल्लाह लड़ाके और एक नागरिक की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। लेबनानी चिकित्सा और सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि इजरायल ने खियाम पर 11 , बानी हैयान पर चार दक्षिण-पश्चिम लेबनान के इलाकों पर पांच हमले किए। इसके अलावा 16 कस्बों और गांवों में लगभग 75 गोले दागे तथा 12 घरों को नष्ट कर दिया और 37 अन्य को नुकसान पहुंचाया। एक इजरायली ड्रोन ने अल-वज़ानी के दक्षिण-पूर्व गांव में एक पेयजल पंपिंग स्टेशन पर भी दो मिसाइलों से हमला किया।

फिलीपींस में भूस्खलन से दो बस सहित 38 लोग दबे, सात लोगों की मौत

मनीला, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिणी फिलीपींस प्रांत में भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में दो बस सहित उसमें सवार 38 लोगों के दबने से सात लोगों की मौत हो गयी। यह जानकारी डॉन समाचारपत्र ने आपदा अधिकारियों के हवाले से दी। खनन ऑपरेटर एपेक्स माइनिंग ने एक आज एक बयान में कहा कि भूस्खलन मंगलवार रात दावाओ डी ओरो प्रांत के मैको शहर में एक सोने की खदान के बाहर हुआ, जहां बसें में कर्मचारी थे। यह अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि बसों में कितने यात्री सवार थे। मैको शहर की आपदा एजेंसी ने बुधवार को एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि घायलों में से एक

■ **कम से कम 20 लोग वाहनों के अंदर फंसे हुए**

की हालत गंभीर है और उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। आपदा एजेंसी ने मैको शहर के पांच गांवों को भी खाली कराने के आदेश जारी किया है। एजेंसी के अनुसार 38 लोगों में से सात लोग मारे गए और 31 घायल हो गए। प्रांतीय आपदा अधिकारी एडवर्ड मैकापिली ने कहा कि मिंडानाओ द्वीप के दावाओ डी ओरो प्रांत के मसारा में मंगलवार रात भूस्खलन हुआ, जिसमें कई मकान नष्ट हो गए और खदान श्रमिकों का इंतजार कर रही तीन बसें और एक जीपनी चपेट में आ गई। अधिकारियों ने कहा कि बचावकर्मी कीचड़ में खुदाई कर रहे हैं और उन्हें पता चला है कि 48 लोग लापता हैं जिनमें कम से कम 20 लोग वाहनों के अंदर फंसे हुए हैं। श्री मैकापिली ने कहा कि भूस्खलन के समय वाहनों में कम से कम 38 लोग सवार थे लेकिन कीचड़ की चपेट में आने से पहले उनमें से आठ खिड़कियों से सुरक्षित निकलने में सफल रहे। फर्म ने कहा कि भूस्खलन के मलबे में फंसने से पहले चौथी बस रवाना हो गई थी जिसके कारण 62 कर्मचारी सुरक्षित हैं।

अमेरिकी सेना के हमले में कताइब हिजबुल्लाह के एक कमांडर की मौत

वाशिंगटन, 8 फरवरी (एजेंसियां)। इराक में अमेरिका की सेना के हमले में कताइब हिजबुल्लाह के एक कमांडर की मौत हो गयी। अमेरिकी राष्ट्रपति प्रशासन ने गुरुवार को बताया कि यह हमला जनवरी के अंत में जॉर्डन में अमेरिकी बलों पर हुए घातक हमले से जुड़ा था। यूएस सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने एक्स पर लिखा, अमेरिकी बलों ने रात करीब 09:30 बजे हमला किया, जिसमें बगदाद के कताइब हिजबुल्लाह कमांडर को मारा गया। यह कमांडर क्षेत्र में अमेरिकी सेनाओं पर हमलों की सीधे योजना बनाने और उनमें शामिल होने के लिये जिम्मेदार था। इस हमले में कोई आकस्मिक क्षति या नागरिक हताहत नहीं हुआ ।अमेरिका अपने लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करना जारी रखेगा। गौरतलब है कि यह हमला 28 जनवरी को जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ड्रोन हमले के खिलाफ जारी अमेरिकी जवाबी कार्रवाई का हिस्सा था, जिसमें तीन अमेरिकी सैनिक मारे गए थे और 40 से अधिक अन्य घायल हो गए थे।

चुनाव रूस के निकट है भारत : निक्की हेली

भारत को अमेरिकी नेतृत्व पर भरोसा नहीं : हेली

वाशिंगटन, 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने कहा कि भारत रूस के साथ साझेदारी करता है, क्योंकि उसे अमेरिकी नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। फॉक्स बिजनेस न्यूज के चार्ल्स पायने के साथ एक साक्षात्कार में, 51 वर्षीय संयुक्त राष्ट्र की पूर्व राजदूत ने कहा कि उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की है। हेली ने अमेरिका द्वारा भारत को रूस से सस्ता तेल खरीदने की अनुमति दिए जाने संबंधी सवालों का जवाब देते हुए कहा, भारत हमारे साथ भागीदार बनना चाहता है। वे रूस के साथ भागीदार नहीं बनना चाहते हैं। समस्या यह है कि भारत को हमारी जीत पर भरोसा नहीं है। उन्हें हमारे नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। वे हमें कमजोर मानते हैं। यूक्रेन और उसके सहयोगियों द्वारा दुनिया भर के देशों को रूस से दूरी बनाने के लिए मनाने के प्रयासों के बावजूद, मध्य एशियाई राष्ट्र से भारत की तेल खरीददारी तेजी से बढ़ी। जबकि पश्चिमी देशों ने रूस-यूक्रेन युद्ध की शुरुआत में रूसी तेल आयात में कटौती की,

व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने कहा कि भारत सहित प्रत्येक संप्रभु देश को किसी भी देश से तेल खरीदने का अधिकार है। हेली ने कहा, भारत ने हमेशा चतुराई से काम किया है। वे रूस के करीब रहते हैं, क्योंकि उन्हें उससे बहुत सारे सैन्य उपकरण मिलते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को अपनी कमजोरी को दूर करने की जरूरत है। दक्षिण कैरोलिना की दो बार के पूर्व गवर्नर ने कहा कि चीजें तब बेहतर होंगी जब अमेरिका स्वीकार करेगा कि उसे कोई समस्या है।

उन्होंने कहा, हमें अपना गठबंधन बनाना शुरू करना होगा। आपको पहले यह स्वीकार करना होगा कि आपको कोई समस्या है।

अमेरिकी वायु सेना विशेष गोला-बारूद का ऑर्डर देगी

वाशिंगटन। अमेरिका की वायु सेना ग्लोबल मिलिट्री प्रोडक्ट्स और नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन सिस्टम्स को लगभग 14 करोड़ रुपये के विशेष गोला-बारूद का ऑर्डर देने जा रही है। रक्षा विभाग ने प्रेस विज्ञप्ति में यह घोषणा की है। विज्ञप्ति के मुताबिक टाम्पा के वैश्विक सैन्य उत्पाद , रैडफोर्ड के फ्लोरिडा और नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन सिस्टम्स कॉरपोरेशन, वर्जीनिया विशेष गोला-बारूद और हथियार प्रणालियों की आवश्यकताओं के लिए 13 करोड़ 39 लाख रुपये अनुबंध के प्रत्येक ऑर्डर के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। रक्षा विभाग ने कहा कि ऑर्डर पर काम पूरा होने की अनुमानित तारीख आगामी 19 नवंबर है। विभाग ने कहा कि इलिनोइस राज्य में रॉक आइलैंड आर्सेनल में स्थित अमेरिकी सेना अनुबंध कमान अनुबंध गतिविधि के रूप में उत्पादन पर काम की निगरानी करेगी।

दुनिया को जानें

वैज्ञानिकों ने नई दवाएं डिजाइन करने के लिए चैटजीपीटी जैसा मॉडल तैयार किया

न्यूयॉर्क, 8 फरवरी (एजेंसियां)। वैज्ञानिकों की एक टीम ने एक नया चैटजीपीटी जैसा जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल विकसित किया है जो बीमारियों के इलाज के लिए नई दवाएं डिजाइन कर सकता है। चैटजीपीटी ने 2023 में ईमेल लिखने, चिकित्सा और प्रशासनिक परीक्षाओं को पास करने के साथ-साथ मरीजों की बीमारियों का पता लगाने के लिए प्रसिद्धि प्राप्त की। चैटजीपीटी की लोकप्रियता से प्रेरित होकर और यह सोचकर कि क्या यह दृष्टिकोण दवा डिजाइन प्रक्रिया को भी गति दे सकता है, अमेरिका के कैलिफोर्निया में चैपमैन विश्वविद्यालय के श्मिड कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने अपना खुद का जेनएआई मॉडल बनाने का फैसला किया। ड्रगएआई नाम का यह प्लेटफ़ॉर्म यूजरों को लक्षित प्रोटीन सिक्वेंस इनपुट करने की अनुमति देता है (उदाहरण के लिए, एक प्रोटीन जो आमतौर पर कैंसर की प्रगति में शामिल होता है)। व्यापक सार्वजनिक डेटाबेस बाइंडिंगडीबी के डेटा पर प्रशिक्षित ड्रगएआई, बेहद शुरुआती स्तर से अद्वितीय आणविक संरचनाएं उत्पन्न कर सकता है, और फिर संभावित दवाओं को और परिष्कृत कर सकता है।

प्रादेशिकी

6 घंटे तक एंबुलेंस में तड़पती रही प्रसूता और फिर उसने दम तोड़ दिया

हल्द्वानी। एक हृदय विदारक खबर सामने आ रही है जहां पर एक गर्भवती महिला ने एंबुलेंस में 6 घंटे तक तड़पने के बाद दम तोड़ दिया। जानकारी अनुसार पौड़ी के सरकारी अस्पताल में प्रसव के बाद जब महिला की हालत बिगड़ने लगी तो डॉक्टरों द्वारा उसे रामनगर सीएचसी में रेफर कर दिया गया। फिर वहां भी हालात नहीं सुधरे तो महिला को सुशीला तिवारी अस्पताल भेज दिया गया, जिस वजह से महिला 6 घंटे तक एंबुलेंस में ही सफर करती रही और तड़पती रही। सुशीला तिवारी अस्पताल पहुंचने के बाद जब महिला को चिकित्सकों के पास इलाज के लिए ले जाया गया तो चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

अप्रैल से चलेगी पहली मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन : महाराज

■ पर्यटन विकास परिषद और आईआरसीटीसी के मध्य हुआ करार

देहरादून,, 8 फरवरी (देशबन्धु)। पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज की उपस्थिति में पर्यटन विभाग एवं आईआरसीटीसी के मध्य देश के विभिन्न क्षेत्रों से राज्य के अल्पज्ञात गंतव्यों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन मानसखण्ड एक्सप्रेस चलाए जाने के लिए अनुबंध किया गया है। पर्यटन विभाग की ओर से डा. हरीश रेड़तोलिया, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी, तथा आईआरसीटीसी की ओर से समूह महाप्रबन्धक सुनील कुमार, द्वारा अनुबन्ध पर हस्ताक्षर किये।

मंत्री ने जानकारी देते हुए बताया कि पर्यटन विभाग की यह महत्वाकांशी योजना है, जिससे हमारे राज्य के सुदुरवर्ती मंदिर, गंतव्य स्थान, डेस्टिनेशन अब रेल की कनैक्टिविटी से जुड़ जाएंगे। उन्होंने कहा कि यहां आने वाले पर्यटक व श्रद्धालु टेऊन के गंतव्य स्थल के बाद बस सर्विस के जरिये अपने गंतव्य स्थानों तक पंहुचकर दर्शन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मानसखण्ड माला के लिए यह बहुत ही सुन्दर कनैक्टिविटी है। उन्होंने कहा कि बड़ी प्रसंशा हो रही है कि उत्तराखण्ड पर्यटन विभाग तथा भारतीय रेल के मध्य यह एमओयू हुआ है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों से आग्रह किया कि मानसखण्ड आइए आदी कैलाश, ओम पर्वत तथा यहां जो अलब्य स्थान हैं उनके

दर्शन किजिए। उन्होंने कहा कि यात्रा के दौरान उत्तराखंडी व्यंजन परोसे जाएँगे तथा पर्यटन विभाग द्वारा प्रशिक्षित गाइड्स को भी रोजगार का अवसर प्राप्त होगा। इस ट्रेन को उत्तराखण्ड से जुड़े विभिन्न गंतव्यों, उत्तराखण्डी व्यंजन, त्योहार आदि के चित्रों द्वारा सुसज्जित किया जायेगा, जिससे देश के विभिन्न शहरों से गुजरने पर इन गंतव्यों के बारे में आमजनमानस को जानकारी भी प्राप्त होगी।

राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन विभाग द्वारा एक नई पहल की गई है। जिसमें उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् एवं आईआरटीसी के बीच मानसखण्ड मंदिरों तथा अन्य स्थलों के प्रचार-प्रसार हेतु विशेष टेऊन (मानसखण्ड एक्सप्रेस) संचालित किए जाने पर आज एक एमओयू (समझौता हस्ताक्षर) किया गया। मानसखण्ड स्थित विभिन्न मंदिरों के भ्रमण हेतु पहली ट्रेन अप्रैल, 2024 में कोलकाता से चलाई जाएगी। उसके बाद अन्य शहरों के लिए भी तैयारी की जा रही है। मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन के संचालन हेतु हुए करार के अनुसार उत्तराखण्ड पर्यटन विकास परिषद् का खर्च सालाना पांच करोड़ के लगभग होगा। यह टेऊन पूर्णागिरी, हॉट कालिका, पाताल भुवनेश्वर, मायावती, बालेश्वर, मानेश्वर, जागेश्वर, गोलू देवता-चितई, नंदादेवी, कसार देवी, कटारमल अल्मोड़ा, नानकमत्ता गुरूद्वारा खटीमा और नैना देवी नैनीताल ऐसे सम्भावित स्थल हैं जिनका मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन के यात्रियों के दर्शनार्थ प्रमुख स्थान हैं। मानसखण्ड एक्सप्रेस ट्रेन में पांच सौ यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। ट्रेन के सभी यात्री डिब्बे सेकेण्ड ए0सी0 हैं। साथ ही ट्रेन में यात्रा के दौरान भोजन की भी व्यवस्था होगी।यात्रा के दौरान यात्रियों को उत्तराखण्ड के स्थानीय व्यंजन भी परोसे जाएंगे। यात्रा के दौरान होटल व्यवस्था, बसों द्वारा भ्रमण, गाइड आदि को टूअर पैकेज के रूप में आईआरटीसी रेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। उत्तराखण्ड पर्यटन का यह नूतन प्रयास, भारत के सुदूर इलाकों से सैलानियों को उत्तराखण्ड के विभिन्न अल्पज्ञात दर्शनीय स्थलों तक पहुँचाने में कड़ी का काम करेगा। इस ट्रेन के संचालन से राज्य के पर्यटन विकास को एक नयी दिशा मिलेगी। मानसखंड स्थित मंदिरों की यात्रा के साथ शुरू होने वाली प्रथम ट्रेन अप्रैल माह में संचालित किया जाना प्रस्तावित है। इस ट्रेन में 500 यात्री एक साथ सफर कर सकेंगे। ट्रेन के सभी यात्री डब्बे, 2एसी हैं। साथ ही ट्रेन में भोजन की व्यवस्था भी होगी। यात्रा के दौरान भोजन आदि की व्यवस्था, प्रवास के दौरान होटल, बसों द्वारा भ्रमण, गाईड आदि को टुअर पैकेज के रूप में आरटीसी, जो रेल मंत्रालय, भारत सरकार का उपक्रम है, द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

भाजपा का गांव चलो अभियान आज से, कमलेड़ी गांव में प्रवास करेंगे सीएम धामी

देहरादून, 8 फरवरी (देशबन्धु)। लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए 9 से 11 फरवरी तक भाजपा ने गांव चलो अभियान की शुरूवात कर रही है। गांव चलो अभियान को लेकर मुख्यमंत्री समेत सरकार में मंत्रियों एवं पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर दी है । आपको बता दें कि लोकसभा चुनाव के पेशेनजर 9 से 11 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लोहाघाट विधानसभा के कमलेडी गांव एवं प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट बदरीनाथ विधानसभा के पांडुकेश्वर जोशीमठ में प्रवास करेंगे।

पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चैहान ने बताया कि पार्टी के सभी पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदेश के 11729 बूथों पर 24 घंटे प्रवास करेंगे। इस दौरान वे स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं जनता के माध्यम केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देंगे। साथ ही योजनाओं के लाभार्थियों का अनुभव साझा करते हुए अन्य लोगों को भी लाभार्थी बनने में मदद करेंगे और जनता के सामने आ रही समस्याओं के निराकरण का प्रयास करेंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री अजय भट्ट नानकमत्ता के पीपलिया पिस्तोर गांव में, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज हरिद्वार ग्रामीण के जमालपुर कला में, प्रेमचंद अग्रवाल ऋषिकेश के प्रतीनगर में, डॉ. धन सिंह रावत श्रीनगर के पल्ली में, गणेश जोशी मसूरी के गुनियाल में, रेखा आर्य सोमेश्वर के सुपा कोट गांव में प्रवेश करेंगे। बिशन सिंह चुफाल डीडीहाट के बलपीर में, बंशीधर भगत कालाढुंगी के नारायणनगर में, मदन कौशिक हरिद्वार में, रमेश पोखरियाल निशंक ज्वालापुर की डालूवाला में, अजय टम्टा अल्मोड़ा के रेलापानी में, नरेश बंसल भगवानपुर के सिकरौड़ा में, डॉ. कल्पना सैनी पिरान कलियर के ब्रह्मपुर गांव में प्रवास करेंगे। कुल 29 पार्टी पदाधिकारियों के नाम और प्रवास के गांव तय किए गए हैं।

सार संक्षेप

मोहम्मद शहजाद ने उमेश कुमार पर लगाया अभद्रता का आरोप

रुड़की। बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद ने विधानसभा सत्र में उमेश कुमार पर भाजपा का साथ देने का आरोप लगाया है। आरोप है कि उनके साथ सदन में अभद्रता की गई जिसका बदला हरिद्वार की जनता उमेश कुमार से लेकर रहेगी। इसके साथ ही बसपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जब तक उमेश कुमार सार्वजनिक माफी नहीं मांगते तब तक उनके पुतले हरिद्वार में विभिन्न क्षेत्रों में दहन किए जाएंगे। रुड़की में नहर किनारा स्थित पार्क में पत्रकारों से वार्ता करते हुए बसपा प्रदेश अध्यक्ष शीशपाल ने कहा सदन में विधायक उमेश कुमार द्वारा बसपा विधायक मोहम्मद शहजाद के साथ अभद्रता की गई वह बसपा पार्टी या विधायक को हल्के में लेने की कोशिश न करें बसपा इसका मुंहतोड़ जबाव देगी और बसपा कार्यकर्ता जिले की हर विधनसभा में उमेश कुमार के पुतले फूंकने का काम करेंगे। लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि विधानसभा सत्र से पूर्व हुई रविवार को हुई बैठक में तय हुआ था कि सोमवार को कोई कार्य न करके दिवंगत हुए विधायकों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद सदन को नियमानुसार चलाया जाएगा जिसमें प्रश्नकाल भी होगा। लेकिन सत्ता पक्ष चाहता था कि यूसीसी के लिए विशेष सत्र है और केवल यूसीसी पास हो किसी विधायक को इस पर चर्चा का अवसर न दिया। शहजाद के अनुसार विपक्ष के विधायको की बैठक में उमेश कुमार भी शामिल थे लेकिन उन्होंने सदन में सत्ता पक्ष का साथ देने का कार्य किया।

ग्राम्य विकास विभाग ने किया हाउस फॉर हिमालय कंपनी का गठन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए एवं उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग के लिए एक अंब्रेला ब्रांड के रूप में हाउस फॉर हिमालय स्थापित किए जाने के निर्देश दिए थे। मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों के क्रम में ग्राम्य विकास विभाग ने राज्य में प्रचलित सभी ब्रांड्स के उत्पादों की पहुंच बढ़ाने, गुणवत्ता में सुधार करने, मानकीकृत पैकेजिंग सुनिश्चित करने और ब्रान्डिंग एवं विपणन करने हेतु शीर्ष स्तरीय संस्था। बता दें 08 दिसम्बर, 2023 को पीएम मोदी ने इन्वेसटर्स समिट के दौरान हाउस फॉर हिमालय का लोकार्पण किया था। जिसके क्रम में उत्पादों की गुणवत्ता, ब्रान्डिंग एवं बेहतर मार्केटिंग, स्थानीय हितधारकों यथा-स्वंय सहायता समूहों, किसानों की आजीविका संवर्द्धन एवं लखपति दीदी कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति आदि दूरगामी सोच के आधार पर उत्पादों के वृहद् स्तर पर विपणन , कच्चे माल की प्रतिपूर्ति, डिजीटल मार्केटिंग, मल्टीपल सेल्स चैनल के लिए शीर्ष स्तरीय संस्था को श्कंपनीट के रूप में पंजीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया। जिससे उत्तराखण्ड के हाउस फॉर हिमालय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया जा सके।

सुडोकू 6458 का हल

8	9	3	4	2	1	6	7	5
1	7	4	6	5	9	8	3	2
5	2	6	7	8	3	9	1	4
7	1	9	5	3	4	2	8	6
4	3	2	8	7	6	5	9	1
6	5	8	9	1	2	7	4	3
2	6	1	3	9	8	4	5	7
3	8	7	2	4	5	1	6	9
9	4	5	1	6	7	3	2	8

हल्द्वानी में दो दिवसीय उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन शुरू

हल्द्वानी, 8 फरवरी (देशबन्धु)। उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्तराखंड के साथ-साथ कई राज्यों के 400 से अधिक वैज्ञानिक और शोधार्थियों ने हिस्सा लिया है। इसी बीच पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी,पद्मश्री अनिल जोशी और कई विश्वविद्यालय के कुलपति समेत वैज्ञानिकों ने अपने विचार रखें। उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉक्टर ओपीएस नेगी ने बताया कि राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सम्मेलन करने का मकसद वैज्ञानिक प्रतिभा को बढ़ावा देना और राज्य के उभरते वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि युवा वैज्ञानिक पुरस्कार विजेताओं को उनके उन्नत अनुसंधान कार्य को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय अनुभव से लाभ उठाने के लिए राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में भेजने पर विचार किया जा सकता है। डॉक्टर ओपीएस नेगी ने बताया कि इस कार्यक्रम में देश-विदेश के 400 शोधार्थी और 140 वैज्ञानिकों समेत विशेषज्ञ भागीदारी कर रहे हैं। सम्मेलन में टेक्नॉलाजी संगम का भी आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेषज्ञों द्वारा बच्चों को विज्ञान की नई-नई जानकारियों से अवगत कराया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में पूरे देश से लगभग 20 से अधिक विश्वविद्यालयों के कुलपति भी शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन में सबसे अच्छे शोधपत्र के लिए वेस्ट साईंटिस्ट अवार्ड भी दिया जाएगा। विश्वविद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी भी लगाई गई है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर की लगभग 55 संस्थाएं भागीदारी कर रही हैं।

हल्द्वानी नगर निगम का जेई 25 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

■ विजिलेंस ने जाल बिछाकर दबोचा

■ स्ट्रीट लाइट कम्पनी को भुगतान के ऐवज में मांगी थी रिश्वत

हल्द्वानी, 8 फरवरी (देशबन्धु)। कुमाऊं विजिलेंस ने नैनीताल में भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विजिलेंस ने हल्द्वानी नगर निगम के जूनियर इंजीनियर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि नगर निगम का जूनियर इंजीनियर (जेई) केबी उपाध्याय ने स्ट्रीट लाइट कंपनी के कर्मचारी से रिश्वत मांग रहा था। शिकायत पर विजिलेंस की टीम ने 25 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार है।

जानकारी के मुताबिक, नगर निगम का जेई सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाने वाली कंपनी से 25 हजार रिश्वत की डिमांड की थी। जिसके बाद कंपनी के कर्मचारियों ने कुमाऊं विजिलेंस में इसकी शिकायत की। विजिलेंस टीम की शुरुआती जांच में शिकायत सही

पाई गई। इस पर घूसखोर जेई को पकड़ने के लिए योजना बनाई गई। जिस पर गुरुवार को विजिलेंस की टीम ने नगर निगम कार्यालय में अचानक छापा मारा और जेई को कंपनी के कर्मचारी से 25 हजार की रिश्वत लेते रंगों हाथों गिरफ्तार किया। विजिलेंस की टीम आरोपी से पूछताछ कर रही है।

विजिलेंस सीओ अनिल मनराल ने बताया कि शिकायतकर्ता ने बताया कि उनकी कंपनी हल्द्वानी शहर में स्ट्रीट लाइटें लगाने का कार्य करती है और इनके रखरखाव का कार्य भी वही कम्पनी करती थी कंपनी को रखरखाव के एवज में भुगतान नगर निगम करता है। लेकिन इससे पहले नगर निगम से कार्य के संतोषजनक होने का पत्र की आवश्यकता होती है। जिसे बनाने के के लिए नगर निगम हल्द्वानी के जेई केबी उपाध्याय रिश्वत मांग रहा था।

उधर हल्द्वानी नगर निगम में विजिलेंस की छापामारी मिलने की सूचना पर नगर निगम के कर्मचारियों में हड़कंप मच रहा। छापेमारी के दौरान भारी पुलिस फोर्स भी मौके पर तैनात रही। फिलहाल विजिलेंस की टीम जेई से पूछताछ कर रही है। विजिलेंस की टीम ने कुछ दस्तावेज को भी जब्त किया है।

गौरतलब है कि कुमाऊं विजिलेंस की टीम 1 महीने के भीतर रामनगर, हल्द्वानी और उधम सिंह नगर से कई कर्मचारियों को रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार कर चुकी है। विजिलेंस की एक बार फिर बड़ी कार्रवाई के बाद रिश्वतखोर कर्मचारियों में भय का माहौल बना हुआ है।

शासकीय अधिवक्ता तक पहुंची रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा मामले की जांच

देहरादून, 8 फरवरी (देशबन्धु)। जमीन रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा मामले में एसआईटी की लगातार जांच चल रही है। एसआईटी की जांच में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) सुरेश चंद्र शर्मा का नाम भी सामने आ रहा है। सुरेश चंद्र शर्मा पर लगे आरोपों के आधार पर न्याय विभाग में सुनवाई की जाएगी और तब तक उनका कार्य जिला शासकीय अधिवक्ता को सौंपा गया है। 23 जुलाई में देहरादून में रजिस्ट्री फर्जीवाड़ा का खुलासा हुआ था। खुलासा होने के बाद स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने जांच के दौरान अब तक दो अधिवक्ता समेत 13 आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई कर चुकी है। अब तक मामले में 19 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। एसआईटी ने कई भू-माफियाओं को भी रडार पर लिया है। एसआईटी की जांच गतिमान है। जांच में धीरे-धीरे अन्य कई नाम भी सामने आ रहे हैं। खरीद फरोख्त का फर्जीवाड़ा मामला सामने आने पर रजिस्ट्रार कार्यालय के सहायक महानिरीक्षक निबंधन संदीप श्रीवास्तव द्वारा कोतवाली नगर देहरादून में कई मुकदमे दर्ज कराए हैं। अब एसआईटी की जांच में अब सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) सुरेश चंद्र शर्मा पर भी गंभीर आरोप लगे हैं। इसे लेकर एसआईटी प्रभारी एसपी ट्रैफिक सर्वेश पंवार ने न्याय विभाग को पत्र लिखा है। संयुक्त सचिव न्याय एवं संयुक्त विधि परामर्शी अशोक कुमार ने बताया कि सुरेश चंद्र शर्मा पर गंभीर आरोप लगे हैं, जिस पर सुनवाई की जाएगी। जब तक सुनवाई चलेगी, तब तक वे मुकदमों की पैरवी नहीं कर सकेंगे। साथ ही जिला मुख्यालय में अन्य कोई सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व के पद पर न होने के कारण जिला शासकीय अधिवक्ता नितिन वशिष्ठ को ही सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता का कार्य सौंपा गया है।

जांच से क्यों भाग रहे अरविंद केजरीवाल : अनुराग ठाकुर

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सवाल उठाया है कि वे जाँच से क्यों भाग रहे हैं। ठाकुर नई दिल्ली स्थित अपने आवास पर संवाददाताओं से वार्तालाप कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर पूछे गए सवालों के जवाब दिए।

अरविंद केजरीवाल द्वारा लगातार ईडी के समनों की अनदेखी के प्रश्न पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि जो कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बड़ी बड़ी बातें करते थे वे आज भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। ईडी के पांच समनों की लगातार अनदेखी के बाद अब अदालत को दखल देकर उन्हें ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहना पड़ा है। आखिर कब तक अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से बचते रहेंगे। वे कब तक ईडी की जांच से बचते रहेंगे।

अनुराग ठाकुर ने कहा कि केजरीवाल ने जिसको भी ईमानदारी के सर्टिफिकेट दिए, उनमें से एक को भी कोर्ट से बेल नहीं मिल रही। यह एक प्रकार से आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार पर मोहर लगाता है। कांग्रेस नेता डीके शिवकुमार द्वारा दिए गए विवादास्पद बयान पर प्रतिक्रिया

देते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि क्या ये संयोग है या प्रयोग है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के साथी दल एक के बाद एक भारत विरोधी बयान दे रहे हैं। भारत के टुकड़े करना चाह रहे हैं। क्या यह संयोग है या प्रयोग है। ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन में सेंगोल की स्थापना कर तमिलनाडु को मान- सम्मान दिया है। कांग्रेस ने उसका भी विरोध किया। अनुराग ठाकुर ने मोदी सरकार द्वारा लाए जाने वाले श्वेत पत्र पर कहा कि श्वेत पत्र से कांग्रेस के सभी काले कारनामे और सच्चाई सामने आ जाएगी। उत्तराखंड सरकार द्वारा यूनिफॉर्म सिविल कोड कानून लागू किए जाने पर अनुराग ठाकुर ने उत्तराखंड सरकार और वहां के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को शुभकामनाएं दी।ठाकुर ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है। हमने जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाई, देश के मुस्लिम माता बहनों को ट्रिपल तलाक से निजात दिलाई और अब अयोध्या धाम के भव्य मंदिर में हमारे श्री रामलला विराजमान हैं। यह सब मोदी की सरकार में हुआ है। हमने पिछले 10 वर्षों में देश को भ्रष्टाचार मुक्त शासन दिया है।

जो कभी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने की बड़ी बड़ी बातें करते थे वे आज भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हुए हैं। ईडी के पांच समनों की लगातार अनदेखी के बाद अब अदालत को दखल देकर उन्हें ईडी के समक्ष पेश होने के लिए कहना पड़ा है। आखिर कब तक अरविंद केजरीवाल भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों से बचते रहेंगे : अनुराग ठाकुर

चुनाव में अग्निपथ योजना को मुद्दा बनाएगी कांग्रेस

देहरादून, 8 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रिटायर्ड कैप्टन प्रवीण सिंह डाबर आज राजधानी के दौरे पर हैं। इसी बीच उन्होंने अग्निपथ योजना को युवा विरोधी बताया और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद अग्निपथ योजना को रद्द करने की बात कही है। साथ ही प्रवीण सिंह डाबर ने मोदी सरकार पर करीब डेढ़ लाख युवाओं के सपनों को खत्म करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा उन्होंने अग्निपथ योजना लागू होने पर करीब डेढ़ लाख युवाओं की छीनी गई नौकरियां वापस देने जाने की मांग उठाई है। कैप्टन प्रवीण सिंह डाबर ने कहा कि कठोर चयन प्रक्रिया से गुजरने के बाद 2019 और 2022 के बीच सरकार ने फौज के लिए रिक्रूटमेंट की थे, लेकिन युवाओं को सारी प्रक्रियाओं के बाद भी भर्ती से वंचित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इनमें से अधिकतर युवा दिल्ली में

आंदोलनरत हैं, लेकिन सरकार उन्हें फौज में नहीं ले रही है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने तय किया है कि मार्च से पहले करीब 30 लाख पूर्व सैनिकों से संपर्क स्थापित करके उन युवाओं के लिए न्याय मांगा जाएगा।

प्रवीण डाबर ने अग्निपथ योजना को लेकर कहा कि इसमें चयनित युवाओं को सेना के नियमित सैनिकों की तुलना में कम वेतन मिलता है और कुल मासिक वेतन करीब 21 हजार रुपए ही होता है, जबकि नियमित सैनिकों को 45 हजार रुपए मिलते हैं। ऐसे में इन युवाओं को महंगाई भत्ता की सुविधा भी नहीं मिलती है और सैन्य सेवा वेतन भी नहीं दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत आने वाले युवाओं को शहीद होने के बाद भी शहीद का दर्जा नहीं दिया जाएगा। इसमें चयनित युवा किसी भी प्रकार की चिकित्सकीय और

■ सत्ता में वापसी आने पर युवाओं को दिया पुरानी भर्ती का भरोसा

अन्य सुविधाओं का लाभ भी नहीं उठा सकते हैं।

कांग्रेस ने प्रदर्शन किए जाने का लिया निर्णय

प्रवीण डाबर ने कहा कि 1 फरवरी से 28 फरवरी तक इसके विरोध में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है, इसके बाद अगले माह से प्रत्येक जिला मुख्यालयों में प्रदर्शन किए जाएगा। उसके बाद मार्च के आखिरी सप्ताह तक हर जिले में 50 किलोमीटर की न्याय यात्रा निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस योजना की खामियों को लोकसभा चुनाव से पहले पूरे जोर-जोर से उठाने जा रही है, क्योंकि अब एंटी मोदी लहर उठनी शुरू हो गई है और अब मोदी तीसरी बार फिर नहीं आने वाले हैं।

लक्ष्यों को पूर्ण करने के लिए तेजी से कार्य करें: डीएम

नई टिहरी, 8 फरवरी (देशबन्धु)। जिला कार्यालय सभागार में बैंकर्स की जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक जिलाधिकारी डॉ. आशीष चैहान की अध्यक्षता में आयोजित हुई। उन्होंने इण्डसिण्ड बैंक अधिकारी के बैठक में अनुपस्थित रहने पर वेतन रोकने तथा सीडी रैशियो की कम प्रगति पर एसबीआई, पीएनबी व इण्डसिण्ड बैंक के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए प्रगति लाने के निर्देश दिये। गुरूवार को आयोजित बैठक में जिलाधिकारी ने पिछली बैठक में दिये गये निर्देशों की बैंक अधिकारियों से अनुपालन आख्या की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों व बैंक अधिकारियों को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत वार्षिक लक्ष्य 700 के सापेक्ष 977

■ कलेक्ट्रेट सभागार में ली जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति की बैठक

आवेदन वितरित किये। जिलाधिकारी ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में प्रदेश स्तर पर पहला स्थान प्राप्त करने पर बैंकर्स व सम्बन्धित विभागों को बधाई दी। पर्यटन विभाग द्वारा होमस्टे का निर्धारित लक्ष्य 20 के सापेक्ष 11 आवेदन स्वीकृत किये हैं। जिलाधिकारी ने पर्यटन अधिकारी को लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने सीडी रैशियो की कम प्रगति पर संबंधित बैंक अधिकारियों को चेतावनी देते हुए प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। बिते वर्ष माह सितम्बर, 2023 में सीडी रैशियो 25.71 था तथा माह दिसम्बर, 2023 में 26.55 बढ़ा है।

प्रादेशिकी

कृषक इंटर कॉलेज मवाना की छात्रा ईतिशा सम्मानित

मवाना, 8 फरवरी (देशबन्धु)। कृषक इंटर कॉलेज मवाना की छात्रा ईतिशा को लोक दल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह ने कृषक इंटर कॉलेज मवाना में 5100 रुपए देकर सम्मानित किया। कृषक इंटर कॉलेज मवाना की छात्रा कुमारी ईतिशा कक्षा नाइंथ में पढ़ती है। यह छात्रा कॉलेज का नाम रोशन राष्ट्रीय स्तर पर कर चुकी है इसने हरियाणा में कुश्ती में प्रथम स्थान प्राप्त कर यूपी का नाम रोशन किया था। जिसने इलाहाबाद एवं दिल्ली में कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया था और अन्य स्थानों पर भी इसने मेडल एवं स्मृति प्राप्त किए हैं। छात्रा ईतिशा को लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव चौधरी विजेंद्र सिंह की ओर से भी सम्मानित किया गया है।

महाकुंभ के आयोजन के लिए योगी सरकार ने तेज की तैयारियां

लखनऊ/प्रयागराज, 8 फरवरी (देशबन्धु)। प्रयागराज में आयोजित होने जा रहे महाकुंभ को दिव्य,भव्य और नव्य स्वरूप देने के लिए उत्तर प्रदेश की योगी सरकार संकल्पित है । प्रशासन का अनुमान है कि इस बार महाकुंभ में 41 करोड़ से अधिक श्रद्धालु व पर्यटक पहुंच सकते हैं। श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए प्रशासन की तरफ से विभिन्न नए कदम उठाए जा रहे हैं। कुंभ मेला क्षेत्र के अंदर और कुंभ क्षेत्र से सटे हुए शहरी क्षेत्रों में भी उनके ठहरने के लिए पर्यटन विभाग और मेला प्राधिकरण ने कई कदम उठा रहा है।

प्रयागराज महाकुंभ के लिए योगी सरकार की तरफ से तैयारी जोरों पर है। इस बार पहली बार महाकुंभ मेला क्षेत्र में अस्थायी सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस का निर्माण किया जाएगा। महाकुंभ मेला अधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया है कि मेला क्षेत्र में अस्थाई सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस की शासन से मंजूरी मिल गई है। निर्माण के लिए टेंडर निकालने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। देश -विदेश से आने वाले वीवीआईपी तथा राज्य अतिथियों के लिए मेला क्षेत्र में 55 सुईट का अस्थायी सर्किट हाउस बनाया जाएगा।

- मेला क्षेत्र में अस्थायी सर्किट हाउस और गेस्ट हाउस के निर्माण को शासन से मिली मंजूरी
- पर्यटन विभाग ने शहर में पेइंग गेस्ट हाउस की योजना का रोड मैप किया तैयार

शहर के चंद्र शेखर आजाद सर्किट हाउस की तर्ज पर ही इसका निर्माण और संचालन किया जाएगा। इसके पास ही स्नान हेतु वीआईपी घाट बनाए जायेंगे। राज्य सरकार ने इसके लिए 17 करोड़ रुपये स्वीकृत हो गए हैं। अस्थायी सर्किट हाउस के अलावा मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों में 25 हजार बेड का गेस्ट हाउस भी बनाया जाएगा। वहां टायलेट और यूरिनल की भी विशेष सुविधा होगी। गेस्ट हाउस मेला क्षेत्र के कई स्थानों पर बनाए जाएंगे। कुंभ मेला अधिकारी के मुताबिक लगभग 32 करोड़ रुपए की लागत से इसका निर्माण किया जाएगा।

मेला क्षेत्र में गंगा-पंडाल एवं कन्वेंशन- हॉल का भी निर्माण किया जाएगा । जर्मन हैंगर से निर्माण किए गए इन पंडालों की क्षमता 10 हजार से अधिक होगी। इसके लिए अलग से बजट जारी होगा। स्नान घाटों, प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग और जाली लगाई जाएगी। इसके लिए शासन से मेला प्राधिकरण से 7 करोड़ मिल चुके हैं। महाकुंभ में आने वाले विशिष्ट अतिथियों के अलावा आम आदमी के लिए शहरी क्षेत्र में पर्यटन विभाग की तरफ से पेइंग गेस्ट योजना शुरू की जा रही है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह के मुताबिक पेइंग गेस्ट योजना में चिन्हित क्षेत्रों में पर्यटकों के लिए आवश्यक आवासीय सुविधाओं में वृद्धि के साथ ही साथ ऐसे भवन स्वामियों, जिनके पास पर्यटकों को रूकवाने हेतु अतिरिक्त कमरे उपलब्ध हों उन्हें इस सेवा से जोड़ा जाएगा। इससे स्वत: रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा।

रोडवेज की 10 लग्जरी बसों से अयोध्या जाएंगे मंत्री और विधायक

लखनऊ, 8 फरवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार, उत्तर प्रदेश विधानसभा के समस्त सदस्यों को भगवान श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या धाम का दर्शन कराएगी। इसके लिए 11 फरवरी को परिवहन निगम की 10 सुपर लक्जरी/प्रीमियम बसें तैयार रहेंगी। योगी सरकार की ओर से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के प्रबंध निदेशक को बसों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है की सीएम योगी ने बुधवार को ही सभी सदस्यों से 11 फरवरी को भगवान श्रीरामलला के दर्शनों के लिए अयोध्या चलने का आग्रह किया था। वहीं विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने भी सभी सदस्यों को अयोध्या चलने का निमंत्रण दिया है। समस्त सदस्यों को ले जाने के लिए ये बसें विधानभवन के गेट संख्या-1 व 3 के सामने प्रात: 8:15 बजे उपलब्ध रहेंगी। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्देश दिए कि अयोध्याधाम के दर्शन कराने वाली इन बसों की बाहरी व आंतरिक सफाई बेहतर रहनी चाहिए, पर्दे लगे होने चाहिए। बसों में सुरक्षा की दृष्टि से अग्निशमन यंत्र अवश्य रहे। साथ ही फर्स्ट एड किट उपलब्ध रहे। बसों में रामधुन भी अवश्य बजे। चालक/परिचालक व्यवहार कुशल हों एवं बस में रहें। साथ ही वर्दी में नेम प्लेट जरूर लगा होना चाहिए। परिवहन मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश की पुरातन संस्कृति एवं धार्मिक परम्पराओं को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है।

11 फरवरी को विधानसभा सदस्यों को भगवान के दर्शन कराने के लिए परिवहन निगम ने की तैयारी

प्रदेश में बीते सात माह में 23 हजार से अधिक अपराधियों को मिली गुनाहों की सजा

लखनऊ, 8 फरवरी (देशबन्धु)। योगी सरकार प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और अपराधियों की कमर तोड़ रही है। यूपी पुलिस जहां एक तरफ सीधा मुकाबला करते हुए अबतक 194 से अधिक बदमाशों को ढेर कर चुकी है, वहीं बड़ी संख्या ऐसे अपराधियों की भी है, जिन्हें न्यायालय में पुलिस की प्रभावी पैरवी से बेदम कर दिया गया है। यूपी पुलिस का अभियोजन निदेशालय इसमें अहम रोल अदा कर रहा है। पिछली सरकारों में जहां अभियोजन निदेशालय हाशिये पर रहता था, वहीं योगी सरकार ने इसे खास तरजीह दी है। इसी का नतीजा है कि प्रदेश के विभिन्न न्यायालयों में अभियोजन निदेशालय की प्रभावी पैरवी से पिछले सात माह के अंदर 17 हजार से अधिक मामलों में 23 हजार से अधिक अपराधियों को उनके गुनाहों की सजा दिलायी जा चुकी है। वहीं अपराधियों को सजा दिलाने में प्रदेश के दस जिलों ने बाजी मारी है।

- बिना गोली और हथियार के भी यूपी पुलिस का अभियोजन निदेशालय अपराधियों को कर रहा ढेर

अभियोजन निदेशालय के एडीजी दीपेश जुनेजा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जुलाई-23 में प्रदेश के अपराधियों को कोर्ट में प्रभावी पैरवी और शत-प्रतिशत गवाहों की गवाही कराकर अपराधियों को सजा दिलाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिये थे। इसके तहत अपराधियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिए 1 जुलाई से ऑपरेशन कन्विक्शन चलाया गया। इस अभियान के जरिये 25 जनवरी-24 तक 17,657 मामलों में 23,971 अपराधियों को सजा दिलायी गई। इसमें कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये 19 अपराधियों को मृत्युदंड की सजा दिलायी गई जबकि 5 वर्ष से कम की सजा में सबसे अधिक 9,139 अपराधियों को सजा दिलायी गई। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत 1 जुलाई से 25 जनवरी तक 2213 अपराधियों को आजीवन कारावास, 432 अपराधियों को 20 वर्ष अथवा अधिक की सजा, 30 अपराधियों को 15 से 19 वर्ष की सजा, 1405 अपराधियों को 10 से 14 वर्ष की सजा, 2154 अपराधियों को 5 से 9 वर्ष कारावास की सजा दिलायी गई। वहीं 8,579 अपराधियों ने जेल में अपनी सजा काटी। एडीजी ने बताया कि इन अपराधियों को सबसे अधिक पॉक्सो के 1482 मामलों में सजा दिलायी गई है। योगी सरकार ने कोर्ट में प्रभावी पैरवी के जरिये 1 जुलाई से 25 जनवरी तक सनसनीखेज हत्या के 844 मामलों, बलात्कार के 260 मामलों, डकैती के 50 मामलों, लूट के 208 मामलों, चोरी के 1001, गृह भेदन के 89 मामलों, अन्य सनसनीखेज अपराध के 1075 मामलों, वाहन चोरी के 116 मामलों और अन्य प्रकरण के 12,532 मामलों में अपराधियों को सजा दिलायी गई। वहीं ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रदेश के आठ जिलों और दो कमिश्नरेट पुलिस ने अपराधियों को सजा दिलाने में सबसे अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें बाराबंकी पुलिस ने सबसे अधिक 714 अपराधियों को सजा दिलायी जबकि कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने 673 अपराधियों, सहारनपुर ने 538 अपराधियों, मुरादाबाद ने 519 अपराधियों, बिजनौर ने 479 अपराधियों, मुजफ्फनगर ने 457 अपराधियों, मेरठ ने 451 अपराधियों, बुलंदशहर ने 441 अपराधियों और कमिश्नरेट आगरा ने 349 अपराधियों को सजा दिलायी।

सार संक्षेप

आरडीएसएस योजना से लाभान्वित होंगे विद्युत उपभोक्ता

मेरठ। राज्य सरकार और केन्द्र सरकार की महत्वकांशी योजना रिवैम्पड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम को धरातल पर उतारने के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। 3403.01 करोड़ रूपए लागत की इस योजना से प्रणाली सुधार, सुदृढ़ीकरण कार्यों एवं विद्युत आपूर्ति में गुणात्मक सुधार संभव होगा। मुजफ्फरनगर, शामली और सहारनपुर जनपद के अन्तर्गत अधिक लाईन हानियों वाले क्षेत्रों में ए0बी0 केबिल लगाने का कार्य, जर्जर तार व पोल को बदलने का कार्य, कृषि पोषकों को अलग करने के लिए नये पोल लगाकर तार लगाने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन

मेरठ। उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डी0डी0यू0-जी0के0वाई0) के अन्तर्गत आज परीक्षितगढ़ इण्टर कॉलेज परीक्षितगढ़, विकास खण्ड-परीक्षितगढ़, मेरठ में विकास खण्ड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। उक्त रोजगार मेले में 10 निजी क्षेत्र की कम्पनियों ने प्रतिभाग किया गया। इन कम्पनियों ने सेल्स एग्जीक्यूटीव, जीओ पॉइन्ट मैनेजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, फिटर, हेल्थ सेक्टर, इंश्यूरेंस/बैंकिग सेक्टर, मशीन ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, ट्रेनी ऑपरेटर आदि सेक्टर के लिए रिक्तियां अधिसूचित की थीं। कंपनियों द्वारा न्यूनतम 10000 रू0 और अधिकतम 25000 रू0 मासिक वेतन ऑफर किया गया। रोजगार मेले में 262 अभ्यर्थियों में, जोकि कौशल विकास मिशन, डीडीयू-जीकेवाई के प्रशिक्षित अभ्यर्थियों तथा अन्य ग्रामीण अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार में प्रतिभाग किया गया, जिसके सापेक्ष 115 अभ्यर्थियों को कंपनियों द्वारा मौके पर ही चयन किया गया।

डीएम को मिली शिक्षा व सफाई व्यवस्था खराब, अनुपस्थिति लेखाधिकारी का वेतन रोंका

फर्रुखाबाद। जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया गयाद्य जिसमे साफ सफाई न मिलने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की, इसके साथ ही लेखाधिकारी कार्यालय में ताला पड़ा होनें से उनका वेतन रोकनें के निर्देश दिये। निरीक्षण में बीएसए कार्यालय की साफसफाई सही नही पायी गयी। जिलाधिकारी ने कार्यालय में अभिलेखों के सही तरह से रख-रखाव व पंखों की सफाई टूटे पड़े मेज कुर्सियों को सही कराने के निर्देश दिये। सुबह 10: 25 तक वित्त एवं लेखा कार्यालय पर ताला लगा था वित्त एवं लेखाधिकारी अनुपस्थिति थे। जिलाधिकारी द्वारा वित्त एवं लेखाधिकारी छत्रपाल वर्मा का वेतन रोकने आदेश दिये।

विश्व कैंसर दिवस पर हुआ मैराथन का आयोजन

मेरठ, 8 फरवरी (देशबन्धु)। स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा कैंसर जागरूकता हेतु विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनरल मोहन सिंह खेल मैदान में सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के. थपलियाल, उन्होंने कहा कि कैंसर रोग के प्रति जागरूकता हेतु विश्वविद्यालय परिसर में मैराथन का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि मैराथन में विद्यार्थियों व शिक्षकों द्वारा सभी को कैंसर रोग के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ.जी.के.थपलियाल ने कहा कि जागरूकता ही

प्रतिकुलपति डॉ.अभय शंकरगौड़ा, सुभारती इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर मैनेजमेंट एंड रिसर्च के डायरेक्टर एवं पूर्व विभागाध्यक्ष एम्स डॉ अनुराग श्रीवास्तव, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.संदीप कुमार ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ.संदीप कुमार ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कैंसर का बचाव है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में कैंसर रोग के प्रति जागरूक कर सभी को इसके कारण, निवारण एवं बचाव से रूबरू कराया जा रहा है। सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ. कृष्णा मूर्ति ने मैराथन आयोजन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कैंसर एक जटिल बीमारी है।

इन्टरमीडिएट भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न

मवाना, 8 फरवरी (देशबन्धु)। ए एस इंटर कॉलेज मवाना मेरठ में इन्टरमीडिएट भूगोल प्रयोगात्मक परीक्षा में परीक्षक डॉ राजेश प्रजापति एवं नेहा प्रजापति ने विभाग के अध्यक्ष संदीप कुमार एवं सहप्रभारी सुनील कुमार ने छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न कराई। छात्र छात्राओं ने चार्ट, मोंडल तैयार कर परीक्षा में अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने परीक्षक को विद्यालय के वातावरण के बारे में बताया। विद्यालय का भ्रमण कराया। परीक्षक डॉ राजेश प्रजापति ने बताया की छात्र-छात्राओं के द्वारा उच्च स्तरीय मेहनत के साथ कार्य किया गया है।

राम मंदिर के बाद ज्ञानवापी में मंदिर बनने जा रहा: प्रवीण तोगड़िया

मेरठ, 8 फरवरी (देशबन्धु)। बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष प्रवीणतोगड़िया मेरठ पहुंचे। गढ़ रोड स्थित न्यूटीमा हॉस्पिटल में पहुंचकर प्रवीण तोगड़िया ने डॉक्टर से मुलाकात की। इसके पांडव नगर स्थित महेंद्र त्यागी की माता की शोक सभा में पहुंच गए। शोकसभा के बाद वह डोरली स्थित शीलकुंज कॉलोनी निवासी अमित गुप्ता के आवास के पास गए। वहां प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनने का सपना पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर बनने से पूरे देश के हिंदुओं में खुशी है। उन्होंने कहा कि अयोध्या का सपना पूरा हो चुका है, अब मथुरा और काशी का नंबर है। उन्होंने अपने भाषण में कहा कि अब हिंदुओं को लाठियां और गोली खाने की जरूरत नहीं पड़ेगी,

जल्द मथुरा और काशी में मंदिर बनेंगे। इस दौरान उन्होंने कार सेवकों को सम्मानित भी किया।

प्रवीण तोगड़िया ने कहा कि देश में बढ़ती आबादी को रोकना जरूरी है, अगर आबादी को नहीं रोका गया तो विशेष समुदाय के लोग कॉलोनी पर भी कब्जा कर लेंगे।

खेत खलियान की निगरानी कर कृषि को स्मार्ट बनाएगा एआई: डॉ वत्सला तोमर

मेरठ, 8 फरवरी (देशबन्धु)। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर स्थित सर छोटू राम अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कंप्यूटर साइंस एवं एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ऑनलाइन मोड में संचालित 6 दिवसीय एफडीपी के आज चौथे दिन पहले सत्र के मुख्य वक्ता व अग्रसेन इंस्टीट्यूट आईपी युनिवर्सिटी, नई दिल्ली के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर आशीष खन्ना ने आईओटी तकनीक के माध्यम से वर्तमान एग्रीकल्चर को स्मार्ट एग्रीकल्चर कैसे बनाया जाए पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में अमनउल्ला इंस्टीट्यूट पठानकोट के प्राचार्य डॉ रजत अरोड़ा ने एग्रीकल्चर इंजिनियरिंग के क्षेत्र में बिग डाटा का बड़ा रोल बताया ,वहीं तीसरे में अंतिम सत्र में आईआईएमटी विश्वविद्यालय मेरठ की एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर वत्सला तोमर ने पीपीटी के माध्यम से एफडीपी में हिस्सा ले रहे सैकड़ो शिक्षकों को अपने वक्तव्य के दौरान बताया कि वर्तमान और भविष्य की टेक्नोलॉजी बिगडाटा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग के माध्यम से किस प्रकार समसामयिक कृषि पद्धतियों में सुधार लाया जा सकता है, उन्होंने कहा कि बिग डाटा और एआई तकनीक की खेत खलियानों, स्वचालित स्मार्ट सिंचाई प्रणाली, रोग कीट का पता लगाना इत्यादि निगरानी सम्बन्धी जटिल कार्यों को सहजता से पूर्ण करने में बड़ी भूमिका रहने वाली है।

कम्प्यूटर स्क्रीन हैक कर सॉल्व करते थे पेपर, दबोचे

मेरठ, 8 फरवरी (देशबन्धु)। यूपी पुलिस ऑनलाइन कंप्यूटर ऑपरेटर भर्ती परीक्षा में 12 लोगों को अरेस्ट किया गया। आरोपी गैंग बनाकर परीक्षार्थियों को पास कराने का झांसा देते थे। इसके बदले मोटी रकम वसूलते थे। एग्जाम के वक्त अभ्यर्थी की कंप्यूटर स्क्रीन हैक कर लेते थे। इसके बाद सवाल सॉल्व करते थे। यह काम वे हैकिंग एक्सेस सॉफ्टवेयर से करते थे। ये सभी बागपत में एक किराया का कमरा लेकर रह रहे थे। गुरुवार को साइबर टीम बागपत पहुंची। यहां 3 लोगों को रंगे हाथों पकड़ा। इसके बाद उन्हें उठाकर थाने ले आई। फिर इन लोगों से सख्ती से पूछताछ की। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने 9 लोगों के नाम बताए। इसके बाद आरोपियों की निशानदेही पर गाजियाबाद से 9 लोगों को भी धर दबोचा। बुलंदशहर के रमेश सिंह ने प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET) में धोखाधड़ी को लेकर कोतवाली देहात में केस दर्ज कराया था। रमेश सिंह छत्रपति शिवाजी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य हैं। इसके बाद से पुलिस जांच कर रही थी। मेरठ

- 12 लोगों को किया गया गिरफ्तार

STF यूनिट के ASP बृजेश कुमार सिंह ने बताया, मुखबिर से सूचना मिली थी कि बागपत में आवास विकास कॉलोनी कस्बा बडौत में अनिल कुमार के मकान में कुछ व्यक्ति किराए पर रहते हैं। ये लोग लेकर कम्प्यूटर सिस्टम हैक पेपर हल कर रहे थे। पुलिस ने बताया कि इसके बाद साइबर टीम को एक्टिव किया गया। गुरुवार दोपहर को टीम बडौत पहुंची। यहां से 3 लोगों को अरेस्ट किया। इन लोगों की निशानदेही पर 9 और लोगों को गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि अभ्यर्थियों से एग्जाम पास कराने के लिए 6-6 लाख रुपए में बात हुई है। एडवांस के रूप में 50-50 हजार रुपए नकद लिए थे। आरोपियों ने बताया कि हम लोग परीक्षा में अभ्यर्थी के कम्प्यूटर की स्क्रीन शेयर कर यही से पेपर सॉल्व कर रहे थे। रचित चौधरी ने विधान पब्लिक स्कूल दुहाई गाजियाबाद में एक लैब बना रखी थी। इसे फर्जी तरीके से अपने नाम से अप्लाई कर परीक्षा कराने के लिए केंद्र आवंटित करा रखा है। जहां से सहयोगियों की मदद से ऑनलाइन परीक्षा हैकिंग का काम करते हैं। इसके अलावा ऑफलाइन परीक्षाओं में साफ्टवेयर के माध्यम से एडमिट कार्ड में फोटो मिक्सिंग करते थे। फिर अभ्यर्थी की जगह पर सॉल्वर बैठाते थे।

शहरी क्षेत्र में परिवार नियोजन की अलख जगाने निकले सारथी वाहन

फर्रुखाबाद, 8 फरवरी (देशबन्धु)। परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से गुरुवार को सीएमओ डॉ अवनीन्द्र कुमार ने सारथी वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सारथी वाहन नगरीय क्षेत्र में भ्रमण कर परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता फैलाएंगे। छोटे परिवार के फायदे बताते हुए परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधन अपनाने के लिए जनमानस को जागरूक किया जाएगा। सीएमओ ने बताया कि ऐसे पुरुष जिनके दो या उससे अधिक बच्चे हैंए उन्हें नसबंदी के लिए प्रेरित किया जाएगा। इन वाहनों के माध्यम से सभी एएनएम योग्य दंपति से संपर्क कर काउंसिलिंग करेंगे, जिनका परिवार पूरा हो गया है या जो दो बच्चों में अंतर रखना चाहते हैं। लाभार्थियों को माला एनए छाया, कंडोम, अंतरा इंजेक्शन, पुरुष नसबंदी, महिला नसबंदी, कापर टी आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

- सीएमओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शोभित विवि में चल रही तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं का समापन

मेरठ, 8 फरवरी (देशबन्धु)। गुरूवार को शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में प्रेरणा दिवस के उपलक्ष में तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ । जिसमें मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र जी एवं निधि शेखर उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रेरणा दिवस पर शोभित विश्वविद्यालय मेरठ एवं प्यारे लाल शर्मा गवर्मेंट हॉस्पिटल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र एवं निधि शेखर द्वारा की गई। जिसमें प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति ने सर्वप्रथम रक्तदान किया। इसके अलावा निधि शेखर एवं वंश शेखर एवं कमांडिंग ऑफिसर 70 वी बटालियन एनसीसी मेरठ, कर्नल पंकज मग्गो के द्वारा भी रक्तदान किया गया।

रक्तदान शिविर में विश्वविद्यालय के छात्रों एवं पुरातन छात्रों ने भी बढ़ चढ़कर रक्तदान किया। जिन्हें कुलाधिपति द्वारा सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाली टीमों को कुलाधिपति कुलपति द्वारा ट्रॉफी, मेडल एवं

- प्रेरणा दिवस पर लगाया गया रक्तदान शिविर
- विजेताओं के सर सजा ताज, ट्रॉफी पाकर खिले छात्रों के चेहरे

सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता में टग आफ वार गर्ल्स में विधि एंड टीम ने प्रथम स्थान तथा वंशिका गोयल की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। टग आफ वर बॉयज में विनय विकल्प की टीम ने प्रथम स्थान तथा वंश शेखर की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल में प्रथम स्थान शिवम गौड़ की टीम ने तथा दूसरा स्थान गौरव राज की टीम ने प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक में टीम ए नो डिस्क्रिमिनेशन ने प्रथम स्थान तथा टीम बी इंपॉर्टेंस ऑफवाटर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। क्विज कंपटीशन में पहला स्थान रवि रोशन कुमार एवं टीम ने दूसरा स्थान आदर्श मिश्रा एंड टीम ने तथा तीसरा स्थान अर्ने कुमार ने प्राप्त किया। फोटोग्राफी कंपटीशन में आदित्य सौम्या ने पहला राजन ने दूसरा तथा चंदन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं पोस्टर मेकिंग कंपटीशन में अभिषेक राज ने पहला तथा नीतीश कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली में पहला स्थान संदीप कुमार तथा दूसरा रितिक सिंह एवं जिया कुमारी ने प्राप्त किया। स्टोन पेंटिंग में खुशी सचिन ने पहला स्थान रजत, जोया ने दूसरा तथा मुन्ना कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वॉल पेंटिंग में पहला स्थान अर्ची की टीम तथा दूसरा स्थान कशवी की टीम ने प्राप्त किया। वेस्ट टू बेस्ट कंपटीशन में पहला स्थान रितिक सिंह एवं जिया की टीम ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान तनुज चौधरी एवं प्रकाश गौड़ की टीम ने तथा तीसरा स्थान सरवन कुमार रितिक और विवेक ने प्राप्त किया। योग ट्रेजर हंट में पहला स्थान हर्ष कुमार एंड टीम ने तथा दूसरा स्थान पवन कुमार एंड टीम ने प्राप्त किया। पार्टनर योगा में अंकित राज दीपू कुमार ने पहले राजन केशव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कबड्डी बॉयज में पहला स्थान विनय विकल्प बीटेक की टीम ने तथा दूसरा स्थान बाल मुकुंद कुमार एमबीए की टीम ने प्राप्त किया। थ्रू बॉल्स गर्ल्स में पहला स्थान शुभांगी सिंह गौर की टीम ने तथा दूसरा रूबी कुमारी की टीम ने प्राप्त किया।

100 मीटर रेस गर्ल्स में तनीषा सिरोही ने पहला दूसरा नीलक्षी त्यागी अनन्या शर्मा ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं 200 मी बॉयज रेस में विनय विकल् ने प्रथम सूरज कुमार ने दूसरा तथा सुभम चौधरी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर रेस बॉयज में पहला स्थान विक्की कुमार दूसरा आदित्य कुमार तथा तीसरा शुभम सिंह ने प्राप्त किया। पहला स्थान अंशिका तथा दूसरा स्थान अभय कुमार ने प्राप्त किया, कैरम सिंगल में प्रियांशु जायसवाल ने पहला तथा रोहित कुमार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन सिंगल बॉयज में अधिराज पवार ने पहला तथा अश्वनी सिंह ने दूसरा स्थान प्राप्त किया बैडमिंटन सिंगल गर्ल्स में पहला स्थान तनीषा सिरोही ने प्राप्त किया तथा दूसरा स्थान नीलक्षि त्यागी ने प्राप्त किया। बैडमिंटन डबल्स बॉयज में मुदित सिंह अभिनव सिंह ने पहले तथा अंश तोमर एवं अधिराज पवार ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस सिंगल बॉयज में सुंदरम सिंह ने पहला कृष्ण केशव ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टेबल टेनिस सिंगल गर्ल्स में श्रेया सिंह ने पहला तथा आंचल पटेल ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

मां ने मुझे थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया : बोमन ईरानी

मुंबई। बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने बताया है कि उनकी मां ने उन्हें थिएटर जाने और सिनेमा देखने के लिए प्रोत्साहित किया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय, ब्रिटिश संसद और भारतीय उच्चायोग जैसे प्रतिष्ठित स्थानों पर बोमन ईरानी की उपस्थिति और प्रभावशाली शब्दों ने न केवल भारत को गौरवान्वित किया है, बल्कि कई लोगों के लिए प्रेरणा का काम भी किया है। ऑक्सफोर्ड की अपनी यात्रा के दौरान, बोमन ईरानी ने एक यादगार भाषण दिया और सिनेमा से परे उनके प्रभाव के लिए डॉ. अदिति लाहिरी से प्रशंसा प्राप्त की। अपनी जीवन यात्रा पर विचार करते हुए, बोमन ईरानी ने उल्लेखनीय क्षणों को साझा किया, जिसमें बचपन के अनुभवों से लेकर अपनी मां द्वारा थिएटर के लिए प्रोत्साहन के तहत एक फोटोग्राफर के रूप में काम करने सहित अपनी विविध भूमिकाएं शामिल हैं।

इम्प्रोवाइज्ड फिल्म पर काम करना एक कलाकार के लिए खुशी की बात : रसिका दुग्गल

मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। आगामी फिल्म 'फेयरी फोक' में नजर आने वाली अभिनेत्री रसिका दुग्गल ने कहा कि एक इम्प्रोवाइज्ड फिल्म पर काम करने से एक कलाकार को खुशी मिलती है क्योंकि इससे उन्हें अपनी कला को आगे बढ़ाने का मौका मिलता है। मानवीय रिश्तों पर आधारित 'फेयरी फोक' को सिडनी फिल्म फेस्टिवल, शिकागो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, एमएएमआई फिल्म फेस्टिवल और मेलबर्न के भारतीय फिल्म फेस्टिवल में काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। फिल्म में रसिका के पति मुकुल चड्ढा भी हैं और इसका निर्देशन करण गौर ने किया है।

फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिनेत्री ने कहा कि एक इम्प्रोवाइज्ड फिल्म पर काम करना एक कलाकार के लिए खुशी की बात है। शूटिंग की इस शैली ने हमें कई नई चीजों का पता लगाने का मौका दिया। यह उस तरह की फिल्म है, जिसे एक कलाकार को अपने जीवन में जरूर करनी चहिए। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का एक नया ट्रेलर और पोस्टर लॉन्च किया है जो मानवीय रिश्तों की जटिलताओं को इस तरह गहराई से उजागर करता है कि वास्तविक और काल्पनिक के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है।

मुकुल चड्ढा के लिए यह फिल्म उनके द्वारा की गई किसी भी अन्य फिल्म से बहुत अलग है।

सेहतमंद त्वचा दे सकता है बादाम

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। विशेषज्ञों का मानना है कि किसी को सुंदरता और खूबसूरत होने का एहसास दिलाने में भोजन विकल्पों की बहुत बड़ी भूमिका होती है और भोजन में मुट्ठीभर बादाम शामिल कर लेना सेहतमंद त्वचा बनाए रखने के लिए जरूरी है। इसके साथ ही माइंडफुलनेस तकनीक जैसे योग का अभ्यास और पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है।

- **प्रोटीन, कॉपर, जिंक, विटामिन ई और पॉलीफेनॉल जैसे पोषक तत्वों से युक्त**
- **चमकदार त्वचा पाने के लिए संतुलित आहार, मौसमी फल, सब्जियां व लीन प्रोटीन को करें शामिल**

आल्मंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया द्वारा ग्लो फ्रॉम विदिन नर्चरिंग एरेडिएंट स्किन विषय पर आयोजित परिचर्चा में विशेषज्ञों ने कहा कि खूबसूरती को केवल बाहरी सुंदरता से नहीं नापा जा सकता, आप जो खाते हैं वह आपकी खूबसूरती और उसके एहसास को बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस परिचर्चा में अभिनेत्री सोहा अली खान, डर्मेटोलॉजिट एवं स्किन एक्सपर्ट डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता के साथ मैक्स हेल्थकेयर, डायटेटिक्स रीजनल हेड, दिल्ली-रितिका समद्दर ने हिस्सा लिया।

समद्दर ने पौराणिक ग्रंथों और आधुनिक रिसर्च पर जोर दिया। जिनमें रोजाना अपने ब्यूटी रूटीन में बादाम को शामिल करने के कई सारे फायदों के बारे में बताया गया है। उन्होंने एक अध्ययन की भी चर्चा की, जिसमें दर्शाया गया है कि कैलोरी से भरपूर स्नैक की जगह बादाम लेने से मेनोपॉज़ के बाद के दौर से गुजर रही महिलाओं का स्किन टोन बेहतर होता है और चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं। खासकर जिन महिलाओं को फिट्ज़पैट्रिक स्किन टाइप 1 और 2 की समस्या है। इसके साथ ही बादाम में हेल्दी फैट्स और विटामिन ई (अल्फा-टोकोफेरॉल) होता है, जोकि एंटी-एंजिंग गुणों से भरपूर है। यह सेहतमंद स्किन के लिए फायदेमंद होता है।

डॉ. गुप्ता ने त्वचा की बनावट को बेहतर बनाने के लिए बादाम को अपने रोजाना के भोजन में शामिल करने पर जोर दिया और यह भी बताया कि बादाम खाने से त्वचा सूरज की हानिकारक यूवीबी किरणों से मुकाबला करती है। उन्होंने कहा कि हमारी त्वचा की प्राकृतिक चमक संतुलित आहार पर निर्भर करती है, क्योंकि हमारी त्वचा हमारी अंदरूनी सेहत का आईना होती है। स्किनकेयर स्पेशलिस्ट होने के नाते, मैं त्वचा को अंदर से पोषण देने के महत्व को समझती हूं और इस यात्रा में बादाम एक अहम भूमिका निभाता है जो प्रोटीन, कॉपर, जिंक, विटामिन ई और पॉलीफेनॉल जैसे पोषक तत्वों से युक्त होता है। इससे त्वचा सेहतमंद होती है, यह बढ़ती उम्र से लड़ती है और स्किन की बनावट को बेहतर बनाती है। सोहा अली खान ने कहा कि मनोरंजन उद्योग में काम करने के लिए अपनी और अपने बच्चे की सेल्फ-केयर बेहद जरूरी है।

अपने खाने में बादाम को शामिल करना और नियमित रूप से योगा सेशन में जाने से हमारी त्वचा और पूरी सेहत में काफी सुधार हुआ है। बादाम में मौजूद विटामिन ई, जिंक, आयरन और कॉपर, त्वचा की सेहत को बेहतर बनाने, इम्युनिटी में सुधार लाने और हमारी सामान्य सेहत को अच्छा बनाए रखने में फायदेमंद साबित हुआ है। अपनी मनपसंद एक्टिविटीज करना और संतुलित आहार, मौसमी फल, सब्जियां और लीन प्रोटीन को शामिल करके मैं चमकदार त्वचा पा सकती हूं और अपनी पूरी सेहत को बेहतर बना सकती हूं।

वैज्ञानिकों ने नई दवाएं डिजाइन करने के लिए चैटजीपीटी जैसा मॉडल तैयार किया

न्यूयॉर्क, 8 फरवरी (एजेंसियां)। वैज्ञानिकों की एक टीम ने एक नया चैटजीपीटी जैसा जेनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल विकसित किया है जो बीमारियों के इलाज के लिए नई दवाएं डिजाइन कर सकता है। चैटजीपीटी ने 2023 में ईमेल लिखने, चिकित्सा और प्रशासनिक परीक्षाओं को पास करने के साथ-साथ मरीजों की बीमारियों का पता लगाने के लिए प्रसिद्धि प्राप्त की।

चैटजीपीटी की लोकप्रियता से प्रेरित होकर और यह सोचकर कि क्या यह दृष्टिकोण दवा डिजाइन प्रक्रिया को भी गति दे सकता है, अमेरिका के कैलिफोर्निया में चैपमैन विश्वविद्यालय के श्मिड कॉलेज ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के वैज्ञानिकों ने अपना खुद का जेनएआई मॉडल बनाने का फैसला किया। 'ड्रगएआई' नाम का यह प्लेटफ़ॉर्म यूजरों को लक्षित प्रोटीन सिक्वेंस इनपुट करने की अनुमति देता है (उदाहरण के लिए, एक प्रोटीन जो आमतौर पर कैंसर की प्रगति में शामिल होता है)। व्यापक सार्वजनिक डेटाबेस बाइंडिंगडीबी के डेटा पर प्रशिक्षित ड्रगएआई, बेहद शुरुआती स्तर से अद्वितीय आणविक संरचनाएं उत्पन्न कर सकता है, और फिर संभावित दवाओं को और परिष्कृत कर सकता है जो संभावित दवाओं को ज्यादा असरदार बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। मॉडल 50-100 नए अणुओं की पहचान करता है जो इन विशेष प्रोटीनों को बाधित कर सकते हैं। डॉ. हागोप अटामियान ने कहा कि यह दृष्टिकोण हमें एक संभावित दवा बनाने में मददगार है जिसकी कभी कल्पना नहीं की गई है। इसका परीक्षण और सत्यापन किया जा चुका है। अब, हम शानदार परिणाम देख रहे हैं। शोधकर्ताओं ने ड्रगएआई की मदद

से बनाए गए अणुओं का कई मानदंडों पर मूल्यांकन किया, और पाया कि ड्रगएआई के परिणाम दो अन्य सामान्य तरीकों के समान गुणवत्ता वाले थे, कुछ मामलों में उनसे भी बेहतर। उन्होंने पाया कि ड्रगएआई की संभावित दवाओं की वैलिडिटी रेट 100 प्रतिशत थी - जिसका अर्थ है कि उत्पन्न की गई कोई भी दवा प्रशिक्षण सेट में मौजूद नहीं थी। एक अलग प्रयोग में, स्क्रीनिंग विधियों ने उन प्राकृतिक उत्पादों की एक सूची तैयार की जो कोविड-19 प्रोटीन को ब्लॉक करते थे। ड्रगएआई ने उनकी विशेषताओं की तुलना करने के लिए एक ही प्रोटीन को लक्षित करने वाली नई दवाओं की एक सूची तैयार की। साथ ही, वैज्ञानिकों ने इस एल्गोरिदम को एक लचीली संरचना के लिए डिज़ाइन किया है जो भविष्य के शोधकर्ताओं को नए फ़ंक्शन जोड़ने की अनुमति देता है। डॉ. अटामियान ने कहा कि इसका मतलब है कि आप अधिक परिष्कृत संभावित दवाएं बना सकेंगे जिसके वास्तविक दवा के रूप में बाजार में आने की संभावना और भी अधिक है। हम संभावनाओं के आगे बढ़ने को लेकर उत्साहित हैं।

उत्तर रेलवे द्वारा मनाया गया 68वां रेल सप्ताह

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। बोरीबंदर और ठाणे के बीच चली पहली रेलगाड़ी की स्मृति में, भारतीय रेल प्रतिवर्ष अप्रैल माह के दौरान रेल सप्ताह का आयोजन करती है। इस वर्ष उत्तर रेलवे 68वां रेल सप्ताह समारोह मना रही है। उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक, शोभन चौधुरी ने राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, चाणक्यपुरी नई दिल्ली में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में रेलकर्मियों द्वारा उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने हेतु पुरस्कृत किया तथा विभिन्न मंडलों को उनके द्वारा विभिन्न क्षेत्र में बेहतर कार्य निष्पादन के लिए शील्डें प्रदान कीं। इस अवसर पर, उत्तर रेलवे के अपर महाप्रबंधक, अजय कुमार सिंघल, विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी, उत्तर रेलवे के कर्मचारी, यूनियनों, एसोसिएशनों और फेडरेशनों के सदस्यगण, उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा, सन्नीति चौधुरी व उत्तर रेलवे महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं उपस्थित थीं।

समारोह की शुरूआत उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा उत्कृष्ट सेवा करने वाले 100 रेलकर्मियों (अधिकारियों एवं कर्मचारियों) को पुरस्कृत करने के साथ हुई। कार्य-निष्पादन मानकों के आधार पर महाप्रबंधक द्वारा 54 रनिंग शील्डें प्रदान की गईं। सभी क्षेत्रों में 'सर्वश्रेष्ठ कार्य निष्पादन' के लिए दिल्ली मंडल को ओवरॉल उत्कृष्टता शील्ड प्रदान की गई। फिरोजपुर मंडल को मितव्ययिता शील्ड प्रदान की गई। बेस्ट इम्प्रूव्ड डिवीजन शील्ड मुरादाबाद मंडल को प्रदान की गई। महाप्रबंधक उत्कृष्टता शील्ड अम्बाला मंडल को प्रदान की गई। यह गर्व की बात है कि उत्तर रेलवे के 9 कर्मियों को दिनांक 15.12.2023 को प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम् में प्रतिष्ठित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार से माननीय रेलमंत्री ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर बोलते हुए महाप्रबंधक ने प्रमुख कार्य-

- **उत्कृष्ट सेवा के लिए 100 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया**

क्षेत्रों में उत्तर रेलवे की विभिन्न उपलब्धियों के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए प्रोत्साहन भरा वर्ष रहा है। हमने अपने अवसंरचनात्मक ढांचे और सेवाओं को बेहतर बनाए रखा है। यह उत्तर रेलवे के लिए सम्मान की बात है कि माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नवनिर्मित अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के पहले चरण को अयोध्या से राष्ट्र को समर्पित किया। चौधुरी ने इस बात पर प्रसन्नता जताई कि सभी रेल कर्मचारी अपने दायित्वों के प्रति सजग हैं। उत्तर रेलवे ने 35 मिलियन टन कार्बो लदान से 7869 करोड़ रुपए अर्जित किए हैं। उत्तर रेलवे ने पार्सल और माल लदान से 349 करोड़ रुपए अर्जित कर सभी क्षेत्रीय रेलों में पहला स्थान प्राप्त किया है। दीपावली और छठ पूजा पर्वों के दौरान, 266 विशेष रेलगाडियां चलाई गईं तथा 510 रेलगाड़ियों की यात्री वहन क्षमता बढ़ाई गई। उत्तर रेलवे के 126 रेलवे स्टेशनों पर 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना लागू की गई है जिसमें 1582 लाभार्थियों ने कुल मिलाकर 04.39 करोड़ रुपए अर्जित किये। उत्तर रेलवे का 95प्रतिशत रेलमार्ग विद्युतीकृत हो गया है। 19 जोड़ी कोचिंग रेलगाड़ियों को डीजल से विद्युत कर्षण में परिवर्तित करके हाईस्पीड डीजल की बचत की गई जिससे 23 करोड़ रुपए की सालाना बचत दर्ज की गई। दिल्ली-मुम्बई और नई दिल्ली-कोलकाता रेलमार्ग पर रेलगाडियों की गतिसीमा 160 किलोमीटर प्रतिघण्टा तक बढाने का कार्य प्रगति पर है। उत्तर रेलवे पर तीन गतिशक्ति कार्गोटर्मिनल बनकर तैयार हो गए हैं। 68 किलोमीटर लंबी रोहतक-महम नई रेल लाइन को रेल संरक्षा आयुक्त की स्वीकृति मिलने के पश्चात यातायात के लिए खोल दिया गया है । बनिहाल और श्रीमाता वैष्णो देवी कटडा के बीच सभी 7 स्टेशन बनकर तैयार हो गए हैं।

ऊधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक परियोजना के अंतर्गत इस सैक्शन का शेष कार्य तीव्र गति से चल रहा है। उत्तर रेलवे को अपने उत्कृष्ट और समर्पित खिलाड़ियों पर गर्व है जिन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक कीर्तिमान हासिल किए हैं। उत्तर रेलवे के खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश और हमारी रेलवे का नाम रोशन किया है । उत्तर रेलवे के रेल सुरक्षा बल के जवानों ने रेल सम्पति की सुरक्षा का दायित्व बड़े ही समर्पित और निष्ठापूर्ण ढंग से निभाया है और संकट के समय में लोगों की सहायता की है।

मेरा जीवन झुग्गी बस्ती में शुरू हुआ, लेकिन आज मैं कोरियोग्राफर हूं : गणेश आचार्य

मुंबई, 8 फरवरी (एजेंसियां)। बॉलीवुड के दिग्गजों को अपने कदमों पर नचाने वाले लोकप्रिय कोरियोग्राफर गणेश आचार्य ने अपने शुरूआती समय को याद किया। कोरियोग्राफर ने कहा कि उनकी सफलता के पीछे का कारण उनका काम था। आचार्य ने यूथ फॉर क्वालिटी भारत महोत्सव के दौरान कहा कि मेरा जीवन एक झुग्गी बस्ती में शुरू हुआ, लेकिन आज मैं एक कोरियोग्राफर के रूप में खड़ा हूं। मैं बॉलीवुड में सबसे कम उम्र का कोरियोग्राफर था और इस उपलब्धि का एकमात्र

कारण मेरे काम की गुणवत्ता थी।

52 वर्षीय कोरियोग्राफर ने कहा कि उनके काम की 'गुणवत्ता' ने उन्हें अपने 'सपनों' को पूरा करने में सक्षम बनाया। उन्होंने कहा कि यह मेरे अंदर गुणवत्ता थी जिसने मुझे अपने सपनों को पूरा करने में सक्षम बनाया। अपने अंदर भी गुणवत्ता विकसित करें। मुझे खुशी है कि मुझे क्वालिटी भारत मिशन से जुड़ने का मौका मिला, जिससे मेरी खुशी बढ़ गई है। हिंदी सिनेमा में ए-लिस्टर्स को कोरियोग्राफ करने के अलावा, आचार्य को कई सम्मानों से सम्मानित किया गया है। उन्हें 2013 में 'भाग मिल्खा भाग' के गाने 'हवन कुंड' और अक्षय कुमार-स्टारर 'टॉयलेट एक प्रेम कथा' के 'गोरी तू लट्ठ मार' गाने के लिए सर्वश्रेष्ठ कोरियोग्राफी के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

सुहागरात के बाद नई नवेली दुल्हन को छोड़कर गायब हुआ पति

मुजफ्फरपुर, 8 फरवरी (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र से एक अजीबो-गरीब घटना प्रकाश में आई है, जहां सुहागरात के दूसरे दिन पति अचानक गायब हो गया। परिजनों की तलाश में जब वह नहीं मिला तब इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के मुताबिक, अहियापुर थाना क्षेत्र सहवाजपुर में आदित्य कुमार नाम के युवक की शादी रविवार को धूमधाम के साथ हुई थी। दूल्हे और दुल्हन के परिजन शादी से खुश थे। शादी के दूसरे दिन दुल्हन को लेकर आदित्य वापस अपने घर भी आ

गया। बुधवार को रिसेप्शन का आयोजन किया गया था। आदित्य के परिजनों का कहना है कि मंगलवार की शाम आदित्य अपनी पत्नी को बाजार जाने की बात कहकर घर से निकला और इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। इसके बाद परिजनों ने आदित्य की काफी खोज की। उसके मोबाइल पर परिजन लगातार फोन करते रहे, लेकिन, उसका फोन स्वीच्ड ऑफ आ रहा था। किसी बड़ी घटना से आशंकित परिजनों ने बुधवार को इसकी शिकायत अहियापुर थाने में की। अहियापुर के थाना प्रभारी रोहन कुमार ने बताया कि इस मामले की प्राथमिकी थाने में दर्ज कर ली गई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। मोबाइल लगातार ऑफ आ रहा है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच भी की जा रही है। इस घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं भी है।

उप्र का अनोखा मेला जहां होती है सिर्फ महिलाओं की एंट्री

भदोही, 8 फरवरी (एजेंसियां)। गाजी मियां के मेले की शुरुआत बहराइच से होती है। जहां जंग में शहीद होने के बाद सैयद सालार मसऊद गाजी की कब्र बनाई गई थी। वह कब्र अब एक विशाल दरगाह की स्वरूप ले चुकी है। उनके अनुयायियों ने उनकी दरगाह पर पहले बहराइच में मेले की शुरुआत की जो हर वर्ष जेठ के महीने में लगता है। जहां पहुंचने वाले हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग रौजे पर चादर चढ़ा व माथा टेककर अपनी मुरादें पूरी करते हैं।

बताया जाता है कि बहराइच में मेले की शुरुआत के कुछ वर्ष के बाद धीरे-धीरे मेले का देश के कुछ अन्य शहरों में भी विस्तार हो गया। भदोही भी उन्हीं चुनिंदा शहरों में से एक है। भदोही-जौनपुर की सीमा पर भदोही शहर के मर्यादपट्टी में गाजी मियां का रोजा स्थित है। उसके आसपास खाली पड़ी जमीन पर हर वर्ष जेठ महीने की चिलचिलाती धूप व गर्मी में दो दिन का मेला लगता है।

मेले में जिले के अलावा आसपास जनपदों से हजारों की संख्या में हिंदू-मुस्लिम श्रद्धालु रोज़े पर चादर चढ़ाने, माथा टेकने और मन्नत मांगने पहुंचते हैं। उसी दौरान हर वर्ष मेले के मौके पर उनकी बारात भी धूमधाम से निकलती है। वर्तमान में भदोही में यह मेला दो दिन के बजाय चार दिन का होने लगा है। मेले में दिन-रात लोगों का हूजूम उमड़ता दिखाई पड़ता है।

- **खत्म होने पर कहलाता है मीना बाजार**
- **हिंदू-मुस्लिम एकता का सटीक उदाहरण**

मेले की समाप्ति के बाद मेला कालीन नगरी के कटरा बाजार में स्थानांतरित हो जाता है। जहां मेले का स्वरूप बदल कर मीना बाजार का स्वरूप ले लेता है मीना बाजार में महिलाओं के सौंदर्य प्रसाधन से जुड़ी लगभग सभी चीजें उपलब्ध होती हैं। इस दिन मेले के अंदर प्रवेश करने की अनुमति महिलाओं को ही मिलती है।

मीना मेले के अंदर महिलाओं की भारी भरकम मौजूदगी के बीच बाहर चप्पे-चप्पे पर महिला व पुरुष पुलिस कर्मियों की भारी तैनाती देखी जा सकती है। मेले का चौथा दिन नगर के गाजिया रेलवे क्रॉसिंग पहुंच कर समाप्त हो जाता है। चार दिन तक लगने वाला यह मेला छोटे दुकानदारों के लिए सौगात लेकर आता है।

बर्फबारी ने कश्मीर के टूरिज्म में डाल दी नई जान

■ सुरेश एस डुग्गर

जम्मू, 8 फरवरी (देशबन्धु)। कश्मीर के सुरम्य हिल स्टेशन गुलमर्ग में पर्यटकों की बड़ी संख्या में आमद हुई है, केवल छह दिनों में 20,000 से अधिक पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया है। यह उछाल लंबे समय से चले आ रहे सूखे के दौर के खत्म होने के बाद देखा गया, जिसका असर पर्यटन स्थल पर पड़ा था।

हाल ही में हुई बर्फबारी के कारण यह स्थान एक आदर्श परिदृश्य में बदल गया, जिससे आगंतुकों ने यहां क्लासिक शीतकालीन गतिविधियां शुरू कर दीं। प्रसन्न पर्यटकों को बर्फ के जादू में डूबते हुए देखा जाता है, कुछ लोग स्नोमैन बनाते हैं और मजेदार स्नोबाल लड़ाई में शामिल होते हैं।

पर्यटन विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि लंबे समय तक सूखे की समाप्ति के बाद केवल छह दिनों के भीतर इस गंतव्य पर 19,532 पर्यटकों की भारी आमद देखी गई। इस उल्लेखनीय उछाल में 15,086 घरेलू आगंतुक, 4,290 स्थानीय और 156 विदेशी शामिल हैं।



गुलमर्ग में 6 दिन में 20 हजार पहुंचे

उनका कहना था कि लंबे सूखे के बाद बर्फ की ताजा चादर से सजा गुलमर्ग का मनमोहक परिदृश्य सर्दियों के अनुभव और बर्फ से संबंधित गतिविधियों की तलाश करने वाले पर्यटकों के लिए एक चुंबक साबित हुआ है। होटल, रेस्तरां और साहसिक खेल संचालकों सहित स्थानीय व्यवसाय मांग में वृद्धि का अनुभव कर रहे हैं क्योंकि आगंतुक प्राकृतिक सुंदरता का पता लगाने और क्षेत्र में पेश किए जाने वाले विभिन्न शीतकालीन खेलों में शामिल होने के लिए आते हैं। गुलमर्ग गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष तारिक अहमद कहते थे कि सूखे के दौरान हुए नुकसान की भरपाई नहीं की जा सकती; हालांकि, पर्यटकों की भीड़ में उल्लेखनीय वृद्धि, साथ ही बुकिंग में 20-30 प्रतिशत की वृद्धि गुलमर्ग के पर्यटन क्षेत्र में आशा की किरण लाती है।

वे कहते थे कि अधिक पर्यटकों द्वारा इसमें रुचि दिखाने और बुकिंग बढ़ने से हम आशावान हैं और बेहतर दिनों की उम्मीद कर रहे हैं। इससे पहले, एसोसिएशन ने कहा था कि उद्योग को शुष्क अवधि के दौरान बुकिंग में 60 प्रतिशत की भारी गिरावट का सामना करना पड़ा है।

इसी तरह, आल टेरेन व्हीकल्स (एटीवी) एसोसिएशन के अध्यक्ष जहूर अहमद वानी के बकौल, हाल की बर्फबारी के साथ, उनके कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है, जिसमें 25 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। वे कहते थे कि हमें उम्मीद है कि यह सकारात्मक रुझान जारी रहेगा और हम आशावादी हैं कि इस महीने की 15 तारीख तक यह 50 प्रतिशत तक बढ़ सकता है। वानी कहते थे कि नवंबर, दिसंबर और जनवरी में सूखे के दौरान, उनके व्यवसाय संघर्ष कर रहे थे, सामान्य गतिविधि का केवल 10 प्रतिशत ही रह गया था।

बारामुल्ला स्थित एक टूर आपरेटर का कहना था कि हाल ही में हुई बर्फबारी ने पर्यटकों की रुचि को फिर से बढ़ा दिया है और हम आरक्षण में वृद्धि देखकर खुश हैं क्योंकि पर्यटक गुलमर्ग द्वारा पेश किए जाने वाले जादुई सर्दियों के अनुभवों को उत्सुकता से स्वीकार करते हैं।

एक अन्य टूर आपरेटर तुफैल अहमद के शब्दों में हालिया बर्फबारी उनके लिए गेम-चेंजर रही है। जो यात्री सूखे के कारण झिझक रहे थे वे अब उत्साहपूर्वक अपनी बुकिंग की पुष्टि कर रहे हैं। विंटर वंडरलैंड फिर से सक्रिय हो गया है।

[अर्थ जगत]

पेट्रोल और डीजल की कीमतें यथावत

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

एसबीआई	3.54 प्रतिशत
पावरग्रिड	3.08 प्रतिशत
टीसीएस	1.28 प्रतिशत
एचसीएल टेक	1.21 प्रतिशत
भारती एयरटेल	0.71 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

आईटीसी	4.04 प्रतिशत
कोटक बैंक	3.53 प्रतिशत
आईसीआईआई बैंक	3.34 प्रतिशत
एक्सिस बैंक	3.03 प्रतिशत
नेस्ले इंडिया	3.02 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौंड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2400-3000
गेहूं दडा	2750-2850
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	3590-3690
चीनी एम	4150-4250
मिल डिलीवरी	3470-3570
गुड़	4600-4700

दाल-दलहन

चना	5500-5600
दाल चना	6500-6600
मसूर काली	7350-7450
उड़द दाल	10000-10100
मूंग दाल	9550-9650
अरहर दाल	12500-12600

धोखाधड़ी से बचाने को एईपीएस की बढ़ेगी सुरक्षा

मुंबई 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) के जरिये लेनदेन के दौरान ग्राहकों को धोखाधड़ी से बचाने के लिए एईपीएस की सुरक्षा बढ़ाने का निर्णय लिया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए बताया कि भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) संचालित एईपीएस के ग्राहकों को डिजिटल भुगतान लेनदेन करने में सक्षम बनाती है।

वर्ष 2023 में 37 करोड़ से अधिक ग्राहकों ने एईपीएस के माध्यम से लेनदेन किया। यह वित्तीय समावेशन में एईपीएस द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की ओर इशारा करता है। श्री दास ने बताया कि एईपीएस लेनदेन की सुरक्षा बढ़ाने के लिए, बैंकों द्वारा पालन की जाने वाली एईपीएस टचपॉइंट ऑपरेटरों के लिए अनिवार्य ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने का प्रस्ताव है। इसके तहत अतिरिक्त धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन आवश्यकताओं पर भी विचार किया जाएगा। इस संबंध में शीघ्र ही निर्देश जारी किये जायेंगे।

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान की सुरक्षा विशेष रूप से प्रमाणीकरण के अतिरिक्त कारक (एएफए) की आवश्यकता को प्राथमिकता दी है। हालांकि आरबीआई ने कोई विशेष एएफए निर्धारित नहीं किया है लेकिन भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र ने बड़े पैमाने पर एसएमएस-आधारित वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) को अपनाया है।

- **अतिरिक्त धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन आवश्यकताओं पर भी विचार किया जाएगा**
- **प्रौद्योगिकी में नवाचारों के साथ हाल के वर्षों में वैकल्पिक प्रमाणीकरण तंत्र उभरे**

श्री दास ने कहा कि प्रौद्योगिकी में नवाचारों के साथ हाल के वर्षों में वैकल्पिक प्रमाणीकरण तंत्र उभरे हैं। डिजिटल सुरक्षा के लिए ऐसे तंत्रों के उपयोग को सुविधाजनक बनाने के लिए एक सिद्धांत-आधारित डिजिटल भुगतान लेनदेन के प्रमाणीकरण के लिए रूपरेखा अपनाने का प्रस्ताव है। इस संबंध में निर्देश अलग से जारी किये जायेंगे।

ईटीपी के नियामक ढांचे की होगी समीक्षा : आरबीआई

मुंबई 08 फरवरी (वार्ता) भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने इलेक्ट्रॉनिक ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म (ईटीपी) के लिए पारदर्शी, सुरक्षित और कुशल व्यापारिक प्रक्रियाओं, मजबूत व्यापारिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से उचित पहुंच सुनिश्चित करने और बाजार के दुरुपयोग को रोकने के उद्देश्य से लाए गए नियामक ढांचे की समीक्षा करेगा।

आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को चालू वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि अक्टूबर 2018 में रिजर्व बैंक ने अपने द्वारा विनियमित वित्तीय उपकरणों में लेनदेन के उद्देश्य से ईटीपी के लिए एक नियामक ढांचा तैयार किया था। इसका उद्देश्य पारदर्शी, सुरक्षित और कुशल व्यापारिक प्रक्रियाओं, मजबूत व्यापारिक बुनियादी ढांचे के माध्यम से उचित पहुंच सुनिश्चित करना और बाजार के दुरुपयोग को रोकना है। इस ढांचे के तहत पांच ऑपरेटरों द्वारा संचालित तेरह ईटीपी को अधिकृत किया गया है। श्री दास ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में अपतटीय बाजारों के साथ ऑनशोर विदेशी मुद्रा बाजार का एकीकरण बढ़ा है, प्रौद्योगिकी परिदृश्य में उल्लेखनीय विकास हुआ है और उत्पाद विविधता में वृद्धि हुई है। बाजार निर्माताओं ने रुपये की पेशकश करने वाले ऑफशोर ईटीपी तक पहुंचने के लिए भी अनुरोध किया है। इसके मद्देनजर ईटीपी के लिए नियामक ढांचे की समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। संशोधित नियामक ढांचा सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिए अलग से जारी किया जाएगा।

पेटीएम ऐप पर निर्देशों का असर नहीं, अन्य बैंकों के साथ साझेदारी के लिए स्वतंत्र : आरबीआई

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ जारी हालिया आदेश से पेटीएम ऐप प्रभावित नहीं होगा। आरबीआई के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे. ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के बाद एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा, बस स्पष्टता के लिए, कार्रवाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक के खिलाफ है, पेटीएम ऐप के खिलाफ नहीं। ऐप हमारी कार्रवाई से प्रभावित नहीं है।

स्वामीनाथन ने कहा कि पेटीएम पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी करने का बैंकों का निर्णय एक व्यावसायिक निर्णय है, जो पीपीबीएल के साथ सहयोग करने में बैंकों की स्वायत्तता का संकेत देता है। डिप्टी गवर्नर ने इस बात पर जोर दिया कि हालिया कार्रवाइयां स्पष्ट रूप से पेटीएम पेमेंट्स बैंक की ओर निर्देशित हैं और पेटीएम ऐप की कार्यक्षमता या संचालन को प्रभावित नहीं करती हैं। यह स्पष्टीकरण उन लाखों उपयोगकर्ताओं के लिए आश्वस्त करने वाला है जो डिजिटल भुगतान सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए पेटीएम पर निर्भर हैं।

यह बयान पेटीएम पेमेंट्स बैंक और अन्य बैंकिंग संस्थानों के बीच निरंतर तथा संभावित साझेदारी के रास्ते खोलता है, जिससे ग्राहकों को नवीन वित्तीय समाधान पेश करने के लिए एक मजबूत ढांचा सुनिश्चित होता है। पेटीएम के एक प्रवक्ता ने कहा कि हम अपने उपयोगकर्ताओं और व्यापारी भागीदारों को आश्वस्त करते हैं कि पेटीएम ऐप पूरी तरह से चालू रहेगा, और हमारी सेवाएं अप्रभावित रहेंगी।

प्रवक्ता ने कहा, पेटीएम मोबाइल भुगतान नवाचार में अग्रणी बना हुआ है, और हम निर्बाध सेवाएं प्रदान करने के लिए बैंकों के साथ अपनी साझेदारी में तेजी ला रहे हैं। हम अपने मर्चेंट पार्टनर्स को आश्वस्त करते हैं कि पेटीएम क्यूआर, साउंडबॉक्स और कार्ड मशीनें हमेशा की तरह काम करती रहेंगी। निर्बाध भुगतान समाधान प्रदान करने और पूरे भारत में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए हमारा समर्पण हमेशा की तरह मजबूत है।

भारतीय कंपनी डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज बनाएगी एयरबस विमानों के दरवाजे

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। एयरबस ने ए220 श्रृंखला के विमानों के लिए दरवाजे बनाने के लिए एक भारतीय कंपनी डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज को ठेका दिया है। अनुबंध की पुष्टि यहां दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान की गई, जहां एयरबस के प्रतिनिधियों ने इस साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह देश में अपनी तरह का सबसे बड़ा अनुबंध है। यह घोषणा एक मील का पत्थर है। डायनेमैटिक टेक्नोलॉजीज अगली पीढ़ी के एयरबस ए220 विमानों के लिए सभी डोर वेरिएंट के उत्पादन के लिए जिम्मेदार होगी। कंपनी को यह अनुबंध देने का निर्णय 26 जनवरी को नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और एयरबस के ग्लोबल सीईओ गिलाउम फाउरी के बीच एक बैठक के बाद किया गया है। बैठक के दौरान चर्चा का केंद्र विमान निर्माण और डिजाइन में सहयोग के अवसरों की खोज थी, जो वैश्विक एयरोस्पेस उद्योग में एक रणनीतिक भागीदार के रूप में भारत के बढ़ते महत्व को रेखांकित करती है। भारत एयरबस के लिए एक प्रमुख बाजार के रूप में उभरा है, कंपनी को इंडिगो और एयर इंडिया जैसी प्रमुख भारतीय एयरलाइनों से बड़े ऑर्डर मिल रहे हैं।

ओएनडीसी, एनसीसीएफ, शिपरॉकेट आपके दरवाजे पर पहुंचाएंगे आवश्यक घरेलू सामान

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। आवश्यक घरेलू वस्तुओं तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम में ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी), नेशनल कोऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनसीसीएफ) और घरेलू लॉजिस्टिक्स समाधान प्रदाता शिपरॉकेट ने गुरुवार को सरकार का समर्थन किया।

इस सहयोग का उद्देश्य ओएनडीसी नेटवर्क के माध्यम से उपभोक्ताओं के घरों तक सीधे सामान पहुंचाना है।

वहीं, ओएनडीसी ने एक बयान में कहा, दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र (गुरुग्राम और फरीदाबाद) के लोग सरकार द्वारा अनुमोदित कीमतों और मुफ्त

डिलीवरी की गारंटी के साथ भारत ब्रांड चावल, गेहूं का आटा और दाल ऑनलाइन ऑर्डर कर सकेंगे।

ओएनडीसी के प्रबंध निदेशक और सीईओ टी कोशी ने कहा, सरकार से रसोई तक पहल आवश्यक वस्तुओं तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने में डिजिटल वाणिज्य की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है। ओएनडीसी को समावेशिता को बढ़ावा देने और पूरे भारत में उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने के इस सहयोगात्मक प्रयास में भाग लेने पर गर्व है। वहीं, उपभोक्ता इन उत्पादों के लिए ओएनडीसी-समर्थित खरीदार एप्लिकेशन जैसे पेटीएम, मैजिकपिन, मिस्टोर और पिनकोड के माध्यम से ऑर्डर दे सकते हैं।

एनसीसीएफ के प्रबंध निदेशक एनीस जोसेफ चंद्रा ने कहा, ओएनडीसी नेटवर्क की व्यापक पहुंच और उन्नत तकनीक का लाभ उठाते हुए हम आवश्यक वस्तुओं तक पहुंच को फिर से परिभाषित करने के लिए तैयार हैं। इसके अतिरिक्त, शिपरॉकेट का लक्ष्य सुव्यवस्थित ऑनबोर्डिंग और व्यापक पोस्ट-सपोर्ट सेवाओं की पेशकश करके ओएनडीसी नेटवर्क पर विक्रेता अनुभव को बढ़ाना है।

सार संक्षेप

अमेजन डॉट इन की होम शॉपिंग स्प्री के साथ अपने लिविंग स्पेस को बनाइए और भी खूबसूरत

नई दिल्ली। लंबा इंतजार अब खत्म हुआ, और अमेजन डॉट इन की होम शॉपिंग स्प्री होम, किचन और आउटडोर उत्पादों के विशाल संग्रह पर बेमिसाल डील्स और ऑफ़र के साथ वापस आ गई है। अगर आप अपने घर को आधुनिक बनाने के लिए साज-सज्जा से लेकर किचन अप्लायंसेस, पर्दे, बेडशीट, गद्दे आदि खरीदना चाहते हैं, तो आपके लिए टॉप ब्रांडों जैसे अवनी, बजाज, पिजन, प्रेस्टीज, सेलबेल, बोरोसिल, वेगा के शानदार प्रोडक्ट खरीदना का शानदार मौका है। होम शॉपिंग स्प्री 8 फरवरी से 11 फरवरी, 2024 तक रहेगी जारी। न्यूनतम 5000 रुपए के लेनदेन पर सिटी बैंक के साथ पाएं 10 प्रतिशत का इंस्टेंट डिस्काउंट। होम, किचन और आउटडोर उत्पादों के टॉप ब्रांडों पर पाएं न्यूनतम 40 प्रतिशत की छूट। सिटी बैंक क्रेडिट कार्ड और डेबिट कार्ड पर अधिकतम 1000 रुपये की छूट और 1250 रुपये की ईएमआई लेनदेन पर प्राप्त करें और न्यूनतम 1500 रुपये की खरीदारी पर 300 रुपये की अतिरिक्त छूट पाएं।

एपिक गेम्स में 1.5 अरब डॉलर का निवेश करेगा डिज़्नी

सैन फ्रांसिस्को। मनोरंजन क्षेत्र की दिग्गज कंपनी डिज्नी ने कहा है, वह फोर्टनाइट निर्माता एपिक गेम्स में इक्विटी हिस्सेदारी हासिल करने के लिए 1.5 अरब डॉलर का निवेश करेगी और गेम डेवलपर के साथ मिलकर गेम और मनोरंजन ब्रह्मांड बनाने के लिए काम करेगी। एंटरटेनमेंट यूनिवर्स यूजर्स को डिज्नी, पिक्सर, मार्वल, स्टार वार्स, अवतार और अन्य सामग्री, पात्रों और कहानियों के साथ खेलने, देखने, खरीदारी करने और जुड़ने की अनुमति देगा। वॉल्ट डिज़्नी कंपनी के सीईओ रॉबर्ट ए इगर ने एक बयान में कहा, एपिक गेम्स के साथ हमारा रोमांचक नया रिश्ता एक परिवर्तनकारी नए गेम और मनोरंजन जगत में डिज़्नी के प्रिय ब्रांडों और फ्रेंचाइजी को बेहद लोकप्रिय फोर्टनाइट के साथ लाएगा। उन्होंने कहा, यह खेलों की दुनिया में डिज्नी की अब तक की सबसे बड़ी प्रविष्टि है और विकास और विस्तार के लिए महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह साझेदारी डिज्नी द्वारा ब्लॉकबस्टर वीडियो गेम के लिए स्पाइडर-मैन जैसे पात्रों के सफल लाइसेंस के बाद आई है। डिज्नी ने मार्वल, स्टार वार्स, द नाइटमेयर बिफोर क्रिसमस, ट्रॉन और अन्य पात्रों को फ़ोर्टनाइट में लाने के लिए एपिक के साथ भी सहयोग किया। एपिक गेम्स के सीईओ और संस्थापक टिम स्वीनी ने कहा, डिज्नी फोर्टनाइट में अपनी दुनिया को हमारी दुनिया के साथ लाने की क्षमता में विश्वास करने वाली पहली कंपनियों में से एक थी। उन्होंने आगे कहा, अब हम एक सतत, खुले और इंटरऑपरेबल इकोसिस्टम के निर्माण के लिए पूरी तरह से कुछ नए पर सहयोग कर रहे हैं जो डिज्नी और फ़ोर्टनाइट समुदायों को एक साथ लाएगा।

सेंसेक्स-निफ्टी एक फीसदी लुढ़का

मुंबई 8 फरवरी (एजेंसियां)। रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नीतिगत दरों को लगातार छठी बार यथावत रखने के फैसले से निराश निवेशकों की चौतरफा बिकवाली से आज सेंसेक्स और निफ्टी लगभग एक फीसदी तक लुढ़क गए।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 723.57 अंक का गोता लगाकर 71,428.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 212.55 अंक की गिरावट लेकर 21,717.95 अंक रह गया। हालांकि बीएसई का मिडकैप 0.08 प्रतिशत की बढ़त लेकर 39,895.42 अंक हो गया जबकि स्मॉलकैप 0.44 प्रतिशत लुढ़ककर 46,279.83 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3945 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2204 में बिकवाली जबकि 1636 में लिवाली हुई वहीं 105 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 34 कंपनियों में गिरावट जबकि 15 में तेजी रही वहीं एक के भाव स्थिर रहे। विश्लेषकों के अनुसार, आरबीआई ने आर्थिक गतिविधियों में जारी तेजी एवं महंगाई पर कड़ी नजर रखते हुये लगातार छठी बार नीतिगत दर को यथावत रखने का फैसला किया। इससे ब्याज दरों में कमी की उम्मीद लगाये बाजार को निराशा हाथ लगी और बाजार में जमकर बिकवाली हुई।

इससे बीएसई के 12 समूह लुढ़क गए। इस दौरान कमोडिटीज 1.13, सीडी 0.46, एफएमसीजी 2.00, वित्तीय सेवाएं 1.46, इंडस्ट्रियल्स 0.27, ऑटो 0.94, बैंकिंग 1.80, कैपिटल गुड्स 0.67, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.45, धातु 0.04, रियल्टी 0.73 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.34 प्रतिशत लुढ़क गए।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ़टीएसई 0.24, जर्मनी का डैक्स 0.13, जापान का निक्केई 2.06 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 1.28 प्रतिशत चढ़ गया जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 1.27 गिर गया। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 312 अंक की तेजी के साथ 72,473.42 अंक पर खुला और दमदार लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद 72,473.42 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 71,230.62 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 72,152.00 अंक के मुकाबले 1.00 प्रतिशत उतरकर 71,428.43 अंक रह गया। इसी तरह 79 अंक चढ़कर 22,009.65 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 22,011.05 अंक के उच्चतम जबकि 21,665.30 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 21,930.50 अंक की तुलना में 0.97 प्रतिशत टूटकर 21,717.95 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की नुक़सान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में आईटीसी 4.04, कोटक बैंक 3.53, आईसीआईआई बैंक 3.34, एक्सिस बैंक 3.03, नेस्ले इंडिया 3.02, इंडसइंड बैंक 2.52, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.91, एचडीएफसी बैंक 1.84, एलटी 1.66, मारुति 1.66, विप्रो 1.25, टाटा मोटर्स 0.97, टेक महिंद्रा 0.72, टाटा स्टील 0.45, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.33 और इंफ़ोसिस 0.03 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, एसबीआई 3.54, पावरग्रिड 3.08, टीसीएस 1.28, एचसीएल टेक 1.21, भारती एयरटेल 0.71, रिलायंस 0.68, सन फार्मा 0.27 और एनटीपीसी के शेयर 0.12 प्रतिशत के लाभ में रहे।



अमेरिका को माल निर्यात करने के मामले में चीन से आगे निकला मेक्सिको

न्यूयॉर्क, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दो दशकों से अमेरिका चीन से अधिक सामान आयात करता रहा है। लेकिन अब चीन का स्थान मेक्सिको ने ले लिया है। यह जानकारी मीडिया में दी गई। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, वाणिज्य विभाग द्वारा बुधवार को जारी नए व्यापार आंकड़ों के अनुसार, मेक्सिको अब अमेरिका को माल का शीर्ष निर्यातक है।

मेक्सिको ने पिछले साल अमेरिका में 475.6 अरब डॉलर का माल भेजा, जो 2022 से 5 प्रतिशत अधिक है। इस बीच, चीन ने पिछले साल अमेरिका को 427.2 अरब डॉलर का माल निर्यात किया, जो 2022 से 20 प्रतिशत कम है। सीएनएन ने बताया, समग्र रूप से, वस्तुओं और सेवाओं में कुल अमेरिकी व्यापार घाटा पिछले साल 773.4 बिलियन डॉलर था, जो 2022 से 19 प्रतिशत की गिरावट है। यह 2009 के बाद से व्यापार घाटे में सबसे बड़ी वार्षिक गिरावट है। ऑक्सफोर्ड इकोनॉमिक्स के अमेरिकी अर्थशास्त्री मैथ्यू मार्टिन ने बुधवार को एक नोट में कहा, समग्र प्रवृत्ति में कमजोर डॉलर का योगदान है, इसने विदेशों में अमेरिकी सामानों की लागत को सस्ता कर दिया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक अर्थशास्त्री और काउंसिल ऑन फॉरेन रिलेशंस के वरिष्ठ फेलो ब्रैड सेट्सर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ट्रम्प प्रशासन द्वारा लगाए गए टैरिफ ने चीन से अमेरिकी आयात की मात्रा पर नकारात्मक प्रभाव डाला है।

खाद्य तेलों में टिकाव, चीनी-गुड़ सस्ता

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग फिसलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि चीनी और गुड़ के भाव चढ़ गए वहीं अनाज में मिलाजुला रुख रहा।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में फरवरी का पाम ऑयल वायदा 3905 रिंगिट प्रति टन पर टिका रहा। वहीं, फरवरी का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.77 सेंट की तेजी लेकर 47.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। इस दौरान सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में गिरावट रही। इस दौरान चीनी 50 रुपये और गुड़ 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

अनाज : अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 25 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि गेहूं के दाम 50 रुपये प्रति क्विंटल गिर गए।

दाल-दलहन : चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 10400-10500, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

इकोज़ेन ने किसानों को 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट इकोट्रॉन सोलर पंप सेट की शक्ति प्रदान की

हिसार, 8 फरवरी (एजेंसियां)। क्लीनटेक क्षेत्र में कार्यरत कंपनी इकोज़ेन ने भारत का पहला 4जी-इनेबल्ड स्मार्ट इकोट्रॉन सोलर-पॉवर्ड पंप कंट्रोलर पेश किया है। यह अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी अब पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत हरियाणा में किसानों को 75 प्रतिशत सब्सिडी के साथ उपलब्ध कराई जा रही है। किसान 10 फरवरी 2024 तक ये पंप सेट खरीदकर सोलर पंप इंस्टॉलेशन के लिए इकोज़ेन के इकोट्रॉन को अपनी प्राथमिक पसंद बना सकेंगे।

इकोज़ेन किसानों को अपनी पैदावार बढ़ाने, फसल-बर्बादी रोकने, और आय में वृद्धि करने के लिए इनोवेटिव समाधान प्रदान करने के लिए समर्पित है। भारत में अपने सोलर पंप सेट्स के लिए प्रसिद्ध, इकोज़ेन ने अपने इकोट्रॉन स्मार्ट सोलर पंप कंट्रोलर्स द्वारा खेती में क्रांति ला दी है, और 160,000 से ज्यादा भारतीय किसानों को लाभ पहुँचाया है।

पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत इन पंप्स को तेजी से इंस्टॉल किया जा सके, इसके लिए इकोज़ेन ने महिंद्रा सोलराइज के साथ साझेदारी की है। इस साझेदारी द्वारा हरियाणा के किसानों को महिंद्रा टीम के व्यापक और कुशल

इंस्टॉलेशन नेटवर्क की मदद से इकोज़ेन की आधुनिक टेक्नोलॉजी उपलब्ध हो सकेगी।

इकोज़ेन के सीईओ देवेन्द्र गुप्ता ने कहा, हमारा उद्देश्य यूज़र-फ्रेंडली और सस्टेनेबल उत्पादों का निर्माण करना है, इसलिए 4 जी सोलर पंप कंट्रोलर का निर्माण हमारे सिद्धांतों के अनुरूप है। हम अपने उत्पादों द्वारा किसानों के बीच पहुँचकर उनका काम आसान बनाना चाहते हैं। पीएम कुसुम योजना की मदद से किसान अब रियायती मूल्य में सोलर पॉवर्ड कंट्रोलर्स इंस्टॉल करवा सकेंगे और लंबे समय के लिए एक सस्टेनेबल विकल्प चुन सकेंगे।

सोलर पंप कंट्रोलर टेक्नोलॉजी के विकास में अग्रणी, इकोज़ेन के कंट्रोलर में अत्याधुनिक फंक्शंस हैं, जो किसानों को अपने पंप्स का पूर्ण नियंत्रण प्रदान करते हैं। 4जी कनेक्टिविटी वाले पहले कंट्रोलर होने के कारण किसान खेत में जाए बिना इकोट्रॉन मोबाइल ऐप द्वारा पंप संचालन को शेड्यूल कर सकते हैं, सिस्टम को चालू और बंद कर सकते हैं और डिस्चार्ज किए गए पानी की मात्रा एवं उसके प्रवाह की निगरानी कर सकते हैं। इसके अलावा इकोट्रॉन कंट्रोलर्स अनुकूलित किये जा सकते हैं, और इन्हें इकोट्रॉन ऑम्नी सिंगल फेज कंट्रोलर से कनेक्ट किया जा सकता है, ताकि घरेलू उपकरण चलाने एवं बैटरी से चलने वाले कृषि उपकरणों को चलाने के लिए सोलर पैनल एवं जनरेटर बिजली का कुशल उपयोग हो सके। इसके अलावा, यह कंट्रोलर आईओटी-इनेबल्ड डिवाइसेज द्वारा इकोज़ेन के एआई प्लेटफॉर्म पर 150 से ज्यादा डेटा पॉइंट भी भेजता है, जिसकी मदद से इकोज़ेन के इंजीनियर इन स्थापित की गई यूनिट्स की प्रेडिक्टिव और प्रिवेंटिव मेंटेनेंस करने में समर्थ बनते हैं। इससे सर्विस में लगने वाले समय में काफी कमी आ जाती है क्योंकि इकोज़ेन के सर्विस इंजीनियर सोलर पंप सिस्टम ठीक करने के लिए पूरी तैयारी और स्पेयर एवं टूल्स के साथ आते हैं।

खेल जगत

वनडे फॉर्मेट को 40 ओवर का कर देना चाहिए : आरोन फिंच

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने दर्शकों की घटती रुचि और ओवर रेट में सुस्ती की चिंताओं के बीच एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय (ओडीआई) खेल को घटाकर 40 ओवर का करने का सुझाव दिया है। फिंच के शब्द क्रिकेट जगत के बीच बढ़ती भावना को दर्शाते हैं कि पारंपरिक 50 ओवर का प्रारूप अपनी अपील खो रहा है, खासकर टी20 अंतरराष्ट्रीय (टी20) के तेजी से बढ़ने की तुलना में, जिसने दुनिया भर में युवा दर्शकों की कल्पनाओं पर कब्जा कर लिया है। फिंच ने ईएसपीएन पर कहा, मेरी राय में, मुझे लगता है कि खेल बहुत लंबा चला गया है। इंग्लैंड में, उनके पास प्रो-40 हुआ करता था और वह एक बड़ी प्रतियोगिता थी। मेरे विचार में, मुझे लगता है कि खेल बहुत लंबा चला गया है।

विराट का अगले दो टेस्ट से भी भारतीय टीम से बाहर रहना लगभग तय, सिराज की वापसी पक्की

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ केएल राहुल राजकोट टेस्ट में खेलने की उम्मीद

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। निजी कारणों से फिलहाल इंग्लैंड के खिलाफ बाहर भारत के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली मौजूदा पांच टेस्ट मैचों की क्रिकेट सीरीज के राजकोट में तीसरे और रांची में चौथे टेस्ट से भी बाहर रहना लगभग तय है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के करीब सूत्रों पर यकीन करें तो उनके मेहमान इंग्लैंड टीम के खिलाफ भारत के लिए धर्मशाला में 7 मार्च से शुरू होने वाले सीरीज के पांचवें और आखिरी क्रिकेट टेस्ट में भी खेलने की संभावना बेहद कम है। भारत ने हैदराबाद में पहला टेस्ट 28 रन से हारने के बाद विशाखापट्टनप में यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और शुभमन गिल के शतक तथा मैन ऑफ द' मैच जसप्रीत बुमराह के दोनों पारियों में चटकाए नौ विकेट से दूसरा टेस्ट 106 रन से जीत एक-एक की बराबरी पाई थी। मेहमान इंग्लैंड की टीम भारत के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज के लिए अपने %बेस' दुबई वापस लौट गई है । इंग्लैंड टीम अब 15 फरवरी को भारत के खिलाफ राजकोट टेस्ट से पहले ही राजकोट लौटेगी।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदाराबाद में 22 जनवरी को पहला टेस्ट शुरू होने से कुछ ही दिन पहले बीसीसीआई ने कहा था कि विराट कोहली ने निजी कारणों से सीरीज के शुरू दो टेस्ट मैचों से हटने का फैसला लिया है। तब बोर्ड ने कहा था कि वह विराट कोहली के इस फैसले का सम्मान करते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड इसी हफ्ते सीरीज मेहमान इंग्लैंड टीम के खिलाफ बाकी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा करेगा। विराट कोहली हैदराबाद में सीरीज का पहला टेस्ट मैच शुरू होने से एक दिन पहले हैदराबाद पहुंचने के बाद उसी दिन शाम को वापस घर लौट गए थे।

हैदराबाद में पहले टेस्ट मैच के दौरान लगी चोट के चलते विशाखापट्टनपम में दूसरे टेस्ट से बाहर रहे केएल राहुल और ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा राजकोट में तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में वापसी की होड़ में है। केएल राहुल के राजकोट टेस्ट में खेलने की उम्मीद ज्यादा है। वहीं मोहम्मद सिराज को विशाखापट्टनम में वर्कलोड को देखते हुए आराम दिया गया था। सिराज का अब सीरीज के बाकी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम में लौटना तय है। वहीं रवींद्र जडेजा और केएल राहुल की चोट पर एनसीए, बेंगलुरू में फिजियो खासतौर पर नजर रख रहे हैं और दोनों की चोट ही काफी हद तक बेहतर है। अब राजकोट में तीसरे टेस्ट को शुरू होने में एक हफ्ता बाकी है । केएल राहुल और रवींद्र जडेजा के दोनों के ही भारत को तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होने की पूरी उम्मीद है हालांकि दोनों को फिट घोषित किए जाने पर ही राजकोट में तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया जाएगा। केएल राहुल को फिट बताया जा रहा है और उनके तीसरे टेस्ट में खेलने की पूरी उम्मीद जा रही है। सिराज की भारतीय टीम में वापसी से वाकई मौजूदा सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले अनुभवी तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी राहत महसूस करेंगे।

वहीं बीते विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन बरस नवंबर में खुद भारतीय टीम से हट गए थे और इसके बाद से उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेली है। अब इशान किशन ने वड़ोदरा में किरण मोरे अकादमी में अभ्यास शुरू कर दिया था। ऐसे में यह भी मुमकिन है कि उनको राजकोट में तीसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल करने की बाबत टीम प्रबंधन सोचे। इशान ने खुद ही क्रिकेट से भारतीय टीम से ब्रेक मांगा था। दरअसल कार दुर्घटना के बाद अब पूरी तरह फिट होने में जुटे ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में बतौर विकेटकीपर इशान किशन के लिए बतौर विकेटकीपर भारतीय टेस्ट टीम में अपनी जगह पक्की करने का अच्छा मौका था। केएस भरत को भारत ने मौजूदा टेस्ट सीरीज के शुरू के दो टेस्ट में मौका दिया है लेकिन वह बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए। द्रविड़ से जब दूसरे टेस्ट बाद इशान किशन की बाबत पूछा गया था तब जब वह खेलने के लिए तैयार होंगे तो तब वह उनकी बाबत जरूर सोचेंगे लेकिन इसके लिए कुछ क्रिकेट तो खेलनी होगी।

अमेरिका के खिलाफ मैच अपनी क्षमता दिखा दूर्नामेंट में पहली जीत का मौका : सविता

■ अमेरिका ने भारत के खिलाफ 16 में से दस मैच जीते हैं जबकि भारत मात्र चार मैचों में मिली है जीत

नई दिल्ली, 8 फरवरी (देशबन्धु)। अनुभवी गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारतीय महिला हॉकी टीम भुवनेश्वर में एफआईएच प्रो लीग में लगातार तीन हार के बाद अब अमेरिका के खिलाफ शुक्रवार के मैच से जीत की राह पर लौटने को बेताब है। भारत ने अपने घर में अभियान का आगाज चीन के खिलाफ 1-2 से, नीदरलैंड से 1-3 और ऑस्ट्रेलिया के हाथों 0-3 से हार से किया।भारत की तरह अमेरिका की टीम अपने पहले मैच में नीदरलैंड से 0-7 से, ऑस्ट्रेलिया से 0-3 से तथा चीन से 1-3 से हारी। अमेरिका ने भारत के खिलाफ 16 में से दस मैच जीते हैं जबकि भारत मात्र चार मैच जी जीत पाया और दो ड्रा रहे हैं।

भारतीय महिल टीम अब अमेरिका के खिलाफ शुक्रवार को कलिंगा स्टेडियम में मौजूदा संस्करण में पहली जीत की तलाश में उतरेगी। भारत की कप्तान सविता पूनिया ने मौजूदा संस्करण में मिली लगातार तीन हार की बाबत कहा, % हमें अपने शुरू के तीनों मैचों में बेहद कड़ी चुनौती मिली लेकिन हमारी टीम खासी लचीली है। हर हार ने हमारी टीम को और ज्यादा सीखने, खुद को हालात के मुताबिक ढालने और मजबतूी से वापसी को प्रेरित किया। अमेरिका के खिलाफ मैच हमारे लिए अपनी क्षमता दिखा मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत का मौका है। एफआईएच प्रो लीग टूर्नामेंट बेहद प्रतिस्पर्द्धी है। इस टूर्नामेंट में हर मैच अहम है। हमारा मकसद मौजूदा संस्करण में पहली जीत हासिल करने कर और आगे की चुनौती के लिए लय पाने पर है।अमेरिका के खिलाफ मैच भी खास अहम रहेगा। दोनों ही टीमे जीत की भूखी होंगी। हम इस मैच में जीत के साथ पूरे अंक हासिल करने की अहमियत पूरी तरह मालूम है। हमने अपनी ताकत का आकलन किया और यह भी जाना है कि हमें कहां क्या सुधार की जरूरत है। हम मैदान पर अपनी रणनीति को अमली जामा पहनाने को बेताब है। हमारा पूरा ध्यान एक इकाई के रूप में खेलने पर है। बेशक अमेरिका का हमारे खिलाफ रिकॉर्ड बेहतर है और यह इतिहास है लेकिन मेरा मानना वर्तमान अहम है। हम अपने प्रतिद्वंद्वी का सम्मान करते हैं। हमारा ध्यान अपने खेल और रणनीति को मैदान पर अमली जामा पहनाने पर है।

किसी भी टीम को कोहली जैसे खिलाड़ी की कमी खलेगी : नासिर हुसैन

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के खिलाफ भारत के अगले दो टेस्ट मैचों से भी विराट कोहली बाहर हो सकते हैं। इस बीच पूर्व इंग्लिश कप्तान नासिर हुसैन ने कहा कि किसी भी टीम को उनके स्तर के खिलाड़ी की कमी जरूर खलेगी।

विराट कोहली ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए हैदराबाद में श्रृंखला शुरू होने से तीन दिन पहले इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से नाम वापस ले लिया था। लेकिन, कई रिपोर्टों ने सुझाव दिया है कि वह राजकोट और रांची में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के अगले दो टेस्ट मैचों से भी चूक सकते हैं। धर्मशाला में श्रृंखला के आखिरी मैच के लिए भी उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। बीसीसीआई ने 22 जनवरी को मीडिया और प्रशंसकों से भी अनुरोध किया था कि वे इस दौरान कोहली की प्राइवेसी का सम्मान करें और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट से उनकी कमी के कारण उनके व्यक्तिगत कारणों की प्रकृति पर अटकलें लगाने से बचें। ठीक है, फिलहाल कुछ भी पुष्टि नहीं हुई है। यह सब अटकलें हैं चाहे यह अगले दो टेस्ट मैच हों या तीन मैच। कुछ भी पक्का नहीं है, लेकिन यह भारत सीरीज और विश्व क्रिकेट के लिए एक झटका होगा। यह एक विशेष श्रृंखला होने जा रही है। स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट पर हुसैन ने कहा, पहले दो मैच दिलचस्प रहे हैं और कोई गलती न करें। विराट कोहली इस खेल को खेलने वाले महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं, और किसी भी सीरीज और किसी भी टीम को कोहली जैसे कद के किसी खिलाड़ी की कमी खलेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी पर है। अगला टेस्ट 15 फरवरी को राजकोट में खेला जाएगा। कोहली की अनुपस्थिति का मतलब है कि टेस्ट सीरीज में जेम्स एंडरसन के साथ उनकी जुगलबंदी अभी देखने को नहीं मिलेगी। एंडरसन ने कोहली को कुल सात बार आउट किया है, जो किसी भी गेंदबाज द्वारा दाएं हाथ के बल्लेबाज को आउट करने में सबसे ज्यादा है। हालांकि, बतौर टेस्ट बल्लेबाज विराट कोहली का रिकॉर्ड भी बेहद खतरनाक है।

फ्रेज़र-मैकगर्क को सभी प्रारूपों का खिलाड़ी बनाने का समर्थन करते हैं पोंटिंग

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर रिकी पोंटिंग ने चयनकर्ताओं से आग्रह किया है कि घरेलू क्रिकेट, विशेषकर शेफील्ड शील्ड और साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए वनडे क्रिकेट में युवा खिलाड़ी जेक फ्रेजर-मैकगर्क के विस्फोटक प्रदर्शन के बाद उन्हें ऑस्ट्रेलिया की तीनों प्रारूपों की राष्ट्रीय टीम में शामिल किया जाए।

21 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले रविवार को एससीजी में वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला के शुरूआती वनडे मैच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया। उन्होंने 18 गेंदों में 41 रन बनाए, जिसमें श्रृंखला के अंतिम एकदिवसीय मैच में सात गेंदों में 31 रन शामिल थे, जिसमें तीन छक्के शामिल थे, एक ऐसी पारी जिसने पोंटिंग को विश्वास के साथ यह घोषित करने के लिए प्रेरित किया कि बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के लिए सभी प्रारूपों का खिलाड़ी हो सकता है।

ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता है कि उनके बारे में कई वर्षों से बात की जा रही है। वह यहां विक्टोरिया में अचानक सामने आए, लेकिन उसके बाद उन्हें ज्यादा अवसर नहीं मिले। वह इस साल दक्षिण ऑस्ट्रेलिया चले गए जहां उन्होंने कुछ काम किए हैं शील्ड क्रिकेट और एक दिवसीय क्रिकेट में काफी आश्चर्यजनक चीजें हैं।

पोंटिंग ने एसईएन 1170 मॉर्निंग्स से कहा, मेरा मतलब है, उसने तस्मानिया के खिलाफ 29 गेंदों में 100 रन बनाए... मुझे लगता है कि उस तरह की प्रतिभा इतनी बार सामने नहीं आती है। आप देख सकते हैं कि लोग बाहर जाते हैं और खेलते हैं, आप देख सकते हैं कि लोग रन बनाते हैं, लेकिन कभी-कभी ऐसा होता है। वे ऐसा करते हैं जो वास्तव में अलग दिखता है और इस साल उनकी बिग बैश में कुछ पारियां उल्लेखनीय थीं। इसके अलावा, पोंटिंग ने फ्रेजर-मैकगर्क की तेज प्रगति की तुलना डेविड वार्नर से की, जिन्होंने तीनों प्रारूपों में सर्वकालिक महान बनने से पहले न्यू साउथ वेल्स के लिए एक दिवसीय और टी20 क्रिकेट खेला था।

डेविड वॉर्नर बिल्कुल इसी तरह से मैदान पर उतरे। ऑस्ट्रेलियाई टी20 टीम में चुने जाने से पहले उन्होंने न्यू साउथ वेल्स के लिए कुछ एक दिवसीय क्रिकेट और न्यू साउथ वेल्स के लिए टी20 क्रिकेट खेला। एमसीजी में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उनके पहले गेम में मैं दूसरे छोर पर था और उन्होंने डेल स्टेन, मोर्ने मोर्कल और इन लोगों को ऐसे दिखाया जैसे वे क्लब के गेंदबाज हों। यही वह जगह है जहां उनके (वार्नर के) अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत हुई।

सार संक्षेप

शेल्टन ने डलास डेब्यू में हमवतन ममोह को हराया

डलास (यूएस)। बेन शेल्टन ने आक्रामक ऑल-कोर्ट गेम के साथ डलास ओपन में शानदार शुरुआत करते हुए साथी अमेरिकी माइकल ममोह को 6-3, 6-3 से हराया और छठी बार टूर-स्तरीय क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। ऑस्ट्रेलियन ओपन में एड्रियन मन्नारिनो से तीसरे दौर में हार के बाद अपने पहले मैच में तीसरी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने सर्विस पर केवल तीन अंक गंवाए और बुधवार रात को 63 मिनट की जीत में 23 विनर्स लगाए। क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी का सामना सातवीं वरीयता प्राप्त जॉर्डन थॉम्पसन या भाग्यशाली हारे हुए डेनिस कुडला से होगा। अन्य मैचों में ऑस्ट्रेलियाई जेम्स डकवर्थ ने बुधवार को क्रिस्टोफर यूबैंक्स के खिलाफ 7-6(3), 6-4 से जीत के साथ शुरुआती उलटफेर किया। अमेरिकी मार्कोस गिरोन ने भी उलटफेर करते हुए छठी वरीयता प्राप्त मैक्स परसेल को हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। टॉमी पॉल ने जापान के टारो डेनियल को 6-3, 6-2 से हराकर दिन का खेल समाप्त कर दिया। उनके क्वार्टर फाइनल प्रतिद्वंद्वी आठवीं वरीयता प्राप्त डोमिनिक कोएपफेर या रिंकी हिजिकाता होंगे।

बेंगलुरु ओपन में प्रज्ञवल देव को मिली वाइल्ड कार्ड एंट्री

बेंगलुरु। कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस एसोसिएशन (केएसएलटीए) ने बेंगलुरु ओपन एटीपी चैलेंजर 80 सीरीज टेनिस टूर्नामेंट के एकल मुख्य ड्रॉ में प्रज्ञवल देव को वाइल्ड कार्ड एंट्री दी है। 27 वर्षीय प्रज्ञवल देव को पाकिस्तान के खिलाफ हाल के मुकाबले के लिए भारतीय डेविस कप टीम में रिजर्व भी नामित किया गया था। देव के लिए 2023 सीजन अच्छा रहा, जिसमें वह थाईलैंड में आईटीएफ 15के इवेंट में उपविजेता रहे और मैसूर सहित तीन अन्य टूर्नामेंटों में सेमीफाइनल तक भी पहुंचे। प्रज्वल देव ने कहा, मैं मुख्य ड्रॉ में खेलने के अवसर के लिए केएसएलटीए को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुझे वाइल्ड कार्ड प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है और मैं टूर्नामेंट का इंतजार कर रहा हूं। उम्मीद है, मैं अच्छा प्रदर्शन कर सकता हूं। डेविस कपर्स के एक्शन में होने से केएसएलटीए जल्द ही टूर्नामेंट के लिए और अधिक मुख्य ड्रा वाइल्ड कार्ड की घोषणा करेगा जो 18 फरवरी को समाप्त होगा। टूर्नामेंट निदेशक सुनील यजमान ने कहा, प्रज्वल में जल्द ही शीर्ष 500 में शामिल होने की क्षमता है, और हम उसे जल्द से जल्द उपलब्धि हासिल करने का मौका देना चाहते हैं। वह एक बहुत ही प्रतिभाशाली खिलाड़ी है, और सही समय पर समर्थन एक खिलाड़ी की जरूरत है। हम हमेशा प्रयास करते हैं कि स्थानीय प्रतिभाओं को समर्थन मिले। प्रज्वल को यह मौका देकर हमें खुशी हो रही है। उम्मीद है कि वह इसका पूरा फायदा उठाएंगे।

भारत ने इंग्लैंड को हराकर पहली बार अंतरराष्ट्रीय पैरा क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता

अहमदाबाद, 8 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय शारीरिक विकलांग क्रिकेट टीम ने डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट काउंसिल ऑफ इंडिया (डीसीसीआई) द्वारा आयोजित देश की पहली अंतरराष्ट्रीय शारीरिक रूप से विकलांग पांच मैचों की टी20 सीरीज के दौरान इंग्लैंड पर 4-1 से सीरीज जीत हासिल की। टी20 श्रृंखला के पांच मैच अहमदाबाद में हुए और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के संरक्षण में गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित किए गए। इसमें भारतीय और अंग्रेजी शारीरिक रूप से विकलांग क्रिकेट टीमों के बीच गहन मैचअप दिखाया गया, जिसके दौरान भारत उनमें से चार में विजयी हुआ, और इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 से श्रृंखला जीत हासिल की। अंतरराष्ट्रीय शारीरिक रूप से अक्षम टी20 क्रिकेट श्रृंखला ने भारत में दिव्यांग क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित किया, जिससे प्रतिभाशाली पैरा क्रिकेटरों को अपने कौशल का प्रदर्शन करने और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान किया गया। श्रृंखला की जीत पर अपने विचार साझा करते हुए, भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) के महासचिव, रविकांत चौहान ने कहा, स्वयं का निरंतर समर्थन न केवल हमें प्रेरित करता है, बल्कि दिव्यांग क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में भी हमारी सहायता करता है। अंतर्राष्ट्रीय शारीरिक रूप से अक्षम टी20 क्रिकेट श्रृंखला की मेजबानी भारत में दिव्यांग क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

टेस्ट क्रिकेट पर सीमाएं लगाने से इसके विकास में मदद नहीं मिलेगी : स्टुअर्ट ब्रॉड

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड टेस्ट क्रिकेट में क्रांति लाने के मुखर समर्थक के रूप में उभरे हैं और उन्होंने टी20 क्रिकेट के विस्फोटक आकर्षण के साथ-साथ इसकी स्थायी प्रासंगिकता सुनिश्चित करने के लिए साहसिक रणनीतियों का प्रस्ताव दिया है।

सबसे लंबे प्रारूप की वित्तीय व्यवहार्यता और वैश्विक अपील के बारे में चर्चा के बीच, ब्रॉड ने टेस्ट क्रिकेट से अपनी बाधाओं को दूर करने और प्रायोजन के अवसरों को अपनाने की भावुक अपील की। अपने स्वयं के अनुभवों पर विचार करते हुए, ब्रॉड ने टेस्ट क्रिकेट और टी20 प्रारूप के बीच व्यवसायीकरण में भारी अंतर पर प्रकाश डाला, और संभावित राजस्व धाराओं को बाधित करने वाले कठोर नियमों पर अफसोस जताया।

ब्रॉड ने स्पोर्ट्सबूम से कहा, सीमाएँ काम नहीं करतीं। इसलिए निश्चित रूप से टेस्ट मैच क्रिकेट को साझेदारों के लिए खोलने और इस तरह से वित्त लाने की गुंजाइश है। टी20 क्रिकेट में आपको केवल शर्ट को देखना है। आपको प्रायोजक, प्रायोजक, प्रायोजक मिल गया है - फॉर्मूला 1 की तरह। टेस्ट क्रिकेट इतना सीमित और इतना संरचित है कि मेरे स्वेट बैंड पर एडिडास का लोगो होने के कारण मुझे डांटा जाता था। इसके लिए आपको जुर्माना देना होगा, इसलिए सीमाएं काम नहीं करतीं। ब्रॉड की दृष्टि केवल वित्तीय विचारों से परे फैली हुई है; यह क्रिकेट के महाशक्तियों और उभरते देशों के बीच की खाई को पाटने, खेल के भीतर अधिक समानता को बढ़ावा देने के बारे में है।

टी20 विश्व कप में बुमराह, कोहली और रोहित भारत के लिए प्रमुख खिलाड़ी होंगे : वर्नोन फिलेंडर

जोहान्सबर्ग, 8 फरवरी (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी वर्नोन फिलेंडर का मानना है कि 1 जून से शुरू होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में भारत के लिए जसप्रीत बुमराह, विराट कोहली और रोहित शर्मा प्रमुख खिलाड़ी होंगे। शोपीस इवेंट वेस्टइंडीज और यूएसए में खेला जाएगा, जिसमें 20 टीमें हिस्सा लेंगी। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय चयनकर्ता टूर्नामेंट के लिए किस टीम का चयन करते हैं। फिलेंडर ने भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह की प्रशंसा की और कहा, वे (बुमराह, कोहली, रोहित) हमेशा बड़े मैच के खिलाड़ी होते हैं। वे उन क्षणों के लिए जीते हैं, वे प्रमुख खिलाड़ी बनने वाले हैं। बुमराह का होना हमेशा सकारात्मक होता है। आपको कैरेबियन में एक मुश्किल सतह मिलती है, उम्मीद है कि वे बड़े मैच के खिलाड़ी हैं और वे भारत की सफलता में भूमिका निभाएंगे। इस पसंदीदा टीम के बारे में पूछे जाने पर पूर्व क्रिकेटर ने कहा, टीम चुनना कठिन है। लेकिन आश्चर्य होगा, आपको कुछ युवा खिलाड़ी दिख सकते हैं। जैसा कि मैंने कहा कि क्रिस्टियन स्टब्स हो सकते हैं। प्लेटफार्म (एसए20) बनाया जा रहा है और कई युवा खिलाड़ी दक्षिण अफ्रीका से आएंगे। मेगा इवेंट में सेमीफाइनलिस्टों के लिए अपनी भविष्यवाणी पर, फिलेंडर ने साझा किया भारत वहां होगा। ऑस्ट्रेलिया... यह दक्षिण अफ्रीका टीम, उन्होंने 50 ओवर के विश्व कप में कैसा प्रदर्शन किया, मुझे नहीं लगता कि बहुत से लोगों ने इसके बारे में सोचा होगा।

जेम्स एंडरसन अद्भुत हैं, जबकि जसप्रीत बुमराह अफलातून खिलाड़ी हैं: माइकल क्लार्क

नई दिल्ली, 8 फरवरी (एजेंसियां) ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क विशाखापत्तनम में दोनों देशों के बीच खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में भारत के जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन के शानदार प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध हो गए, जिसे मेजबान टीम ने 106 रनों से जीत लिया।

क्लार्क ने भारतीय तेज गेंदबाज को अफलातून करार दिया क्योंकि बुमराह की रिवर्स स्विंग में महारत के मंत्रमुग्ध कर देने वाले प्रदर्शन ने उन्हें दूसरे टेस्ट में नौ विकेट लेने में मदद की। तेज गेंदबाजों के लिए सहायता से रहित पिच पर उनके खिलाफ खड़ी बाधाओं के बीच, बुमराह की मूवमेंट निकालने और इंग्लैंड की बल्लेबाजी लाइनअप पर कहर बरपाने ????की अदभुत क्षमता ने क्लार्क को आश्चर्यचकित कर दिया।

घातक रिवर्स-स्विंगिंग यॉर्कर से ओली पोप को चकमा देने से लेकर अपनी जादुई गेंद से बेन स्टोक्स के स्टंप को चकनाचूर करने तक, बुमराह की वीरता ने भारत को शानदार वापसी के लिए प्रेरित किया, जिससे उन्हें प्रतिष्ठित प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

माइकल क्लार्क ने ईएसपीएन अराउंड द विकेट शो से कहा, अभूतपूर्व प्रयास, शारीरिक, मानसिक और एक तेज गेंदबाज के लिए अब पहले से कहीं अधिक मांगें हैं। गेंद के साथ जेम्स एंडरसन ने दूसरे टेस्ट में, एक सपाट बल्लेबाजी पिच पर, जिसमें ज्यादा कुछ नहीं था, अद्भुत प्रदर्शन किया था। तेज़ गेंदबाजी और बुमराह, आप क्या कह

■ तेज़ गेंदबाजी और बुमराह, आप क्या कह सकते हैं! वह एक अफलातूनी खिलाड़ी है। उन परिस्थितियों में उसके कौशल का उपयोग करना जो तेज़ गेंदबाज़ी के लिए अनुकूल नहीं हैं, उफ़, यह अविश्वसनीय है : माइकल क्लार्क

सकते हैं! वह एक अफलातूनी खिलाड़ी है। उन परिस्थितियों में उसके कौशल का उपयोग करना जो तेज़ गेंदबाज़ी के लिए अनुकूल नहीं हैं, उफ़, यह अविश्वसनीय है। लेकिन बुमराह की वीरता को लेकर उत्साह के बीच, क्लार्क ने इंग्लैंड के दिग्गज जेम्स एंडरसन की स्थायी प्रतिभा को तुरंत स्वीकार कर लिया। अपनी उम्र और अनुकूलनशीलता पर जांच और संदेह का सामना करने के बावजूद, अनुभवी प्रचारक ने सीम बॉलिंग में मास्टरक्लास के साथ अपने आलोचकों को चुप करा दिया। एंडरसन ने दोनों पारियों में पांच विकेट लिए और 35 ओवर फेंके, एंडरसन ने शानदार प्रदर्शन किया, महत्वपूर्ण विकेट लिए और इंग्लैंड के गेंदबाजी आक्रमण को आवश्यक नियंत्रण प्रदान किया। महानता का एक बड़ा हिस्सा दीर्घायु है, चाहे आप कुछ भी करें। वह उन उतार-चढ़ाव से गुजरा है। हां, उसे कुछ चोटें लगी हैं। लेकिन, इतने लंबे समय तक इतनी क्रिकेट खेलने में सक्षम होना अभूतपूर्व है . फिर, मुझे लगता है कि उन्होंने उस टेस्ट मैच में अपनी क्लास और कौशल दिखाया। इंग्लैंड में उनका रिकॉर्ड अजीब है। हमेशा ऐसी चर्चा होती है कि वह केवल अपने ही घर में खेल सकते हैं। लेकिन वह दिखाते रहते हैं कि ऐसा नहीं है। मुझे लगता है कि वह इस टीम का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मुझे लगता है कि बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम को इस समूह का हिस्सा बनना पसंद है। और ऐसा नहीं लगता कि वह रुकने वाले हैं। अगर वह दूसरे टेस्ट मैच में जिस तरह से गेंदबाजी करते रहे, उसी तरह से गेंदबाजी करते रहे, तो उनमें बहुत अधिक क्रिकेट बाकी है।